सुप्रभात
रांची, बुधवार
31.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 22




12 ग्लोबल इन्वेस्टर्स की नजर भारत पर

## न्यूज डायरी

### ठनका की चपेट में आने से तीन किसानों की मौत

**रांची।** बेड़ो इलाके में वज्रपात की चपेट में आने से तीन किसान की मौत हो गयी। पांच लोग झुलस गये। मांडर रेफरल अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। इनमें से दो को गंभीर हालत में रिम्स रेफर कर दिया गया है। मृतकों में बसकी गांव के नीरज उरांव (36), कैम्बो गांव के सलमून एक्का, संजय एक्का (22) और रातू तिलता के राजेश उरांव (20 वर्ष) शामिल हैं। तीनों किसान खेत में काम कर रहे थे।

### वन रैंक वन पेंशन मामले में केंद्र को दो लाख का जुर्माना

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'वन रैंक वन' पेंशन योजना के अनुसार सेवानिवृत्त कैप्टन को पेंशन का भुगतान नहीं करने पर मंगलवार केंद्र सरकार की खिंचाई और उस पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया। पीठ ने कहा कि इस राशि को सेना के कल्याण कोष में 14 नवंबर तक जमा किया जाये।

### देवघर में हादसा, रांची के कांवरिये की मौत

**देवघर।** सोमवार की देर रात कांवरियों से भरी कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी, जिसमें एक की मौत हो गयी है, जबकि चार लोग घायल हैं। कार में सवार मृतक रांची के कांके रोड का रहने वाला अनिल कुमार (45 वर्ष) है। जो चार घायल हैं, उनके नाम हर्ष चंद्रा, सुदामा साह, सोमिल्या कुमार (कांके रोड) और पिस्का मोड़ के रहने वाले धीरज कुमार हैं। उनका इलाज देवघर सदर अस्पताल चल रहा है। ये लोग बासुकीनाथ में पूजा करने के बाद रात में ही रांची वापस लौट रहे थे।

### नये राज्यपाल रांची पहुंचे आज लेंगे शपथ

**रांची।** झारखंड के नव नियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार मंगलवार को राज भवन पहुंच गये हैं। वह बुधवार को सुबह 9 बजे राज्य के 12वें राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। उन्हें झारखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद शपथ दिलायेंगे। (पेज 2 भी देखें)

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 64500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 85000 रु./प्रति किलो |




## चक्रधरपुर में हावड़ा-मुंबई मेल की 18 डिब्बे बेपटरी

# हादसे में तीन की मौत

- रेलवे ने दस-दस लाख मुआवजे देने की घोषणा की
- झारखंड भी परिजनों को देगा 2-2 लाख मुआवजा
- रेलवे पर लापरवाही का आरोप

**खबर मन्त्र टीम**

**जमशेदपुर/रांची/कोलकाता/चाईबासा।** झारखंड में दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल के बड़ाबम्बो- राजखरसावां रेलवे स्टेशन के बीच पोटो बेड़ा गांव के पास मंगलवार तड़के हावड़ा से मुंबई जा रही हावड़ा-मुंबई मेल (12810) के 18 डिब्बे पटरी से उतर गये। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। 22 से अधिक यात्री घायल हैं। रेलवे ने दो यात्रियों की मौत की पुष्टि की है। दक्षिण पूर्व रेलवे के सीपीआरओ बताया कि इस दुर्घटना में 16 कोच यात्री समेत 18 कोच पटरी से उतर गये। पीएम मोदी, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। सीएम श्री सोरेन ने मंत्री बन्ना गुप्ता को राहत और बचाव कार्य की निगरानी करने घटनास्था पर भेजा है।

राहत बचाव कार्य जारी है। रेलवे ने मृतक के परिजनों को 10 लाख और घायलों को एक-एक लाख मुआवजा देने की घोषणा की है। वहीं झारखंड सरकार ने मृत यात्रियों के परिजनों को दो-दो लाख मुआवजा देने की घोषणा की। रेलवे ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिये हैं। चक्रधरपुर पीआरडी के अनुसार, मरने वाले दोनों यात्री (पुरुष) हावड़ा मुंबई मेल के बी-4 कोच में सवार थे।

(शेष पेज 11 पर)




### ट्रेन के शौचालय में मृत पड़े थे दो यात्री

चक्रधरपुर रेल डिवीजन के पीआरओ के अनुसार, यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने की अतिरिक्त व्यस्था की गयी। ट्रेन के शौचालय में दो लोग फंसे थे, जिन्हें बाद में बचाव दल ने बोगी काटकर निकाला। दोनों लोगों की मौत हो चुकी थी। चक्रधरपुर के पास करीब 3:30-3:45 के बीच यह हादसा हुआ. उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है।

### मृतकों की हुई पहचान

रेल प्रशासन ने मृत यात्रियों की पहचान जारी कर दी है। उनके नाम अजीत कुमार शामल और पी विकास राव हैं। दोनों ही युवा थे और टाटानगर से राउरकेला जा रहे थे। दोनों यात्री टॉयलेट के पास खडे थे जिस पर दूसरी बोगी चढ़ गयी ओर दबने से उनकी मौत हो गयी।

### रेलवे की लापरवाही

दक्षिण पूर्व रेलवे के ट्रेन मैनेजर मोहम्मद रेहान ने बताया कि जिस पटरी पर एक मालगाड़ी उतरी थी, उसी पटरी पर 120 की रफ्तार में हावड़ा-मुंबई मेल भी वहां पहुंच गयी। इसी के कारण ये हादसा हुआ। हादसे के बाद अपलाइन प्रभावित है। उन्होंने बताया कि मैं ट्रेन में खड़ा था, तभी अचानक मैं एकाएक गिर गया, उसके बाद एक के बाद एक बोगियां गिरने लगी। मैंने ड्राइवर से बात की तो उसने बताया कि ट्रेन बेपटरी हो गयी है। सबसे बुरा हाल एसी कोच का था।

# भूस्खलन से वायनाड में तबाही

## 125 की मौत, सेना और वायुसेना ने संभाला मोर्चा

- कई गांव तबाह, सैकड़ों लोग फंसे हैं
- केंद्र ने पूरी मदद का दिया भरोसा, केरल में दो दिन का शोक



**एजेंसी**

**वायनाड।** केरल के वायनाड में भारी बारिश के बीच मेप्पाडी के पास विभिन्न पहाड़ी इलाकों में मंगलवार तड़के कई भीषण भूस्खलन में 125 से अधिक लोगों के मरने की आशंका है। अब तक 120 लोगों के शव बरामद किये जा चुके हैं। कई अन्य लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। राहत-बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है। राहत और बचाव कार्य में सेना, वायुसेना और एनडीआरएफ के जवान लगाये गये हैं। खराब मौसम की वजह से सैन्य हेलीकॉप्टरों को वायनाड में उतरने के बजाय कोझिकोड की ओर मोड़ दिया गया। राज्य सरकार ने दो दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है।

**कई मकान और स्कूल नष्ट :** अधिकारियों के अनुसार मंगलवार की सुबह चूरामला अट्टाकाई मुंडाकाई इलाकों में पहला भूस्खलन रात 1.30 बजे हुआ और दूसरा बड़ा भूस्खलन सुबह 4 बजे हुआ। बचावकर्मियों को अट्टामाला और मुंडाकाई के पहाड़ी इलाकों तक पहुंचने में घंटों लग गये। स्थानीय लोगों ने बताया कि घर और स्कूल नष्ट हो गये हैं। घरों में पानी और कीचड़ भर गया है। कई सड़कें बह गयी हैं। पेड़ उखड़ गये और झोपड़ियां नष्ट हो गयी हैं। बाढ़ के पानी में बह गये वाहनों को पेड़ों की टहनियों में फंसे देखा जा सकता है। लगातार बारिश के कारण बचाव अभियान में बाधा आ रही है। बड़े-बड़े पत्थरों के कारण बचाव कर्मियों का रास्ता अवरुद्ध होने के कारण कुछ इलाके पहुंच से बाहर हैं। 400 से अधिक लोग फंसे हुए हैं। चूरामला शहर का पुल ढह गया। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बताया कि वायनाड में 34 शवों की पहचान की जा चुकी है। वायनाड में अग्निशमन बल के 321 सदस्यों को तैनात किया गया है। सेना की सेवाएं भी उपलब्ध करायी गयी हैं। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी और सांसद राहुल गांधी ने यहां आने की पेशकश की है।

### पीएम मोदी ने किया मुआवजे का ऐलान

पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से बात की और उन्हें संकट से निपटने के लिए केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। पीएमओ ने भूस्खलन में मारे गये लोगों के परिवारों के लिए 2 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपये मिलेंगे। वहीं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि भूस्खलन की स्थिति पर पीएम मोदी नजर बनाये हुए हैं. केंद्र सरकार राज्य को हर जरूरी मदद मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से फोन पर बात की है और हर जरूरी सहायता का भरोसा दिया है।

# मनु-सरबजोत की जोड़ी ने देश को दिलाया दूसरा पदक

**पेरिस ओलंपिक**

**एजेंसी**

**पेरिस।** मनु भाकर और सरबजोत सिंह की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में निशानेबाजी 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में देश के लिए दूसरा कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही मनु भाकर ओलंपिक में दूसरा पदक जीतनेवाली भारत की पहली खिलाड़ी बन गयी हैं। पीएम मोदी समेत पूरे देश ने उनकी इस शनदार उपलब्धि पर बधाई दी है। चेटेउरौक्स में खेले गये मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दक्षिण कोरिया की जोड़ी ओह ये जिन और ली वोन्हो को 16-10 से हराकर पदक अपने नाम कर लिया। मुकाबले की शुरूआत में दक्षिण कोरिया की ली वोन्हो और ओह ये जिन की टीम ने पहली सीरीज में बढ़त बनाई थी, लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए 8-2 की बढ़त अपने नाम कर ली। मनु भाकर ने शानदार शुरूआत करते हुए 10.2 का स्कोर हासिल किया। (शेष पेज 11 पर)



# गरीबों को मुफ्त में मिलेगा बालू : सीएम

## सदन में वाकआइट के बीच ध्वनिमत से अनुपूरक बजट पारित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने गरीबों को मुफ्त में बालू मुहैया कराने का फैसला लिया है। सीएम हेमंत ने मंगलवार को विधानसभा में इसकी घोषणा की। बाद में सदन ने हंगामे और वाकआउट के बीच ध्वनिमत से 4833.39 करोड़ का अनुपूरक बजट पास कर दिया। अनुपुरक बजट पारित करने के पहले सीएम ने अपने वक्तव्य में सदन में घोषणा की कि को उनकी सरकार ने नॉन टैक्स पेयर को घर बनाने के लिए मुफ्त में बालू उपलब्ध कराने



फैसला किया है। उन्होंने कहा कि गांव-गरीबों को ध्यान में रखकर ही यह फैसला लिया गया है। इसके बाद विपक्ष के बहिष्कार के बीच सदन में 4833.39 करोड़ अनुपूरक बजट पारित हो गया।

(शेष पेज 11 पर)

### हेमंत का पांच महीने कौन लौटायेगा : कल्पना

विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन सदन में कल्पना सोरेन ने पहला भाषण दिया। इस दौरान सदन में भारी शोरगुल हो रहा था। इस पर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सदस्यों से आसन में बैठने का आग्रह किया। स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को चेतावनी भी दी। स्पीकर के आग्रह को अनदेखी की गयी। स्पीकर ने कल्पना सोरेन को अपना भाषण जारी रखने का निर्देश दिया। कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन के पांच महीने कौन वापस लाकर देगा। कल्पना सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुये कहा कि लोकसभा की तरह विधानसभा चुनाव में भी इनको मुंह की खानी पड़ेगी। ये लोग पूर्ण बहुमत वाली सरकार को बार-बार गिराने का काम किया। उन्होंने कहा कि यह झारखंड है, यह गुजरात मॉडल पर नहीं चलेगा। इन लोगों ने बिना कसूर के एक चुने हुए आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया। उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दोनों पक्षों के विधायकों से बैठने का निवेदन किया। उन्होंने कहा कि मेरा पहला स्पीच है, कृपया बैठ जायें। उन्होंने अपना भाषण शुरू करने से पहले सीएम हेमंत सोरेन और सदन के सभी सदस्यों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता हेमंत सरकार के साथ खड़ी है। भाजपा के लोग राज्य का विकास नहीं चाहते हैं।



PR No. 330663 (Transport) IPRD 24-25

# सीएम ने नए राज्यपाल संतोष गंगवार का किया स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के मनोनीत राज्यपाल संतोष गंगवार का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो, मंत्री रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बैद्यनाथ राम, मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन, बेबी देवी, दीपक बिरुआ, दीपिका पांडे सिंह, इरफान अंसारी, विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजीपी अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग वंदना दादेल आदि थे।

### राज्यपाल के रूप में आज शपथ लेंगे संतोष गंगवार

**रांची।** झारखंड के नव नियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार राज भवन पहुंच गये हैं। 31 जुलाई की सुबह 9 बजे वह राज्य के 12वें राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद संतोष गंगवार को पद की शपथ दिलायेंगे।

# झारखंड से विदा हुए सीपी राधाकृष्णन, सीएम ने दी विदाई

### पत्नी कल्पना संग राज्यपाल से मिले सीएम हेमंत सोरेन



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मंगलवार को झारखंड से विदा हो गये। उन्हें महाराष्ट्र के नये राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट परिसर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सीपी राधाकृष्णन को भावपूर्ण विदाई दी। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद नलिन सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कैबिनेट सचिव वंदना दादेल सहित राज्य सरकार वरीय पदाधिकारी भी मौजूद थे। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में मुलाकात की।

मौके पर हेमंत सोरेन ने राज्यपाल राधाकृष्णन को सप्रेम पुष्पगुच्छ भेंट किया और उनके सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन के लिये उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का स्नेह, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन झारखंडवासियों को सदैव मिलता रहेगा।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: सीकेपी-सेंट्रल-24-25-09, दिनांक 29.07.2024,** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर इस तरह का कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उस पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** चक्रधरपुर मंडल के बंडामुंडा-बिमलगढ़ अनुभाग में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/वर्क्स/डुमेत्रा के क्षेत्राधिकार के अधीन चांदीपोसी-पाटासाही के बीच ढलान संरक्षण के लिए शेष बचा हुआ कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 4,30,23,793.49; **ईएमडीः** रु. 3,65,100; **निविदा प्रपत्र की कीमतः** रु. 0.00; **खुलने की तारीखः** 20.08.2024; निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **(PR-432)**


## प्रकाश कुमार वर्मा बने खेल निदेशालय के नए एएसओ

**रांची।** झारखंड खेल निदेशालय के प्रकाश कुमार वर्मा को सहायक प्रशाखा पदाधिकारी (एएसओ) बनाया गया है। प्रकाश वर्मा इससे पहले सांस्कृतिक निदेशालय में थे। जारी आदेश में खेल निदेशालय झारखंड में एक भी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी नहीं रहने के कारण कार्यों के संपादन में परेशानी हो रही थी। जिसे लेकर क्रीड़ा निदेशालय में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी की पदस्थापन की गई है।

## पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर राहत बचाव कार्य जारी

# चाईबासा से पहुंची जगुआर की टीम 18 यात्री चक्रधरपुर अस्पताल में भर्ती

**चक्रधरपुर रेल हादसा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चाईबासा के चक्रधरपुर रेल मंडल के बड़ाबांबो हावड़ा से मुंबई जाने वाली 12810 हावड़ा मुंबई मेल एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जैप और आईआरबी के जवानों को राहत बचाव कार्य में जुटे रहे। कोल्हान डीआइजी, चाईबासा डीसी और एसपी के नेतृत्व में सबसे पहले टीम घटनास्थल पर पहुंची। सरायकेला एसपी भी सुबह से घटनास्थल पर कैंपकर राहत कार्य में जुटे रहे। दुर्घटना में प्रभावित अन्य सभी यात्रियों को बसों, रिजर्व एंबुलेंस और विशेष ट्रेन के माध्यम से चकधरपुर रेलवे स्टेशन ले जाया गया।

पुलिस मुख्यालय झारखंड और जिला पुलिस के वरीय पदाधिकारियों ने सामंजस्य स्थापित करते हुए अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी।

बता दें कि पुलिस मुख्यालय के अनुसार, इस दुर्घटना में घायल हुए करीब 18 लोगों को चक्रधरपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। दुर्घटना में अब तक दो लोगों के मौत होने की सूचना है। बाकी यात्रियों को बस से चक्रधरपुर भेजा गया। दुर्घटना में हावड़ा-मुंबई मेल (ट्रेन संख्या 12810) के कुल 18 डिब्बे साथ ही मालगाड़ी का एक डिब्बा भी प्रभावित हुआ।

**सभी अस्पतालों को किया गया है अलर्ट** : पुलिस मुख्यालय ने बताया कि सरायकेला, चक्रधरपुर और जमशेदपुर के सभी अस्पतालों को अलर्ट किया गया है। घायलों को अविलंब रेस्क्यू कर चक्रधरपुर के निकट अस्पताल में पुलिस वाहन और एंबुलेंस से भेजा गया, ताकि यथाशीघ्र उनका इलाज प्रारंभ हो सके। चाईबासा और सरायकेला से भी खाली बसों को मंगाया गया, ताकि यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर भेजा जा सके। झारखंड पुलिस ने सरायकेला, चक्रधरपुर और जमशेदपुर के टीएमएच, एमजीएम और सदर अस्पताल को अलर्ट मोड पर रखने को कहा है।

## झारखंड में कई ट्रेनें रद्द, कई का किया गया शॉर्ट टर्मिनेशन

**रांची।** झारखंड में मंगलवार को हावड़ा से मुंबई जाने वाली मुंबई-हावड़ा मेल हादसे के बाद इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया है। रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है। कई के मार्ग बदले हैं और कई ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेशन कर दिया है। हालांकि, रेलवे के अधिकारी ट्रेन को फिर से सुचारू रूप से परिचालन के लिए काम कर रहे हैं।

**इन ट्रेनों को किया रद्दः** हावड़ा-टिटलागढ़-कांतबांजी एक्सप्रेस, खड़गपुर-झारग्राम-धनबाद एक्सप्रेस, हावड़ा-बारबिल-हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस, टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस, शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस।

**शॉर्ट टर्मिनेट हुई ये ट्रेनें** : बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस अब राउरकेला तक ही जायेगी। एनार्कुलम-टाटानगर एक्सप्रेस अब चक्रधरपुर तक ही जायेगी। हावड़ा-चक्रधरपुर एक्सप्रेस अब आद्रा तक ही जायेगी। इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस अब बिलासपुर तक ही जायेगी।

**हेल्पलाइन नंबरः** सरायकेला खरसावां-6204800965, 8789080490, टाटानगर - 0657-2290324, रेलवे - 73523, चक्रधरपुर 06587-238072, रेलवे -72770, राउरकेला-0661-2501072, 0661-2500244, 0661-2500191, 0661-2500171, झारसुगुड़ा- 06645-272530

## चक्रधरपुर रेल मंडल में रेल हादसे पर कांग्रेस ने रेल मंत्री से मांगा इस्तीफा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सरायकेला के चक्रधरपुर रेल मंडल में हुए रेल हादसे पर कांग्रेस भवन में मीडिया से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि केंद्र की सरकार बुलेट ट्रेन चलाने की बात करती है लेकिन जो ट्रेन चल रही है, उसकी सुरक्षा नहीं है। हर हफ्ते ट्रेन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि अविलंब रेल मंत्री इस्तीफा दें। उन्होंने कहा कि पूरे देश में लगातार वर्षों से रेल हादसे हो रहे हैं लेकिन रेल मंत्री इसे रोकने और रेलवे के सुद्दृढ़ीकरण के लिए किसी भी प्रकार की कारवाई नहीं कर रहे हैं और जो भी कारवाई हो रही है वह सिर्फ दिखावे के लिए है। वास्तविकता यह है कि जान-बूझकर रेल मंत्रालय इस दिशा में कोई कारवाई नहीं कर रहा है ताकि रेवले की बुनियादी ढांचे को कमजोर बताकर इसके निजीकरण की दिशा में कदम बढ़ाया जा सके। रेल मंत्री की इस मानसिकता को देखकर हादसे में मारे गये लोगों की मौत का जिम्मेवार उन्हें मानकर उनके खिलाफ गैर जिम्मेदारना हत्या का मामला दर्ज करना चाहिए।

**विभाग ने जैक के आदेश पर लगायी रोक**

## अब इंटर के सभी संकायों में 512 सीटों पर हो सकेगा एडमिशन!

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अब राज्य के इंटर कॉलेजों में सभी संकायों में 512 विद्यार्थियों का एडमिशन हो सकेगा। स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव उमा शंकर सिंह ने जैक के आदेश पर रोक लगा दी है। बताते चलें कि जैक के पुराने आदेश में 384 छात्रों के एडमिशन का निर्देश था। विभाग ने जैक के आदेश को संशोधित करते हुए सभी प्रस्वीकृति प्राप्त स्कूलों में एक यूनिट यानि कि 128 सीटें बढ़ा दी है। अब राज्य के प्रस्वीकृति प्राप्त इंटर कॉलेजों में 512 सीटों पर एडमिशन लिये जा सकेंगे। इससे संबंधित आदेश विभाग की ओर से जारी कर दिया गया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची**

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन
आमंत्रण शुद्धि सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–2265 (अनु०) दिनांक–25.07.2024 पी०आर०संख्या–330754 (भवन) 2024–25D द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–25/2024–25 जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री दिनांक 01.08.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक एवं निविदा प्राप्ति दिनांक 01.08.2024 को 3.00 (तीन) बजे तक है, के क्रम संख्या 10 में अंकित अग्रधन की राशि 1400.00 के स्थान पर 27400.00 पढा जाय। निविदा की शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची

PR.NO.331272 Building(24-25):D

**कार्यालय, नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)**
**Email Id- nagarpanchayatbundu@gmail.com**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2024-25

कार्यालय का नाम – नगर पंचायत ,बुंडू
विज्ञापनदाता का पदनाम – कार्यपालक पदाधिकारी ,नगर पंचायत ,बुंडू (रांची)
कोटेशन प्राप्ति की तिथि – दिनांक 06.08.2024 को 2:00 बजे अपराह्न
कोटेशन खोलने की तिथि – दिनांक 07.08.2024 को 3:00 बजे अपराह्न

कार्य की विवरणी

| क्रम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Rain water Harvesting System at Nagar Panchayat Bundu Office | 4,96,107.00 | 10000.00 | 1000.00 |

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट/विभागीय Website www.udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 331229 Urban Development(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –06/2024–25 द्वितीय आमंत्रण

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 02/08/2024 के अपराह्न 04.00 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 10/08/2024 को 5.00 बजे अपराह्न तक
5. सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय – 10/08/2024 के अपराह्न 5.00 बजे से। प्रमण्डल झारखण्ड
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 12/08/2024 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
8. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नम्बर – 7488491963
9. ई–प्राक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर – 7488491963
10. कार्य की विवरणी

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Operation and maintenance of Gumla urban W/S/S by outsourcing agency including providing all manpower's, chemicals, reagents different materials etc. required for successful operation of the scheme including repair of all civil structures (Intake well, Infiltration wells, gallery, WTP, ESR), Rising & Distribution pipelines, mechanical & electrical equipments etc. all complete job on "Turn-key basis" to provide drinking water confirming WHO norms for the Year 2024-25 (15-08-24 to 31-03-25) | 29,34,688.00 | 59,000.00 | 5,000.00 | 31-03-2025 |

निविदा की नियम एवं शर्ते :–कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
गुमला

PR 331255 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

**कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची**
**(अभियंत्रण शाखा)**

अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना
संख्या –08/2024–2025

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद रॉंची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद रॉंची। जिला अभियंता, जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 06.08.2024 (अपराह्न 2.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 07.08.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 07.08.2024 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र०सं० | प्रखण्ड/शहरी क्षेत्र | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | ORMANJHI | GAGARI | ग्राम उलातू शंकर चौक के पास सामुदायिक भवन और डीप बोरिंग–सह–प्याऊ का निर्माण। | 31,51,900.00 | 64000.00 | 5000.00 | छः माह |
| 02 | ORMANJHI | GAGARI | सामुदायिक भवन को अतिक्रमण से बचाने हेतु चहारदीवारी निर्माण कार्य। | 38,36,300.00 | 77000.00 | 5000.00 | छः माह |

**नोटः** 1. निविदा की अन्य शर्ते जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में **जिला परिषद, रॉंची** अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद रॉंची।

PR 331191 (Panchayati Raj) 24-25 (D)


## 4 लाख लेकर सीओ ने नहीं किया म्यूटेशन, होगी जांच

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चतरा जिले के प्रतापपुर अंचल के निवर्तमान सीओ नित्यानंद दास पर एक महिला ने गंभीर आरोप लगाये हैं। प्रतापपुर इलाके की रहने वाली महिला ने सीओ नित्यानंद दास पर जमीन म्यूटेशन को लेकर 4 लाख घूस लेने का आरोप लगाया है। आरोप लगाने वाली महिला ने एक वीडियो जारी किया है। उस वीडियो में बताया है कि जब सीओ नित्यानंद दास का ट्रांसफर हजारीबाग के विष्णुगढ़ कर दिया गया तो सीओ ने बहुत मुश्किल से रिश्वत के पैसे वापस करने की हामी भरी। मामला तूल पकड़ता देख खुद के खाते से 50 हजार रुपये भी ट्रांसफर किये। फिर 80 हजार कैश अंचल के कर्मचारी नारायण झा के जरिये उनके घर भेजा। जब सीओ ने कर्मचारी को पैसे देने भेजा, उस समय महिला और उसके घर वालों ने अपने मोबाइल से वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि दैनिक खबर मन्त्र नहीं करता है। हालांकि निवर्तमान सीओ का कहना है कि महिला का आरोप निराधार है। यह वीडियो काफी पुराना है। वीडियो सामने आने के बाद चतरा जिले के एसडीओ इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

## जिस मकान को तोड़ा उसे फिर से बनाएं और पीड़ित को दें पांच लाख मुआवजाः हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हाईकोर्ट ने अतिक्रमण बताकर तोड़े गए मकान को फिर से बनाने और प्रार्थी को पांच लाख मुआवजा देने का निर्देश सरकार को दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जब हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में प्रार्थी ने निर्धारित समय में अपीलीय प्राधिकार के समक्ष अपील दाखिल कर दिया था और मकान नहीं तोड़ने का कोर्ट का आदेश सीओ के समक्ष लाया था, इसके बाद भी उनका मकान क्यों तोड़ा गया। मकान तोड़ने के पहले झारखंड पब्लिक लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत कोई कार्यवाही भी नहीं चलाई गई। मंगलवार को एक याचिका की सुनवाई करते हुए अदालत ने यह निर्देश दिया।

इस संबंध में ओमप्रकाश ने याचिका दायर की है। प्रार्थी ओमप्रकाश को दुमका सदर सीओ ने झारखंड लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत उनके जमीन को अतिक्रमण बताते हुए दो सप्ताह में उसे हटाने का नोटिस 8 जून 2016 को दिया था। इसके बाद सीओ ने एक और आदेश पारित किया जिसमें प्रार्थी की जमीन को पब्लिक लैंड बता कर अतिक्रमण एक सप्ताह में हटाने का आदेश दिया, ऐसा नहीं करने पर उसे तोड़ने का आदेश दिया गया था। इसके खिलाफ प्रार्थी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। प्रार्थी ने कोर्ट को बताया कि उनकी जमीन जो किसी के द्वारा दान दी गयी है उसपर वह वर्ष 1949 से रह रहे हैं। उसे अतिक्रमण बताते हुए तोड़ने का आदेश सीओ ने दिया है।

## ग्रामीण विकास मंत्री से मिले डॉ राकेश किरण सड़क और पुल-पुलिया निर्माण की रखी मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से झारखंड मंत्रालय में मिलकर सिल्ली विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत सिल्ली, सोनाहातु एवं राहे प्रखण्ड के कुल 12 ग्रामीण पथों एवं पुलों के निर्माण की मांग की। जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने विभागीय मंत्री को अवगत कराया कि पिछले दिनों जिला कमिटी द्वारा तीनों प्रखण्डों में जन सहायता शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें इन जर्जर पथों एवं पुलों के निर्माण कराने का लिखित आग्रह स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा किया गया था। इनके निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी से निजात मिलेगा।

जिलाध्यक्ष डॉ महतो की मांग को गम्भीरता से लेते हुए मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को सरकार गंभीरता से लेगी और इन ग्रामीण पथों एवं पुलों के निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर करायेगी। मंत्री ने विभाग के सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि इन पथों एवं पुलों के निर्माण के लिए यथाशीघ्र डीपीआर बनाया जाए। जल्द ही, स्थानीय ग्रामीणों की मांग पूरी होगी। जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने माननीय मंत्री का इसके लिए आभार जताया।

## राज्यसभा में जदयू के सचेतक बने खीरू महतो, मिली बधाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जदयू के नेता और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा द्वारा प्रदेश जदयू अध्यक्ष एवं सांसद खीरू महतो को राज्यसभा में पार्टी का संसदीय सचेतक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में उन्होंने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र प्रेषित कर सूचित किया है। खीरू महतो को राज्यसभा में पार्टी का संसदीय सचेतक नियुक्त होने पर प्रदेश जदयू नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा के प्रति आभार प्रकट किया है। जदयू नेता डॉ आफताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, पिंटू सिंह, संजय सिंह, दुष्यंत पटेल, आशा शर्मा, संतोष सोनी, अखिलेश राय, दीपनारायण सिंह, लालचन महतो, उपेंद्र सिंह एवं अन्य ने उन्हें बधाई दी है।


**नोटिस**

**ADVOCATE JWALA PRASAD SONI**
ROAD BERO RANCHI
PIN-835202
ENROLMENT NUMBER-94/2012
AIBE/04/JH/0382

सर्प्रसधारण को सुचित किया जाता हैं कि मेरा जमीन से संबधित डीड न0 9930 दिनांक 17. 12.1993 एवं डीड न0 4002 दिनांक 14.05.1996 एवं डीड न0 4002 दिनांक 14.05.1996 का चिरकुट जो मौजा बेड़ों थाना न0 76 बेड़ो जिला रांची खाता न0 71 प्लाट न० 1956 रकवा 15 डीसमल एवं खाता न0 71 प्लाट न० 1956 रकवा 15 डीसमल कही गुम हो गया यदि किसी को उपरोक्त दस्तावेज मिले तो निम्न पते पर सुचित करने को कृपा करे।

रेणु देवी पति श्री केश्वर प्रसाद मेहता ग्राम एवं पोस्ट बेडों जिला राँची 835202 सदाबहार मैंन रोड रांची फोन न०- 9308691011.


## नेता प्रतिपक्ष ने कहा- विपक्ष का आवाज दबा रही राज्य सरकार

# दलित-पिछड़ों का आरक्षण समाप्त कर रही राज्य की गठबंधन सरकार : अमर बाउरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मॉनसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने विधानसभा अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि स्पीकर सरकार के प्रवक्ता के रूप में सदन में कार्य कर रहे हैं। श्री बाउरी विधानसभा गेट पर पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि स्पीकर विपक्ष की आवाज को दबाने के काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आज पूरा देश सुन रहा है लेकिन झारखंड के नेता प्रतिपक्ष को बोलने नही दिया जा रहा है। हमारे माइक को बंद कर दिया जाता है। उन्होंने स्पीकर पर उच्च न्यायालय के आदेश और गाइडलाइन की अवमानना करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में सरकार को बांग्लादेशियों को चिन्हित कर इसकी जवाबदेही तय करने की बात कही है। लेकिन सदन के अंदर स्पीकर कहते हैं कि झारखंड में कोई घुसपैठ नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार खुद को दलित, आदिवासी, पिछड़ों की हितैषी बताती है लेकिन सच्चाई यह है कि झारखंड में निकलने वाले नियुक्तियों में दलित और पिछड़ी जाति का आरक्षण को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हाल में ही चौकीदार और वनरक्षी की नियुक्ति में अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग में आरक्षण नहीं दिया गया। सरकार से उन्होंने पूछा कि किस आधार पर झारखंड में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को समाप्त किया गया। इसका जवाब सदन के अंदर कांग्रेस के नेता एवं मुख्यमंत्री दें। उन्होंने कहा कि राज्य में जब से यह सरकार आयी हैए यहां अनुसूचित जाति आयोग को खत्म कर दिया। रांची मेयर पद जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गई, उसे साजिश कर हटा दिया गया। ऐसे सभी विषय पर सरकार को जवाब देना होगा।

# एचइसी को टेक ओवर करने के लिए झारखंड सरकार तैयार, भारत सरकार से बात करेंगे सीएम हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** एचईसी की पांच यूनियनों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को झारखंड की कृषि मंत्री दीपिका पाण्डेय और खिजरी विधायक राजेश कच्छप के साथ झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें एचईसी की वर्तमान समस्या से अवगत कराया। प्रतिनिधियों ने कहा कि एचईसी झारखंड की शान है और इसे केंद्र सरकार ने बंदी के कगार पर ला दिया है। यहां पर काम करने वाले कर्मचारियों के 24 महीने से वेतन बकाया है। यूनियन के प्रतिनिधियों से हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड सरकार एचईसी को टेक ओवर करने को तैयार है। वे दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से एचईसी को झारखंड सरकार को देने की बात करेंगे।

**प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा :** प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा और आग्रह किया कि जल्द से जल्द एचईसी के मुद्दे को लेकर ठोस कदम उठाएं, वरना यहां के कर्मी भूखों मर जायेंगे। प्रतिनिधिमंडल में एचईसी की पांच यूनियनों में एचईसी श्रमिक संघ यूनियन के अध्यक्ष शनि सिंह, एचईसी लिमिटेड श्रमिक कर्मचारी यूनियन के महामंत्री प्रकाश कुमार, हटिया कामगार यूनियन के महामंत्री एम पी रामचंद्रन, जनता मजदूर यूनियन के महामंत्री एसजे मुखर्जी तथा हटिया लोकमंच यूनियन के महामंत्री विमल महली शमिल थे।

# कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए सीसीएल और नैसकॉम में समझौता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कर्मचारियों के कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए सीसीएल और नैसकॉम के बीच एक समझौता ज्ञापन पर 30 जुलाई, 2024 को हस्?ताक्षर किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र और नैसकॉम के राष्ट्रीय लीड सुधीर कुमार उपस्थित थे। यह समझौता ज्ञापन सीसीएल कर्मचारियों के बीच डिजिटल जागरुकता बढ़ाने के प्रयास को दशार्ता है। इससे सीसीएल के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में और गति आएगी। इससे नए युग के डिजिटल कौशल में कुशल कार्यबल तैयार करने में मदद मिलेगी।

सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि उभरती हुई डिजिटल तकनीक हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इन तकनीकों में कौशल विकास से ना केवल कर्मियों के कार्य निष्पादन में दक्षता आएगी, बल्कि वे साइबर सुरक्षा और डिजिटल जागरुकता से परिचित होंगे। नैसकॉम के साथ इस तरह का समझौता ज्ञापन करने वाली कोल इंडिया की पहली कंपनी सीसीएल है, जो इसकी डिजिटल परिवर्तन यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जीएम (एचआरडी) आरके पांडे ने निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र और नैसकॉम के फ्यूचरस्किल्स प्राइम के राष्ट्रीय लीड सुधीर कुमार का स्वागत किया। कार्यक्रम में सीसीएल के विभिन्न विभाग और क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

# विस चुनाव से पहले सरकार हमारी मांग पूरी करे नहीं तो सत्ता से कर देंगे बेदखल : ब्रम्हदेव प्रसाद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ओ.बी.सी. एकता अधिकार मंच ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को विधानसभा के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। धरना को संबोधित करते हुए मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रम्हदेव प्रसाद ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पूर्व सरकार हमारी 11 सूत्री मांग पूरा नहीं किया तो सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में 55% प्रतिशत के आबादी ओबेसी की है। राज्य व केंद्र के विकास में हमारी भूमिका होती है ओ.बी.सी. का मतलब ऑगेनाइज बेस्ट कम्युनिटी होता है। हम खेती, किसानी, निर्माण, पशुपालन, व्यापार, नौकरी, उत्पादन, मछली पालन, कपड़ा बुनकर एवं अन्य कुटीर व घरेलू उद्योग सभी हम ऑगेनाइज तरीके से करते हैं हम ग्रामीण क्षेत्रों में रहकर भी देश की अर्थव्यवस्था का रीड की हड्डी है इसके बावजूद भी हमें राज्य व केंद्र सरकार द्वारा छला जाता है हम एकीकृत बिहार में हमारा आरक्षण 27% था परंतु झारखंड राज्य अलग होने के बाद हमारा आरक्षण घटाकर 14% कर दिया गया है यहां तक की 11 जिलों में मेरा स्थानीय नियोजन में आरक्षण ही समाप्त कर दिया गया है।

मौके पर केंद्रीय महासचिव श्रवण कुमार, विजय साहू, गोरखनाथ चौधरी, डॉ राज नारायण सिंह पटेल, वरुण बिहारी यादव, बबलू टाइगर, शकुंतला जयसवाल, मंजू देवी, चंचला देवी, जय चौरसिया, पिंटू यादव, प्रमोद सोनी, संजय ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, शशि कांत गुप्ता, संजय गुप्ता, अशोक प्रसाद, नवीन कुमार, कलामुद्दीन अंसारी, एमडी नसीम अख्तर, बिनोद कुमार पासवान आदि मौजूद थे।

## रांची में आधी रात में बवाल... तीन की जमकर पिटाई

# आक्रोशित लोगों ने घेर लिया था थाना, रिम्स में हुआ हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में कहीं रास्ता का विवाद तो कहीं नशे की हालत में हुई दादागिरी ने किसी का हाथ तोड़ डाला। इन घटनाओं से आक्रोशित लोगों ने थाना घेर लिया। देर रात अधिकारियों ने मामले का निपटारा किया। दूसरे दिन पुलिस ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### केस नंबर एक

**हिंदपीढ़ी थाने में हंगामा :** पहला मामला रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र का है। जहां कुछ नशेड़ियों ने एक युवक की इतनी पिटाई कर दी कि उसका हाथ टूट गया। मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस पर गश्त नहीं करने का आरोप लगाया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आधी रात को हिंदपीढ़ी थाने घेराव करने के लिए पहुंच गये। वहां लोगों ने हंगामा किया। देर रात पुलिस अधिकारियों के काफी समझाने के बाद भीड़ ने थाने का घेराव खत्म किया।

जानकारी के मुताबिक, सड़क से गुजर रहे युवक का वहां मौजूद शराबियों के बीच किसी बात को लेकर बकझक हो गई। बकझक होने के बाद शराबियों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई में युवक का हाथ टूट गया।

### केस नंबर दो

**रिम्स कैंपस में रास्ता विवाद को लेकर मारपीट :** मारपीट की दूसरी घटना रांची रिम्स में घटी। छानबीन में यह पता चला कि रास्ते के विवाद को लेकर रिम्स के कुछ छात्रों ने तीन स्थानीय युवकों की पिटाई कर दी, मारपीट के कारण तीनों युवक जख्मी हो गये। मारपीट के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और रिम्स में हंगामा किया। लोगों को रिम्स में हंगामा करते देख बरियातू थाना पुलिस मौके वारदात पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सोमवार रात करीब एक बजे रिम्स के गेट नंबर दो से नयाटोली जा रहे कुछ स्थानीय युवकों की रिम्स के छात्रों ने पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तीनों युवक रिम्स से होकर अपनी कॉलोनी जा रहे थे। इसी दौरान मेडिकल छात्रों ने उन्हें पकड़ लिया और सड़क से जाने से रोक दिया। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और बात मारपीट तक पहुंच गई। इसके बाद छात्रों ने वहां से गुजर रहे तीन युवकों को पकड़ लिया और रिम्स परिसर में ले जाकर तीनों की बुरी तरह पिटाई कर दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद बरियातू पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मेडिकल छात्रों से बचाकर तीनों युवकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। सदर डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और देर रात भीड़ को समझा-बुझाकर वापस भेजा।



## सोनाहातू-2 के बीइइओ प्रभार मुक्त, वेतन पर भी रोक

**रांची।** सोनाहातू-2 के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीइओ) विमल कांत झा को प्रभार मुक्त किया गया है। अगले आदेश तक उनके वेतन पर भी रोक लगा दी गई है। इसका आदेश रांची जिला शिक्षा अधीक्षक मिथलेश केरकेट्टा ने जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि 24 जुलाई, 2024 को वायरल वीडियो के संबंध में आपसे 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण/पक्ष की मांग की गयी थी। परंतु आपके द्वारा स्पष्टीकरण/पक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है, जो अधोहस्ताक्षरी के आदेश की अवहेलना है।

ससमय स्पष्टीकरण/पक्ष समर्पित नहीं करने की स्थिति में वायरल वीडियो और सोनाहातु पश्चिमी की जिला परिषद सदस्य मंजु सिंह द्वारा समर्पित आरोप-पत्र के आधार पर आपको प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सोनाहातु-2 के प्रभार से मुक्त किया जाता है। संतोषजनक स्पष्टीकरण/पक्ष प्राप्त होने तक आपका वेतन अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

## बीएयू में चारा वैज्ञानिकों की राष्ट्र स्तरीय कार्यशाला

# दुग्ध एवं मांस उत्पादन में वृद्धि के लिए तैयार हो चारा योजना : डॉ टीआर शर्मा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देश में दूध एवं मांस का उत्पादन बढाने हेतु पशुओं को पर्याप्त पोषक आहार उपलब्ध करने के उद्देश्य से विभिन्न चारा फसलों का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा के लिए मंगलवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में चारा वैज्ञानिकों कि दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ हुई। कार्यशाला में चारा फसलों के विकास, संरक्षण एवं संवर्द्धन से जुड़े देश के 21 राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थानों के लगभग 100 वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के उप महानिदेशक डॉ टीआर शर्मा ने कहा कि राज्यों के लिए अलग-अलग चारा योजना तैयार कर सरकारों को सौपना चाहिये। कहां-कहां कितना कार्यान्वयन हो रहा है, इसका डाटा बेस रखना चाहिये। अबतक देश में चारा फसलों की 122 उन्नत किस्में विकसित की गयी हैं। इनमे से 10-12 किस्मों का प्रोडक्ट प्रोफाइल तैयार किया जाना चाहिये। बीएयू कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय औसत लगभग 400 ग्राम की तुलना में झारखंड में प्रति व्यक्ति दैनिक दुग्ध उपलब्धता मात्र 171 ग्राम है। इसका मुख्य कारण हरा चारा की अल्प उपलब्धता है। सूखा चारा और दाना की भी काफी कमी है। बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह ने स्वागत किया तथा संचालन शशि सिंह ने किया।

# सुलह के आधार पर आरोपी दोष मुक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी कंचन कुमारी की अदालत ने 9 साल पुराने मारपीट करने समेत अन्य मामलों में आरोपी कुमार गर्ल्स हॉस्टल के संचालक का बेटा ऋषभ राज समेत चार आरोपियों को सुलह के आधार पर दोषमुक्त कर दिया है।

मामले के तीन आरोपी गार्ड विनय कुमार पांडे, नवीन कुमार सिंह एवं रामाशीष प्रसाद शामिल है। घटना को लेकर महताब आलम ने 4 जुलाई 2015 को लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि ऋषभ राज ने धोखे से बुलाकर जान मारने की नियत से उसके साथ मारपीट की और उसके पास मौजूद 40 हजार रुपये का दो मोबाइल और 7700 रुपए छीन लिये। उसने चारों पर लाठी और रॉड से मारने का आरोप लगाया था।

मामले के जांच अधिकारी ने घटना को सही पाते हुये 21 जनवरी 2016 को चारों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मामले में गवाही के दौरान सूचक महताब आलम ने कहा कि न्यायालय के बाहर सुलह हो गया है। अब आगे मुकदमा लड़ना नहीं चाहता है। मौखिक निवेदन पर अदालत ने साक्ष्य बंद करते हुये आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

# झारखंड में हेमंत सरकार के संरक्षण में मतांतरण का हो रहा है खेल : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य की झामुमो-कांग्रेस सरकार के संरक्षण में मतांतरण का खेल बड़े पैमाने पर जारी है। श्री मरांडी विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार चुप है, प्रशासन मौन धारण किये हुये है। जनता परेशान है और झारखंड में मतांतरण को रोकने का नहीं कोई समाधान है। उन्होंने कहा कि झामुमो और कांग्रेस की गठबंधन सरकार में मतांतरण के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। झारखंड में जबरन धर्म परिवर्तन कराना एक प्रथा बन गई है। वोटबैंक की राजनीति करने के लिये एक खास समुदाय को हेमंत सरकार ने हिम्मत दे रखी है। उन्होंने कहा कि धनवार प्रखंड के गुआखंडहर ग्राम से ऐसा ही मामला सामने आया है। जहां विकास रविदास और उनकी पत्नी को जबरन धर्म परिवर्तन के लिये विवश किया जा रहा है। मना करने पर राज्य सरकार के संरक्षण में पल रहे गुंडों द्वारा घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की जा रही है। जातिसूचक गलियां दी जा रही है। धमकी दी जा रही है कि तुमलोग इस्लाम कुबूल नहीं करोगे तो जान से मारकर, तुम्हारे बच्चों को इस्लाम कुबूल करवायेंगे। उन्होंने कहा कि पहले आदिवासी परिवार की महिलाओं से जबरन शादी और फिर धर्म परिवर्तन कराया गया। मना करने पर हत्या कर टुकड़े टुकड़े करके फेंका गया। अब दलित परिवारों के साथ भी यही हो रहा है। वोट बैंक की राजनीति करने वाली इस सरकार में कोई भी आदिवासी, कोई भी हिन्दू सुरक्षित नहीं है।

## छवि रंजन समेत आठ आरोपियों की हिरासत अवधि दो सप्ताह बढ़ी

**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत आठ की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने दो सप्ताह बढ़ा दी है। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 12 अगस्त निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन पर चल रहा है। आरोपियों को ईडी ने पुलिस पेपर सौंप चुकी है।

# सीएम हेमंत से मिले रूहानी मर्कज के अध्यक्ष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड विधान सभा स्थित कक्ष में मंगलवार को रूहानी मर्कज के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हसन रिजवी ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने अवगत कराया कि रूहानी मर्कज, जमशेदपुर की ओर से आगामी 11 अगस्त 2024 को राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिये दरगाह अजमेर शरीफ में चादरपोशी और दुआएं-ए-खास का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अजमेर शरीफ भेजी जाने वाली चादर-ए-मुबारक का अनावरण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को अजमेर शरीफ की टोपी तथा साफा पहनकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी, शोहदा-ए-कर्बला के महासचिव अब्बास अंसारी, झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता गुलरेज अख्तर थे।

# केतारी बागान आरओबी निर्माण के लिए टेंडर जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नामकुम-रांची रेलवे स्टेशन-केतारीबगान रेल ओवर ब्रिज निर्माण के लिए निविदा जारी कर दी गयी है। पथ निर्माण विभाग ने टेंडर जारी कर बिडरों से आवेदन मांगे हैं। सात अगस्त तक बिड भरे जा सकेंगे। सितंबर तक इसे फाइनल करने की योजना है। यह प्रयास हो रहा है कि दुगार्पूजा के बाद इसपर काम प्रारंभ करा दिया जाये। बताते चलें कि इसके निर्माण में करीब 44.80 करोड़ की लागत आने का अनुमान है। सरकार से इसकी प्रशासनिक स्वीकृति पहले ही मिल गयी है। विभाग ने डीपीआर तैयार कराने के बाद इसकी निविदा जारी की है। आरओबी नहीं रहने से लोग हर दिन जाम से परेशान रहते हैं। लंबे समय से लोग रेल ओवर ब्रिज निर्माण की मांग कर रहे थे।

# राज्य शिक्षा सेवा के 39 अधिकारी बदले

## जयंत मिश्रा बनाये गये जैक के सचिव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने मंगलवार को राज्य शिक्षा सेवा के 39 अधिकारियों को बदल दिया। बदले गये सभी अधिकारियों से 5 अगस्त तक नव पदस्थापित जगह पर योगदान करने के बाद विभाग में सूचना देने को कहा गया है। जेईपीसी के प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा को जैक में सचिव बनाया गया है। वहीं जैक में सचिव रहे एसएन तिग्गा को जेईपीसी का प्रशासी पदाधिकारी बनाया गया है। इनके अलावा मोहन जी झा को पाचार्य डायट पाकुड़, विनोद कुमार को डीईओ देवघर, संतोष गुप्ता को पचार्य टीचर ट्रेनिंग कॉलेज सतबरवा, नूर आलम खां को डीईओ गुमला, कैलाश मिश्रा को डीएसई गुमला, मधुकर कुमार को डीएसई देवघर, अविनाश राम को डीईओ कोडरमा, आकाश कुमार को डीएसई हजारीबाग, अनुराग मिंज को डीएसई गढ़वा, कविता खलखो को डीईओ गढ़वा, बबिता कुमारी को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चितरपुर का अतिरिक्त प्रभार, मिथिलेश केरकेट्टा को डीईओ सिमडेगा, बादल राज को डीएसई रांची, प्रवीण कुमार को डीएसई पश्चिमी सिंहभूम, नयन कुमार को डीएसई गिरिडीह, मुकुल राज को डीईओ पाकुड़, मिथिला टुड्डू को डीईओ गोड्डा, दीपक कुमार को डीएसई गोड्डा, अमृता सिंह को प्राचार्य महिला ट्रेनिंग कॉलेज पलामू, डीएस चंद्रमौलेश्वर को डीएसई लोहरदगा, रणधीर कुजूर को प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रेहला, राजेश कुमार पासवान को प्राचार्य टीचर ट्रेनिंग कॉलेज बिनसई, विकेश कुणाल प्रजापति को डीएसई जामताड़ा, कंचन कुमारी को एरिया अफसर कोडरमा का अतिरिक्त प्रभार, संदीप कुमार को डीएसई पलामू, जुही रानी को एरिया अफसर रांची, अंबुजा राज लक्ष्मी को एरिया अफसर चतरा, गौतम कुमार साहू को डीएसई लातेहार, आयुष कुमार को डीएसई धनबाद, कैसर रजा को डीएसई पाकुड़, अमित कुमार को एरिया अफसर बुंडू, दीपक राम को ट्रेनिंग कॉलेज सिमडेगा का अतिरिक्त प्रभार, भूतनाथ रजवार को एसडीईओ सिमडेगा, रामजी कुमार को एरिया अफसर मांडर, रकीब अंसारी को एरिया अफसर बेड़ो, रौशनी सिंह को एसडीईओ हजारीबाग बनाया गया है।

# राज्य सरकार को खोजे नहीं मिले जीएसटी के जानकार आईएएस, 5 को पोस्टिंग का इंतजार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार एक ओर से झारखंड में जीएसटी के जानकार आईएएस अधिकारी की तलाश में जुटी है। वहीं दूसरी ओर से राज्य के पांच आईएएस अधिकारी कार्मिक में वेटिंग फॉर पोस्टिंग बैठे हैं। झारखंड में पहले से ही आईएएस अधिकारियों का टोटा है। यहां के कई सीनियर अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली चले गए हैं। सचिव स्तर के अधिकारियों की सबसे ज्यादा कमी है। हालत यह है कि आहर्ता पूरा नहीं होने के बावजूद कई आईएएस अधिकारियों को विभाग के सचिव का जिम्मा प्रभारी सचिव के तौर पर सौंपा गया है। आईएएस अधिकारियों की कमी के कारण सरकार किसी तरह से अपना काम चला रही है। हालांकि कुछेक अईएएस अधिकारियों के पास कई विभागों के प्रभार हैं।

**समीरा एस :** समीरा 2018 बैच की आईएएस अधिकारी है। आखिरी पोस्टिंग इनकी बतौर डीडीसी और एसी लोहरदगा में थी। करीब चार महीने पहले इनके जगह पर किसी और का तबादला हुआ, लेकिन इन्हें कोई पद नहीं दिया गया। तब से लेकर अबतक यह वेटिंग फॉर पोस्टिंग हैं।

**रवि आनंद :** रवि आनंद 2108 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इनकी आखिरी पोस्टिंग डीडीसी पलामू थी। 29 जून 2024 को सरकार की तरफ से बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया था। तभी से रवि वेटिंग फॉर पोस्टिंग हैं।

**आलोक कुमार दुबे :** आलोक कुमार दुबे भी 2018 बैच के अधिकारी हैं। आखिरी पोस्टिंग इनकी आदित्यपुर नगर निगम में बतौर अपर नगर आयुक्त थी। 29 जून 2024 को हुए तबादले के बाद से श्री दुबे भी वेटिंग फॉर पोस्टिंग हैं।

**सौरव कुमार भुवानिया :** सौरव कुमार भुवानिया 2019 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इनकी आखिरी पोस्टिंग चास नगर निगम में बतौर नगर आयुक्त थी। 29 जून के तबादले के बाद से यह भी वेटिंग फॉर पोस्टिंग हैं।

**शताब्दी मजुम्मदार :** शताब्दी मजुम्मदार 2020 की आईएएस अधिकारी हैं। पिछले करीब 1।5 महीने से वो बिना किसी पद के हैं। आखिरी पोस्टिंग इनकी बतौर निदेशक, आईटीडीए, जमशेदपुर थी। लेकिन तबादले के बाद से अब वो वेटिंग फॉर पोस्टिंग हैं।

## अभियुक्त आशीष कुजूर की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** अपर न्यायायुक्त पीके शर्मा की अदालत ने जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के आरोप में जेल में बंद छोटू कुजूर उर्फ आशीष कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। मुख्य आरोपी डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर संजय कुमार की हत्या 5 जुलाई 2023 को ऑफिस से घर लौटने के क्रम में शूटरों ने कर दी थी। घटना के बाद एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर उसका बेटा राहुल कुजूर, विवेक कुमार शर्मा उर्फ गुड्डू, साहिल बाड़ा, संदीप कुमार प्रसाद उर्फ डब्ल्यू, आकाश कुमार वर्मा उर्फ शिवा, सोनू यादव उर्फ सोनू कुमार एवं छोटू कुजूर ट्रायल फेस कर हा है।

स्कूली शिक्षा मंत्री से मिले बीआरपी-सीआरपी, सेवा अवधि 65 साल करने की मांग

# तत्काल प्रभाव से लागू हो बीआरपी सीआरपी संविदा नियमावली 2024 : संघ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बीआरपी, सीआरपी, एसएस संघ के केंद्रीय कमेटी एवं जिला अध्यक्षों की बैठक शिक्षा परिसर कचहरी मंगलवार को में हुई। इसमें एक स्वर से बीआरपी सीआरपी संविदा नियमावली 2024 के लिए सरकार का आभार जताया। परंतु मानदेय वृद्धि 50% नहीं करने तथा इसे जनवरी 22 से लागू नहीं करने पर निराशा एवं दुख प्रकट किया गया है। साथ ही संविदा नियमावली 2024 का लाभ तुरंत नहीं देकर शैक्षिक/ प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र के जांचोंपरांत दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई है। मालूम हो कि बीआरपी सीआरपी का सेवा नियमावली 19 वर्षों की लंबी सेवा के उपरांत तथा मानदेय वृद्धि 5 वर्षों के बाद सरकार द्वारा की गई है। किंतु इसका लाभ तुरंत नहीं देकर शैक्षणिक प्रमाण पत्र की जांच तक रोक कर रखना न्याय संगत प्रतीत नहीं होता।

संघ की बैठक में निर्णय लिया गया कि इस संबंध में मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, विभागीय सचिव एवं राज्य परियोजना निदेशक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल प्रभाव से संविदा नियमावली 2024 को लागू कराया जाए, ताकि 2600 बीआरपी-सीआरपी को नियमावली का लाभ तुरंत प्राप्त मिल सके। बैठक में संविदा नियमावली 2024 में उल्लेखित ईपीएफ के लाभ की प्रक्रिया अविलंब प्रारंभ करने तथा झारखंड सरकार से सेवा अवधि 65 वर्ष करने की मांग की गयी। बैठक के उपरांत मांग पत्र तैयार कर केंद्रीय कमेटी एवं जिला अध्यक्षों की टीम केंद्रीय अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद के नेतृत्व में मंत्री से मिलकर झारखंड सरकार का आभार प्रकट कर बीआरपी सीआरपी के हित के लिए संविदा नियमावली 2024 को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग रखी गयी है।

मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया है कि नियमानुसार जो होगा उस पर विचार कर कार्रवाई करते हुए आप सबों को लाभान्वित किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में कृष्ण प्रसाद के साथ नितिन कुमार ,अरविंद चौबे, मिथिलेश सिंह ,अजीत महतो , ओपन देवघरिया, संतोष कुमार , रविंद्र ठाकुर दिलीप गिरी , जनक मुंडा , मंदिप राम, दीपक नायक, विनय कटियार, शैलेंद्र कुमार, नीलम पांडे , जावेद अंसारी, अभिनंदन कुमार, कुमार रोहित, कमल कांत मेहता ,कुमार सिकंदर के साथ अन्य जिला अध्यक्ष एवं बीआरपी सीआरपी उपस्थित थे।

## सीसीएल में दो दिवसीय शतरंज और कैरम प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय का दो दिवसीय शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को दरभंगा हाउस प्रांगण में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन विभागाध्यक्ष (कल्याण) सीसीएल रेखा पांडे ने किया, जिन्होंने रोहित महलका के साथ शतरंज के कुछ चाल भी चले। रेखा पांडे ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया और उनसे सीसीएल की सभी खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का अनुरोध किया।

गौरतलब हो कि मुख्यालय के 160 कर्मचारी शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। शतरंज के शीर्ष 5 स्थान धारक और कैरम के 4 स्थान धारक 20 और 21 अगस्त 2024 को सीसीएल के ढोरी क्षेत्र में आयोजित होने वाली सीसीएल अंतर क्षेत्रिय शतरंज और कैरम प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिसमें सीसीएल के सभी क्षेत्रों की टीमें भाग ले रही हैं। अंतर क्षेत्रिय प्रतियोगिता में शतरंज और कैरम में स्थान धारक को सीआईएल अंतर कंपनी शतरंज और कैरम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित किया जाएगा। मंगलवार को खेले गए शतरंज के दो राउंड के मुकाबले के बाद राज कुमार सिंह, रवि रंजन, अंशु मुंडा, रोहित एवं राजेंद्र साहू दो पॉइंट के साथ आगे रहे। कैरम के युगल मुकाबले में जुनैद अख्तर एवं मानस तालपत्रा, कलीम अंसारी एवं मनोहर करमाली, शशि भूषण मंडल एवं अनिल उरांव तथा जनेशर राम एवं संदीप कुमार की जोड़ी सेमी फाइनल में पहुंची।

## शारदा ग्लोबल स्कूल के 127 बच्चों का ओलम्पियाड में शानदार प्रदर्शन

### बच्चों ने जीता गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सिल्वर जोन ओलम्पियाड में शारदा ग्लोबल स्कूल के एल. केजी. एवं यू.केजी. के 127 बच्चों ने गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रोंज मेडल जीतकर सफलता का परचम लहराया है। ओलम्पियाड परीक्षाओं का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनकी शैक्षणिक स्तर को पहचानना तथा वैचारिक शिक्षा को बढ़ाना है। ओलम्पियाड राष्ट्रव्यापी परीक्षाएँ है जो छात्रों को समान शैक्षणिक स्तर पर साथियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्रदान कर उन्हें और बेहतर करने की प्रेरणा देती है। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर एवं शिक्षकगण ने छात्रों को बधाई दी है।

## मारवाड़ी कॉलेज में फोटोग्राफी व फिल्म निर्माण विषय में करें पढ़ाई, दाखिले की प्रक्रिया शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मारवाड़ी कॉलेज के डिजिटल फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण कोर्स में एडमिशन चल रहा है। फोटोग्राफी कौशल सीखने वाले व्यक्ति या विद्यार्थी इस एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स में मारवाड़ी कॉलेज के वेब साइट के माध्यम से डीपीएफएम कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। यह जानकारी कोर्स डायरेक्टर डॉ सुशील कुमार अंकन ने दी। उन्होंने बताया कि किसी अन्य कॉलेज के अन्य विषय के विद्यार्थी भी इस कोर्स में नामांकन करा सकते हैं। ऑफिस में काम करने वाले या गृहणियां, जिन्हें मोबाइल फोटोग्राफी और फिल्ममेकिंग का शौक हो, जो कायदे से लघु फिल्म बनाना चाहते हों वैसे सभी व्यक्ति इस कोर्स में एडमीशन ले सकते हैं।

**प्लस 2 में चाहिए कम से कम 45 फीसदी अंक :** नामांकन के लिए न्यूनतम अर्हता किसी भी विषय से +2 केवल 45 प्रतिशत अंकों के साथ पास होना चाहिए। इसमें सीटों की कुल संख्या 20 है और एक वर्ष का कोर्स फीस मात्र तीस हजार रुपये है, जो दो इंस्टॉलमेंट में देना पड़ता है। कक्षाएं सुबह 9 बजे से 11 बजे तक चलाई जाती हैं। इस कोर्स में, बेसिक फोटोग्राफी, एंगल, कंपोजिशन, लाइटिंग, कलर करेक्शन, वीडियो रिकॉर्डिंग, एडिटिंग, साउंड एडिटिंग-मिक्सिंग, टाइटलिंग आदि सीख सकते हैं। यहां फील्ड में भी काम करने का मौका मिलता है।


**पहले आयें पहले पायें की तर्ज पर मिलेगा दाखिला :** यहां से पास आउट कई विद्यार्थी आपने अपने स्टूडियो और मीडिया हॉउस खोल कर प्रोडक्शन का कार्य मे लगे हैं और जीवन यापन कर रहे हैं। घरेलु आयोजनों और उत्सवों पर स्वयं फिल्म तैयार करें। इस कोर्स के माध्यम से फिल्म निर्माण सीख कर फि ल्में या तस्वीर जीवन की यादों को समेट कर रखने वाली दस्तावेज होती हैं।

## मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा का सावन मेला एक से

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा का सावन मेला 1,2,3 अगस्त को अग्रेसन भवन अपर बाजार में लगाया जा रहा है। मेले की संयोजिका एवं पूर्व अध्यक्ष विनीता बिहानी ने बताया कि मेले में हर तरह के स्टॉल लगाये जा रहे हैं जैसे - कपड़े, राखी, ज्वैलरी, शादी के सामान, बेडशीट, अचार पापड़ गिफ्ट आइटम, हैंड मेड समान , भगवान की पोशाक आदि। ँची के अलावा बाहर से भी स्टाल धारक आए है। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि मेले में फूड स्टॉल भी लगेंगे, शॉपिंग के साथ साथ नये-नये व्यंजन का भी लुत्फ ले सकते हैं। मेले की ओपनिंग सुबह 11 बजे गार्गी मलकानी के हाथों होगी।

**खबर एक नजर में**

## गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी में 3 को विशेष कीर्तन समागम



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा,कृष्णा नगर कॉलोनी में 3 अगस्त को रात में विशेष कीर्तन समागम का आयोजन किया गया है। कीर्तन समागम की शुरूआत शाम 7:30 बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा द्वारा शबद गायन से होगी। रात 8:30 बजे से 9:30 बजे तक हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी द्वारा शबद कीर्तन किया जाएगा। तत्पश्चात रात 9:30 बजे से रात 11:00 बजे तक सिख पंथ की प्रसिद्ध बीबी रागी जत्था बीबी सिमरण कौर जी, लुधियाना वाली शबद गायन से साध संगत को निहाल करेंगी.रात 11:00 बजे श्री अनंद साहिब जी के पाठ,अरदास एवं हुक्मनामा के साथ समागम की समाप्ति होगी। गुरु नानक सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने बताया कि समाप्ति के उपरांत सत्संग सभा द्वारा साध संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी।

## विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का बयान झारखंड को आग में झोंकने वाला : बब्बन चौबे




**रांची।** राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी ने मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का बयान का विरोध और पुतला दहन करने का ऐलान किया। मंगलवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय जयहिन्द पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष बब्बन चौबे ने कहा कि इस तरह बिहारी को बांग्लादेशी और घूसबैठियों से तुलना करना झारखंड को आग में झोंकने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस और झामुमो पार्टी के द्वारा भू माफिया और भू-माफियाओं को संरक्षण देने का काम कर रही है और झारखंड में आपस में लड़ा कर अपना रोटी सेकने का दोनो पार्टीयां कर रही है। विधायक झारखंड वासियों से माफी मांगे। इस मौके पर भगवान राय, तौफीक आलम, मुकेश वर्मा, प्रहालद चौबे, बिटू सिंह आदि मौजूद थे।

## नीरजा सहाय डीएवी के विजेता विद्यार्थी सम्मानित




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी के विद्यार्थियों ने डीएवी स्पोर्ट्स में कलस्टर स्तर पर आश्चर्यजनक जीत हासिल की है। प्राचार्या किरण यादव ने सोमवार को सभी विजेताओं को सम्मानित किया तथा उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी अनुशासन में रहकर प्रतियोगिता में जीत प्राप्त की है ,और आगे जोनल स्तर पर भी इसी तरह की जीत हासिल करने का आशीर्वाद दिया। नीरजा सहाय के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स में भी धूम मचा दिया। लड़के तथा लड़कियों दोनों को मिलाकर 18 स्वर्ण 29 रजत तथा 14 कांस्य पदक प्राप्त हुए। क्रिकेट टीम दूसरे स्थान पर रही। इस प्रकार कुल 10 विद्यालयों के 929 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें नीरजा सहाय के खिलाड़ियों ने 119 स्वर्ण 63 रजत और 28 कांस्य पदक प्राप्त किया। विजेता टीम जोनल स्तर पर खेलने के लिए तैयार है।

## संत जेवियर्स कॉलेज ने चलाया सफाई अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के स्वयंसेवक समूह और आईक्यूएसी के संयुक्त प्रयास से कॉलेज परिसर, सर्जना चौक से मिशन चौक तक स्वच्छता अभियान मंगलवार को चलाया गया। इस अभियान की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एन. लकड़ा, एस.जे. ने कॉलेज परिसर के आसपास क्षेत्र को साफ कर किया।

उन्होंने स्वच्छता पर जोर देते हुए बताया कि आतंरिक शुद्धि और स्वच्छ मन के लिए अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने की जरुरत है। एनएसएस समन्वयक डॉ. अनिर्बान गुप्ता ने भी कहा कि स्वच्छता मनुष्य के शारीरिक और मानसिक दोनों विकास के लिए आवश्यक है। स्वच्छता का इलाके पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस दौरान वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र सिंह, एनएसएस अधिकारी डॉ. अनिर्बान गुप्ता, विभाग के डॉ. जुलियस आईंद, अजित मैल्गंडी, फादर रवि हेमंत कुजूर व पिंगल एक्का ने सफाई अभियान में हिस्सा लिये। इस कार्यक्रम में एनएसएस के छात्र प्रतिनिधि उर्वी, सिमरन रिमशाह, सिदरा, सूरज तथा एनएसएस एवं एम. कॉम के अन्य स्वयंसेवकों का सहयोग रहा।

## हटिया-इस्लामपुर से विदेशी शराब बरामद

**रांची।** रांची आरपीएफ ने ऑपरेशन सतर्क के तहत विभिन्न ब्रांड के शराब और बियर बरामद किया है। हटिया इस्लामपुर 18624 एक्सप्रेस से जांच के क्रम में जेनरल बोगी में शौचालय के पास रखे बैग से बरामद किया गया है। लावारिश हालत में रखे बैग में रॉयल स्टैग प्रीमियर व्हिस्की ओर किंगफिशर प्रीमियम बीयर था। आरपीएफ ने जब्त शराब को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

# पूर्व परमिट में 20 किलोमीटर की परिधि में चलने के लिए छेड़छाड़ नहीं हो : अर्जुन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची जिला ऑटो चालक यूनियन की बैठक रातू रोड ऑटो स्टैंड में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन यादव ने कहा की सरकार से हमारी मांग है कि पूर्व से निर्गत परमिट को 20 किलोमीटर के परिधि में चलने के लिए किसी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं किया जाए। संचालन करते हुए महासचिव सुनील कुमार सिंह ने कहा कि नगर निगम का पार्किंग शुल्क ग्लोबल टेंडर के माध्यम से एकल टोकन की व्यवस्था की जाए। साथ ही बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अपनी मांगों को लेकर 07 अगस्त को राजभवन के समक्ष यातायात प्रशासन एवं आर.टी.ए तथा परिवहन विभाग के विरोध में महाधरना दिया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के संरक्षक जय सिंह यादव, उप संरक्षक-दीपक ओझा, उपाध्यक्ष-सुरेंद्र पांडे, पंकज सिंह, शमीम अंसारी, सुरेंद्र प्रजापति, योगेंद्र उपाध्याय, सन्नी यादव, पलामू सिंह, समाउन मंसूरी समेत सैकड़ो ऑटो चालक उपस्थित थे।

## डोरंडा कॉलेज के स्थापना दिवस के सफल आयोजन पर बधाई दी




**रांची।** डोरंडा महाविद्यालय के 62 वां स्थापना दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिये एन.एस.यू.आई के जिला महासचिव अब्दुल रबनावा ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा करे बधाई दी और मोमेंटो दे कर सम्मानित किया। जिला महासचिव ने कहा कि प्राचार्या के साथ -साथ शिक्षक और छात्र भी बधाई के पात्र है। काफी समय बाद इस तरह का आयोजन कॉलेज में हुआ है।

## डीएसडब्ल्यू को हटाने के विरोध में जेसीएम ने डीएसपीएमयू के कुलपति को घेरा



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में किसी एक छात्र संगठन की शिकायत पर डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास को मात्र 3-4 घंटे में पद से हटा दिया गया। ये गैर-संवैधानिक, प्रशासनिक और विश्वविद्यालय हित के विपरीत है। डीएसडब्ल्यू के ऊपर लगाएं गए आरोपों की सत्यता जांचने की कोशिश तक नहीं गई और जांच कमिटी भी नहीं बनाया गया। इस मामले को लेकर झारखंड छात्र मोर्चा डीएसपीएमयू समिति के अध्यक्ष मनीष राणा एवं सचिव अल्ताफ राजा के नेतृत्व में कुलपति का घेराव किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने बिना प्रक्रिया का पालन ही डीएसडब्ल्यू को पद से हटा दिया है। झारखंड छात्र मोर्चा ने गैर संवैधानिक निर्णय को वापस लेने और पुनः डॉ एसएम अब्बास को उनके पद पर बहाल करने की मांग की है। नहीं करने पर चरण बद्ध आंदोलन करने की धमकी दी है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, केन्द्रीय सदस्य समनुर मंसूरी, छात्र मोर्चा रांची विवि अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, संगठन सचिव इरफान खान,उपाध्यक्ष अमन ठाकुर, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान आदि छात्र मौजूद थे ।

# अधिवक्ता परिषद की झारखंड हाइकोर्ट इकाई की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अधिवक्ता परिषद्, झारखंड की हाईकोर्ट इकाई की बैठक वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार कश्यप की अध्यक्षता में होटल आर्ची रिजेन्सी में संपन्न हुई। जिसमें अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के क्षेत्रीय संयोजक सुनील कुमार, संघ के संपर्क प्रमुख सह प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष सह क्षेत्रीय संगठन आयाम प्रमुख राजेन्द्र कुमार मिश्र, प्रदेश महामंत्री विजय नाथ कुंवर, संगठन आयाम के प्रान्तीय सदस्य हराधन प्रमाणिक व लीना मुखर्जी विशेष तौर पर उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार कश्यप ने की व उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। अवनीश रंजन मिश्र ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

कोषाध्यक्ष ने आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सह क्षेत्रीय संगठन आयाम प्रमुख राजेन्द्र कुमार मिश्र ने सत्र 2024-27 के लिए पुनर्गठित समिति की घोषणा की। संरक्षक मंडल सदस्यगण वरीय अधिवक्ता राजीव शर्मा, राज नंदन सहाय तथा मनोज टंडन बनाए गए। अधिवक्ता अनिल कुमार कश्यप अध्यक्ष, प्रभात कुमार सिन्हा उपाध्यक्ष सह संगठन आयाम संयोजक, साधना कुमार उपाध्यक्ष सह लिटिगेशन आयाम संयोजक, संजीव कुमार ठाकुर उपाध्यक्ष सह आउटरीच संयोजक, डॉ. वागीश कुमार उपाध्यक्ष सह नॉलेज कलेक्टिव आयाम प्रमुख, पवन कुमार पाठक महामंत्री, प्रवीण कुमार पाण्डेय मंत्री व संगठन आयाम सह संयोजक, निकी सिन्हा मंत्री व लिटिगेशन आयाम सह संयोजक, सुनील कुमार मंत्री व आउटरीच आयाम सह संयोजक, रमित सतेंद्र मंत्री व नॉलेज कलेक्टिव आयाम सह संयोजक, रंजना मुखर्जी कोषाध्यक्ष, लाल ज्ञान नाथ शाहदेव कार्यकारिणी सदस्य सह न्यायप्रवाह प्रमुख व बख्शी विभा को कार्यकारिणी सदस्य सह महिला प्रमुख बनाया गया. इसके अलावा पंकज कुमार, ब्यकटेश गोपाल, सौमित्र बारोई, विजय कुमार राय, रोमित कुमार, हर्षित शंकर, अनुपम आनन्द, बीबी सिन्हा, रागिनी कुमार, अजय कुमार पाठक, अंजनी सहाय व खुशबू हेम्ब्रम को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया।

बैठक में झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा ने समाज व अधिवक्ता हित में विधिज्ञ परिषद व अधिवक्ता परिषद द्वारा किए गए कार्यों एवं आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी दी. इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रशांत विद्यार्थी, प्रांत मार्गदर्शक गोपाल कृष्ण निताई, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ संतोष कुमार पाण्डेय, प्रांतीय सचिव नीता कृष्णा, किरण सुषमा खोया, डॉ भीम महतो, प्रांत मीडिया सह प्रमुख रीतेश कुमार बॉबी, मनोज कुमार, मिथिलेश कुमार पाण्डेय इत्यादि प्रांतीय अधिकारी एवं उच्च न्यायालय के अन्य अधिवक्तागण विशेष रूप से उपस्थित थे. यह जानकारी झारखंड अधिवक्ता परिषद के प्रांत मीडिया सह प्रमुख एवं प्रांत आउटरीच आयाम सदस्य रीतेश कुमार बॉबी ने दी।

स्पीड न्यूज

## बुंडू में स्ट्रीट लाइट की स्थिति बदतर

**बुंडू।** बुंडू नगर पंचायत की ओर से लगाई गई स्ट्रीट लाइट की स्थिति दयनीय है। यहां आधा से अधिक लाइट खराब हो चुकी है शाम होते ही सड़क पर अंधेरा हो जाता है खराब स्ट्रीट लाइट को बनाने की दिशा में नगर पंचायत नहीं अब तक गंभीरता नहीं बढ़ती है। जिसमें वार्ड संख्या 11, 12, 13 नवाडीह टोली, महापात्र डेरा मांझीटोली नीलगिरी में स्ट्रीट लाइट नहीं जल रहा है इधर मोहल्ले के लोगों ने बताया साफ सफाई कर्मी में नहीं आते हैं। ऐसे में लोग लोगों का जीना बेहाल हो गया है। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासक से स्थिति में सुधार करने की मांग की है।

## खरसीदाग ओपी क्षेत्र में मोबाइल टॉवर से 48 पीस बैट्री की चोरी

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के कोचबोंग स्थित मोबाईल टॉवर से अज्ञात चोरो ने 48 पीस बैटरी की चोरी कर ली। जिससे टॉवर साईड डॉउन हो गया। मामले में इंदू टॉवर लिमिटेड कंपनी के टेक्नीसियन नवनीत कुमार हिमांशु ने खरसीदाग ओपी में अज्ञात चोरो के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। बताया गया कि रात लगभग डेढ बजे टॉवर साईड डॉउन होने पर जब वे कोचबोंग टॉवर पहुंचे तो देखा कि 48 पीस बैट्री की चोरी हो गई है और मौके पर 24 पीस ही बैटरी बची हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## चुरी और होयर से शिवभक्तों का जत्था बाबाधाम रवाना



**खलारी।** महादेव के भक्तों ने सावन की पावन महीना में शिव जी की कृपा पाने के लिए खलारी के चुरी होयर से कांवरियों का जत्था बाबाधाम के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व कांवरियों ने खलारी पहाड़ी मंदिर में जाकर पूरे विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की। भक्त सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर बाबाधाम में भगवान शिव को जल अर्पित करेंगे। शिवभक्तों में मनरूप यादव, दीपक यादव,अनिल यादव, अंकित कुमार शामिल है।

## रेलवे परामर्श समिति की राय स्टेशन में बैठक

**खलारी।** खलारी और राय स्टेशन में स्टेशन अधीक्षक की अध्यक्षता में स्टेशन परामर्श समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में रेलवे की तरफ से स्टेशन अधीक्षक खलारी जॉन सोरेंग ,स्टेशन अधीक्षक राय संजीव कुमार,यातायात निरीक्षक (परिवहन ) उमेश कुमार,वाणिज्य निरीक्षक (यातायात ) आशुतोष कुमार एवं परामर्श समिति की ओर से शैलेंद्र शर्मा खलारी मंडल अध्यक्ष बीजेपी, राम कुमार दुबे मीडिया प्रभारी रांची जिला ग्रामीण,गोपाल महतो ,सुबोध कुमार पांडेय (कार्तिक ),लखन उरांव,कामेश्वर महतो शामिल हुए।

# वज्रपात से 6 की मौत, 4 घायल

### चान्हो-मांडर के अलग अलग स्थानों पर गिरा आसमानी कहर







खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर/चान्हो।** मांडर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में मंगलवार को दोपहर हुए वज्रपात से पांच लोगों की मौत हो गई। वही चार लोग झुलस कर घायल हो गए। सभी को मांडर स्थित रेफरल अस्पताल लाया गया। बसकी गांव निवासी नीरज उरांव 36 वर्ष, कैम्बो गांव निवासी सालमोन एक्का पिता स्व संजय एक्का 22 वर्ष एवं रातू तिलता के रहने वाले राजेश उरांव 20 वर्ष की वज्रपात से मौत हो गई। चान्हो के लुंडरी निवासी तीस वर्षीय देवकी उरांव की भी वज्रपात से मौत हो गई। वहीं चान्हो प्रखंड के ही कंजगी निवासी चालीस वर्षीय सकलू उरांव खेत में मेढ़ बनाने के क्रम में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से झुलसकर घायल हो गए। ईलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गई। वहीं कैम्बो के अविनाश लोहरा पिता निलमोहन लोहरा 16 वर्ष, लक्षण उरांव पिता बिरसा उरांव 22 वर्ष, धनिया उराईन पति मुखिया उरांव 45 वर्ष एवं रोशनी तिग्गा, पिता हरबू उरांव गंभीर रूप से घायल हैं। दूसरी ओर मुड़मा मसमनो गांव में भी वज्रपात से किशुन गोप नामक 50 वर्षीय व्यक्ति घायल हो गया। बताया जाता है कि मंगलवार लगभग 4 बजे सभी लोग खेत में रोपा रोपने गए हुए थे। इसी बीच जोरदार बारिश के साथ वज्रपात हो गया, जिससे अलग-अलग गांव में वज्रपात की चपेट में आकर तीन लोगों की मौत हो गई। वही पांच लोग गंभीर रूप से घयल हो गए। बताया जाता है कि रातू तिलता निवासी राजेश उरांव का ससुराल कैम्बो गांव के बिरसा उरांव के घर है। वह तिलता से रोपा रोपने ससुराल आया हुआ था, लेकिन उसकी वज्रपात से मौत हो गई। इस बड़ी घटना के बाद कैम्बो एवं बसकी में मातम छाया हुआ है। पुलिस मृतको के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

### बिजुलिया में वज्रपात से महिला की मौत

**रातू।** थाना क्षेत्र के बिजुलिया में खेत में मंगलवार की शाम करीब 4 बजे खेत में धनरोपनी कर रही मदन बैठा की पत्नी 45 वर्षीया पुष्पा देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। आनन-फानन में उसे वरदान हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इसके बाद परिजन मृतका के शव को घर चले गये। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसका पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया है। मामले को लेकर रातू थाने में यूडी केस दर्ज कराया गया है। मायका झखराटांड़ में था। उसके तीन पुत्र उमेश, अभिषेक व रूपेश बैठा हैं।

## रातू में पत्रकार के परिवार पर हमले व तोड़फोड़ पर मीडियाकर्मी आक्रोशित

# थानेदार से मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

### हमला में प्रयुक्त हथियार हुये बरामद

**रांची।** रातू के हुरहुरी में रहने वाले पत्रकार शेख मुजिबुल के परिवार पर 28 जुलाई की शाम जानलेवा हमले और दुकान में तोड़फोड़ को लेकर मीडिया कर्मियों का गुस्सा उबाल पर है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रातू, मांडर, चान्हो, बुढ़मू, ठाकुरगांव, नगड़ी और इटकी के दर्जनों पत्रकारों ने मंगलवार की शाम रंगनाथ चौबे की अगुआई में थानेदार शशिभूषण चौधरी से मुलाकात की और घटना पर तीव्र आक्रोश व्यक्त किया। श्री चौधरी ने उन्हें दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने जानकारी दी कि घटनास्थल से हमले में प्रयुक्त हॉकी स्टीक, फाइटर और डंडे आदि हथियार बरामद कर उसकी जब्ती सूची बना ली गयी है।

**प्रतिनिधिमंडल में ये लोग थे शामिल**

चंद्रशेखर राम उपाध्याय, उदय कुमार सिंह, जावेद खान, मोहसिन खान, शिवप्रकाश तिवारी, रमेश सिंह, संजय कुमार तिवारी, एमएम राही, अब्दुर गफ्फार, चंद्रकांत गिरी, मो एजाज, रविंद्र साहू, युवराज झा, अमित देवघरिया व संजय कर्ण आदि।

# बरियातू से लापता युवक का शव झिरी तालाब से मिला

- गोताखोर की ली गयी मदद
- शाम छह बजे निकला शव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने झिरी स्थित पत्थर खदान के एक तालाब से 26 वर्षीय अभिषेक वर्द्धन नामक युवक का शव बरामद किया है। वह बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातु निवासी स्व आशीष वर्द्धन का पुत्र था। परिजनों ने बताया कि अभिषेक सोमवार को घर से निकला और देर रात तक नहीं लौटा। काफी खोजबीन की गयी, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इससे विवश होकर उन्होंने बरियातू थाने में गुमसुदगी का संहा दर्ज कराया था। मंगलवार की सुबह झिरी तालाब में उसके शव को तैरता देख ग्रामीणों ने स्थानीय थाने को इसकी सूचना दी। पुलिस ने गोताखोर की मदद से शाम छह बजे शव को बाहर निकाल पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया। मृतक विडियो एडीटिंग के काम से जुड़ा था। मामले को लेकर रातू थाने में हत्या की आशंका जताते हुये यूडी केस दर्ज कराया गया है, लेकिन पोस्टमार्टम के बाद ही हत्या या आत्म हत्या का खुलासा हो सकता है। थानेदार एसवी चौधरी ने बताया कि मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़े होने की बात सामने आ रही है। इसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद और जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पायेगा।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रातू।** थाना क्षेत्र के झखराटांड़ में नव विवाहिता पिंकी देवी ने घर के कमरे में लगे पंखे में साड़ी को फंदा बना उस पर झूल आत्म हत्या कर ली। घटना सोमवार रात की है। मंगलवार की सुबह सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। मृतका के शव का पंचनामा कर रिम्स में पोस्ट मार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। देर शाम उसकी अंत्येष्टि कर दी गयी। पिंकी देवी की शादी दो माह पूर्व बजरंग साहू उर्फ रिकू के साथ हुयी थी। आमटांड़ में उसका मायका था। वह रामदयाल साहू की पुत्री थी। किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच नोंक-झोंक और मारपीट होने की खबर है, लेकिन इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकता है। हालांकि, पुलिस इसकी तफ्तीश में जुट गयी है। जानकारी के मुताबिक पिंकी और बजरंग के बीच प्रेम प्रसंग था। इसके बाद परिजनों ने उनकी शादी सामाजिक रीति-रिवाज के साथ कर दी गयी थी।

# छह गांवों में लगा जन चौपाल, सुनी समस्याएं



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने मंगलवार को प्रखंड के सिकिदिरी, पिपराटोली, जलिमा, हेसातु, सहेदा, आगरटोली गांव मे जन चौपाल लगाया। इस दौरान आगरटोली और साहेदा के ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क आदि की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि गेतलसूद डैम के सर्विस रोड में बैरेकटिंग लगा होने के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है, बारात या अन्य समाजिक कार्य में शामिल होने के लिए बड़े वाहनों को जाना सम्भव नहीं हो पता है। रामकुमार पाहन ने कहा कि विगत सोमवार को मुख्यमंत्री से मिलकर उन्होंने स्वर्णरेखा नदी पर बने पुल तक एप्रोच रोड बनाने की मांग की है ताकि इस समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने ग्रामीणों की अन्य समस्याओं का समाधान का भी आश्वासन दिता है। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, नन्दलाल राम, शिवधर राजवार, सतपाल राउत, रमन, संजय करमाली, अंगद साहु, अर्जुन तुरी,सोनु तुरी, अनिल बेदिया,जागो तुरी, रवि साहु राजकुमार बेदिया, रामबिहारी साहु आदि उपस्थित थे।

## किसानों को मिला मूंगफली और मक्का का बीज

**ओरमांझी।** सरकार की बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के सवैया व चंदरा के 46 किसानों को मुंगफली व मक्का बीज प्रदान किया गया। सभी किसानों को जिप सदस्य सरिता देवी व कमिश्नर मुंडा ने बीज प्रदान किया। कहा कृषि क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर हैं। युवाओं को भी कृषि से जोड़ने की जरूरत है। वहीं योजना की जानकारी देते हुए बीटीएम अलीजान हुसैन ने बताया चंदरा पंचायत के 30 किसान व व सवैया के 16 किसान को खेत में डेमोस्टेशन के लिए चयन किया गया है। सभी किसानों को बीज उपलब्ध कराया गया है।

# रौशन व दीपशिखा बने मिस्टर व मिस फेयरवेल

### शाश्वत कॉलेज में फ्रेशर्स-डे कार्यक्रम




अतिथि के साथ पुरस्कार लिए विजेता छात्र-छात्रा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** शाश्वत इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स एडुकेशन हुटुप इरबा में मंगलवार को फ्रेशर-डे कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य गीत व रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं कॉलेज के मिस्टर फेयरवेल छात्र रवि रौशन कुजूर व मिस फेयरवेल दीपशिखा लकड़ा व वेलड्रेस के के विजेता प्रिया शैली, पॉल एक्का व दिपक कुमार को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रचार्य डॉ संजय कुमार सिन्हा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने विजेता छात्रों को सम्मानित किया और कहा षिक्षण संस्थानों में इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए काफी जरूरी है। इससे छात्रों को एक दूसरे को जानने व समझने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में के उपप्राचार्य रूपेश कुमार, सहायक व्यख्याता ममता कुमारी, शिक्षकेत्तरकर्मी नागेंद्र कुमार, डॉ अंजली कुमारी, डॉ रश्मिरति, डॉ बिनीता कुमारी, अपर्णा कुमारी मिश्रा, रोहित कुमार सिंह व छात्र-छात्राएं उपस्थिात थे।

## बाइक सवार अपराधी ने किया महिला से चेन छिनने का प्रयास

**नामकुम।** मंगलवार सुबह लगभग दस बजे थानाक्षेत्र के सामलौंग नया टोली में अपराधियों नें षांति देवी 55 वर्ष नामक महिला के गले से सोने का चैन छिनने का प्रयास किया। शांति ने बताया कि वे अपने नए घर से कुछ दूरी पर स्थित पुराने घर जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर हेलमेट पहने दो युवक उनके पास पहुंचे और गले में झपट्टा मारा। षांति ने स्थिति को भांपते हुए अपने हाथ से चेन को पकड़ लिया जिससे चेन टूटकर जमीन पर गिर गया। छीना झपटी में शांति भी असंतुलित होकर जमीन पर गिर गयी। बाइक पर पीछे बैठा युवक चेन उठाने का भी प्रयास किया लेकिन शांति ने बचाआ बचाओ चिल्लाना शुरू कर दिया जिससे लोग उसकी ओर दौड़ पड़े। लोगों को आता देख बाइक सवार अपराधी सामलौंग शास्त्री मैदान की ओर भाग निकले।

**RANCHI MUNICIPAL CORPORATION**
Kutuchery, Ranchi 834001
Contact No. : 0651-2211215, Fax: 06512211777
email: support@ranchimunicipal.com,
website: www.ranchimunicipal.com

Tender Reference No:- 1088 Date:- 30/07/2024

**Very Short Notice Inviting e-Tender**

| S. No | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Particulars of the work | Plantation of tree plant along the road, water bodies and vacant land with maintenance for three years. |
| 2 | Period of Work (including maintenance) | Three Year |
| 3 | Location | Ranchi City |
| 4 | Pin Code | 834001 |
| 5 | Tender Fee | Rs 25,000/- (+) 18% GST (Rs 29,500/-) (Through online Payment gateway of jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | EMD Fee | Rs 12,00,000/- (Through online Payment gateway of jharkhandtenders.gov.in) |
| 7 | Tender Publishing Date | 30/07/2024 |
| 8 | Bid Submission Start Date | 31/07/2024 |
| 9 | Bid Submission End Date | 08/08/2024 till 3.00 pm |
| 10 | Bid Opening Date | 10/08/2024 after 3.00 pm |
| 11 | Inviting Officer | Additional Administrator |
| 12 | Inviting Officer Address/email: | Ranchi Municipal Corporation, Kutchery, Ranchi – 834001 email: support @ranchimunicipal.com |
| 13 | Bid Validity days | 180 Days |

NOTE:-
1. Tender Fee and Earnest money deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand letter no 120 dated 03.10.2023.
2. For further information please visit website:- **jharkhandtenders.gov.in &www.ranchimunicipal.com**

Sd/-
Additional Administrator,
Ranchi Municipal Corporation, Ranchi.

PR 331266 Ranchi Municipal Corporation(24-25).D

# नगड़ी में अवैध बालू लदे 14 हाइवा जब्त

### बालू माफियाओं में मचा हड़कंप



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित टीम ने नगड़ी में छापामारी कर बालू लगे 14 हवन को नगड़ी पुलिस ने जब्त कर नगड़ी थाना लाया। पुलिस के दरवाजा द्वारा कार्रवाई से बालू तस्करों में खलबली मच गई काफी संख्या में आने वाले वहां जहां रुक गएइस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगड़ी थाना क्षेत्र नगड़ी लोधमा मार्ग में स्थित नगड़ी मेला टिकरा के समीप स्वर्ण रेखा पब्लिक स्कूल के पास मंगलवार को नगड़ी थाना अभिषेक कुमार राय ने लोधमा कर्रा की ओर से आ रही बालू लदा हाईवा ट्रक को रोकने का आदेश दिया कुल 14 वाहनों को जब्त किया और उसे लेकर नगड़ी थाना थाना प्रभारी ने इसकी सूचना वर्गीय अधिकारी सहित खनन विभाग के संबंधित अधिकारी को भी कार्रवाई करने के लिए सभी जानकारी भेज दी है। समाचार लिखे जाने तक नगड़ी थाना में जब्त वाहनों में से किसी पर प्राथमिक की दर्ज नहीं की गई है इस संबंध में नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार राय से ने बताया कि मंगलवार सुबह चार बजे गुप्त सूचना मिली कि उक्त मार्ग से काफी संख्या में बालू लदा हाइवा वाहन नगड़ी की ओर आ रहा है हम सभी पेट्रोलिंग करने मेला टिकरा के समीप सरेखा पब्लिक स्कूल के पास पहुंचे और थोड़ी देर में एक-एक कर सभी वहां वहां पहुंचे तो हम लोग वाहन रो कर सभी वाहनों को जाप कर नगरी थाना ले और इसकी सूचना बड़ी अधिकारी एवं संबंधित विभाग के संबंधित अधिकारी गई। आगे की कार्रवाई खनन विभाग के द्वारा की जाएगी. पुलिस की टीम द्वारा 14 वाहनों को 14 हाईवे वाहनों को पकड़े जाने पर क्षेत्र के बालू तस्करों में खलबली मच गयी है।

**समाहरणालय, कोडरमा**
**(जिला खेल कार्यालय)**
**E-mail:-sportskoderma17@gmail.com**

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर नगद पुरस्कार राशि दिये जाने हेतु राशि एवं मानक के आधार पर झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ी जिन्होंने दिनांक 01.04.2023 के बाद अन्तर्राश्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अन्तर्राश्ट्रीय/राश्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किए हो अथवा भागीदारी की हो तथा विभागीय संकल्प संख्या 03 दिनांक 11.03.2023 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत् नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने ही अहर्त्ता (Eligibility) धारित करते हो, उनसे नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) हेतु विहित प्रपत्र में जिला खेल पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में आवेदन पूर्ण रूप से भरकर अनिवार्य रूप से दिनांक 05.08.2024 तक समर्पित कर सकते है। नगद पुरस्कार हेतु विहित प्रपत्र जिला खेल कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं अथवा खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय के वेबसाईट–**http://sports.jharkhand.gov.in** से प्राप्त कर सकते है।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 331256 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs )24-25*D

# सोलर फ्लोटिंग प्लांट लगाने का मछुआरों ने किया विरोध

### प्रखंड मुख्यालय पर किया विरोध प्रदर्शन

### गेतलसूद जलाशय दस हजार मछुवा परिवारों की है लाईफ लाईन



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** गेतलसूद जलाशय मत्स्यजीवी संघर्ष समिति के बैनर तले अनगड़ा और ओरमांझी प्रखंड के मछुआरों ने मंगलवार को गेतलसूद जलाशय में प्रस्तावित सोलर प्लोटिंग प्लांट लगाने के विरुध प्रखंड मुख्यालय अनगड़ा में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के बाद संघर्ष समिति के सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नामअंचल पदाधिकारी की अनुपस्थिति में अंचल निरीक्षक इम्तियाज अन्सारी को एक ज्ञापन सौंपा ' ज्ञापन मे कहा गया है कि गेतलसूद जलाशय अनगड़ा और ओरमाझी के दस हजार मछुआ परिवार का लाईफ लाईन है। उनकी जीवन रेखा इसी जलाशय पर आश्रित है। कहा गया कि गेतलसूद डैम से अनेकों गांव पूर्व में विस्थापित हो चुके हैं। विस्थापितों को न तो नौकरी मिली न हीं उन्हें मुलभूत सुविधाएँ दी गई, जिसके कारण परिवार के लोग गरीबी लचारी व भुखमरी के शिकार होते गए। इन्हीं परिवारों में ऐसी परिस्थिति बनी कि विस्थापित परिवारों को मछुवा बनकर जलाशय से मछली पकड़कर और पालन करके अपना परिवारों का भरण पोषण व जीविकापार्जन करने को विवश होना पड़ा। ऐसे में गेतलसूद जलाशय में सोलर पैनल प्लांट लगायें जाने से मछुवारों के साथ अन्याय होगा। प्रदर्शनकारी मछुआरों ने सोलर पैनल प्लांट को गेतलसूद जलाशय को छोड़ दूसरे स्थान पर लगाए जाने की सरकार से अपील की है। इससे पूर्व मछुवारों ने गेतलसूद से हाथों में तख्तियां लिए बाइक रैली कर प्रखंड मुख्यालय पहुंचे प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ रीझु नायक सचिव भोला महतो ने किया मौके पर सुजीत नायक सूरज नायक मनेश्वर नायक चामू नायक विजय मुण्डा सावन नायक सावन सिंह बाबुराम महतो रोगन मुण्डा सुजीत रजक बीर सिंह नायक विजय नायक छबिया नायक रामु नायक शिव प्रसाद नायक संहित सैकड़ों की संख्या में मछुवा महिला पुरुष उपस्थित थे।

**Office Of The Executive Engineer**
**Water Ways Division, Hazaribagh.**

Very Short Notice Inviting e- Quotation (4th call)

Office Email Id- eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in

No: WRD/WWDivision, Hazaribag/Quotation-01/2024-25(4th call) Date: 30.07.2024

Government of Jharkhand through its public works Department PWD is engaged in framing/revision of Schedule of Rates as part of the endeavour quotations through e- tender are invited for rate of items/materials and hire charges of P&M (including POL) annexed as Annexure-I & Annexure-II for construction works from quarry owners/crusher owners/Reputed manufacturer/ Authorised dealers/suppliers and other stakeholders authorised for respective items having valid GSTIN of materials. The rate confirming two specifications for inclusion in the schedule of Rates for government of Jharkhand to be used in different civil construction/Infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website www.jharkhandtenders.in Details of material and its specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 31.07.2024 at 11:00 hours to 07.08.2024 at 15:00 hrs.

The quotation will be opened on 08.08.2024 at 12:00 hours. The quotation is invited to ascertain and access the rate of materials as per with lowest market rate for framing of schedule of rate.

Executive Engineer,
WaterWays Division,
Address-WaterWaysDivsion,Hazaribag
Mobile number-7280967608
Email Id-eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in

PR 331263 Water Resource(24-25).D

# सुप्रीम फैसला


सुप्रीम कोर्ट की बैंच ने इस बाबत फैसला सुनाया कि कानून राज्यों को खानों और खनिज विकास पर कर लगाने से प्रतिबंधित नहीं करता है। निश्चित रूप से इस फैसले से प्राकृतिक संपदा से संपन्न गरीब राज्यों मसलन झारखंड और ओडिशा को विशेष रूप से लाभ होने की उम्मीद जगी है। ये राज्य केंद्र द्वारा खानों और खनिजों पर लगाये गए हजारों करोड़ों रुपये के करों की वसूली की मांग करते रहे हैं। निस्संदेह, यदि केंद्र सरकार राज्यों की माली हालत के मद्देनजर उनकी जरूरतों तथा आकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील होती तो निश्चित रूप से इस विवाद को बातचीत के जरिये सुलझाया भी जा सकता था। जब लंबे समय तक इस मामले का निस्तारण नहीं हो सका तो अन्ततः देश की शीर्ष अदालत को गतिरोध तोड़ने के लिये हस्तक्षेप करना ही पड़ा। इसमें दो राय नहीं है कि केंद्र और राज्यों के बीच कई मुद्दों पर टकराव कोई नई बात नहीं है। लेकिन देखने में आया है कि हाल के वर्षों में यह विवाद आम बात हो चला है। निश्चित रूप से किसी भी राष्ट्र की संघीय व्यवस्था के लिये ये टकराव व विवाद कोई शुभ संकेत तो कदापि नहीं हैं। इसमें दो राय नहीं कि कुछ मुद्दे सहमति, सामंजस्य और संवेदनशीलता से भी सुलझाए जा सकते हैं। जिससे राज्यों के आर्थिक संकट को भी दूर किया जा सकता है। दरअसल, इस बात पर गंभीर विमर्श की जरूरत है कि हाल के वर्षों में केंद्र-राज्यों के बीच कलह के मामले लगातार क्यों बढ़ते जा रहे हैं। निस्संदेह, इस टकराव के राजनीतिक निहितार्थ भी हैं। गैर भाजपा शासित राज्यों से कथित भेदभाव के आक्षेपों के साथ सवाल उठाने का मौका दिया है। विपक्ष ने केंद्र सरकार पर राजनीतिक रूप से पक्षपात वाला बजट बनाने का आरोप लगाया है। केंद्र व राज्यों के बीच टकराव की अप्रिय स्थिति को ही दशार्ता है।

# जहरीला होता भूजल

हमारे नीति-नियंता लगातार आ रहे उन विभिन्न संकेतों और सर्वेक्षणों को नजरअंदाज करते रहे हैं, जो बताते रहे हैं कि पंजाब में भूजल लगातार जहरीला होता जा रहा है। यह जानते हुए भी कि भूजल में जहरीली धातुओं और प्रदूषकों की उपस्थिति खतरनाक स्तर तक जा पहुंची है। निस्संदेह, इस बाबत किसी प्रमाणिक जांच में बेहद कम प्रगति देखी गई है। दरअसल, पंजाब कई दशकों से इस संकट से लगातार पीड़ित है। लेकिन एक हालिया चौंकाने वाली रिपोर्ट बताती है कि पंजाब के भूजल में नाइट्रेट, लौह अयस्क, आर्सेनिक, क्रोमियम, मैंगनीज, निकल, कैडमियम, सीसा और यूरेनियम की खतरनाक उपस्थिति की पुष्टि हुई है। दरअसल, पंजाब में व्यावसायिक कृषि के क्रम में लगातार उत्पादन बढ़ाने के मकसद से जिस बड़ी मात्रा में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग हुआ है, उसका खमियाजा पंजाब के आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। दरअसल, देश की खाद्य श्रृंखला को सुनिश्चित करने के क्रम में हरित क्रांति में पंजाब ने जो योगदान दिया, उसकी कीमत किसानों और आम नागरिकों को चुकानी पड़ रही है। ये रासायनिक पदार्थ हमारे पेयजल व खाद्य पदार्थों में मिलकर गंभीर रोगों के वाहक बन रहे हैं। लेकिन पंजाब के इस महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद उसके पानी के संकट का समाधान तलाशने की कोई गंभीर पहल होती नजर नहीं आती। जिसका नतीजा यह हुआ कि प्रदूषित पानी की चपेट में आकर लोग कैंसर व अन्य गंभीर रोगों के शिकार बन रहे हैं। दरअसल, इन घातक रासायनिक पदार्थों के हमारे खान-पान में प्रवेश करने से उच्च स्तरीय अवसाद और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी बीमारियों का भी जन्म होता है। पेयजल व हमारे खाद्य पदार्थों में मैग्नीशियम व सोडियम की अधिकता से उपजे जानलेवा रोग जीवन पर संकट उत्पन्न कर सकते हैं।

# राष्ट्रीयकरण, एकीकरण और निजीकरण





-टी बंधोप्ध्याय

> जून 1969 में बैंकों का जमा पोर्टफोलियो 4,646 करोड़ रुपये और कुल ऋण 3,599 करोड़ रुपये था। 1 जुलाई, 2022 तक जमा पोर्टफोलियो बढ़कर 169 .6 लाख करोड़ रुपये और कुल ऋण 123 .8 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गए हैं। सरकार ने निजीकरण की योजना से पहले विलय की मुहिम चलाई ताकि बैंकों को बड़ा और मजबूत बनाया जा सके।

जुलाई 1969 में कुछ निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था। अब इन्हें पलटने का काम 53 साल बाद हो रहा है। शुरूआत में आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के अलावा 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से केवल दो का निजीकरण होगा। आईडीबीआई बैंक पहले ही निजीकरण की प्रक्रिया से गुजर रहा है। 19 जुलाई, 1969 की मध्य रात्रि को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के राष्ट्र को संबोधन के कुछ घंटों के बाद 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। इन बैंकों में हरेक की जमाएं कम से कम 50 करोड़ रुपये थीं। दूसरे चरण में छह बैंकों का राष्ट्रीयकरण 1980 में किया गया। इन बैंकों में से प्रत्येक की जमाएं 200 करोड़ रुपये से अधिक थीं।

उसके बाद बैंकिंग उद्योग में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। जून 1969 में 73 वाणिज्यिक बैंक थे। अब 78 हैं, जिनमें लघु वित्त बैंक, भुगतान बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और स्थानीय क्षेत्र बैंक शामिल नहीं हैं। जून 1969 से दिसंबर 2021 के बीच बैंक शाखाओं की संख्या 8,262 से बढ़कर 2,11,332 पर पहुंच गई है।

जून 1969 में बैंकों का जमा पोर्टफोलियो 4,646 करोड़ रुपये और कुल ऋण 3,599 करोड़ रुपये था। 1 जुलाई, 2022 तक जमा पोर्टफोलियो बढ़कर 169.6 लाख करोड़ रुपये और कुल ऋण 123.8 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गए हैं।

सरकार ने निजीकरण की योजना से पहले विलय की मुहिम चलाई ताकि बैंकों को बड़ा और मजबूत बनाया जा सके। इससे सरकारी बैंक की संख्या घटकर 12 रह गई है, जो 2017 में 27 थी। उनमें से सात काफी बड़े हैं और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) परिसंपत्तियों के लिहाज से दुनिया भर में शीर्ष 50 बैंकों में शामिल है।

पहली बार फरवरी 2021 के केंद्रीय बजट में दो पीएसबी के निजीकरण का जिक्र किया गया। उससे पहले सरकार ने आईडीबीआई बैंक के निजीकरण की प्रतिबद्धता जताई थी। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने जनवरी 2019 में आईडीबीआई बैंक में 51 फीसदी हिस्सेदारी ली। उसके बाद एलआईसी की हिस्सेदारी घटकर 49.24 फीसदी पर आ गई क्योंकि बैंक ने दिसंबर 2020 में पात्र संस्थागत निवेशकों से 1,435 करोड़ रुपये जुटाकर अपनी इक्विटी बढ़ाई है। इस बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 45.48 फीसदी है।

आईडीबीआई बैंक एक निजी बैंक है, जिसका परिचालन कंपनी अधिनियम, 2013 के मुताबिक होता है। फिर भी यह केंद्रीय सतर्कता आयोग की जकड़न से मुक्त नहीं है, यह सूचना के अधिकार के दायरे में भी आता है और इसे राजभाषा नियमों का भी पालन करना होता है। ये सभी सरकारी बैंकों की विशेषताएं हैं।

एलआईसी ने जरूरत पड़ने पर पांच साल के लिए पूंजी झोंकने और 12 साल में अपनी हिस्सेदारी घटाकर 40 फीसदी पर लाने की प्रतिबद्धता जताई है। हालांकि भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के आदेश के मुताबिक एलआईसी जल्द ही बैंक में अपनी हिस्सेदारी घटाकर 15 फीसदी पर लाएगी और बैंक का प्रबंधन छोड़ देगी। परंपरागत रूप से सरकार पीएसयू में अपनी हिस्सेदारी धन कमाने के लिए बेच रही है, लेकिन बैंकों के निजीकरण के पीछे तर्क सार्वजनिक धन को उनका वजूद बचाए रखने में उपयोग करने पर रोक लगाना है। सरकार 1994 से इन बैंकों में करीब 4.5 लाख करोड़ रुपये पूंजी के रूप में झोंक चुकी है। निजीकरण का रास्ता साफ करने के लिए बैंक राष्ट्रीयकरण अधिनियम में संशोधन करना जरूरी है। क्या सरकार अपनी हिस्सेदारी 51 फीसदी से थोड़ा नीचे लाकर रुक जाएगी या इसमें और कटौती करेगी? यह निजीकरण की सफलता के लिए बहुत अहम है। अगर सरकार निवेशकों में पीएसबी को लेकर उत्साह का संचार करना चाहती है तो उसे कुछ और बदलाव लाने की जरूरत है। राष्ट्रीयकरण अधिनियम सरकार को व्यापक नियंत्रक शक्तियां देता है, जो अन्य किसी प्रमुख शेयरधारक को उपलब्ध नहीं हैं। मसलन, सरकार 10 फीसदी से अधिक वोटिंग का इस्तेमाल कर सकती है, लेकिन यह विशेषाधिकार अन्य किसी शेयरधारक को नहीं है। इसकी पूंजी बढ़ाने और घटाने में निर्णायकभूमिका है

यह जनहित में राष्ट्रीयकृत बैंकों को निर्देश (धारा 8) दे सकती है। वैसे यह काम आरबीआई के साथ विचार-विमर्श के बाद होना चाहिए। लेकिन आम तौर पर यह काम वित्त मंत्रालय की एक शाखा बैंकिंग विनियामक को जानकारी दिए बिना ही करती है। उसके पास पूर्णकालिक निदेशकों (एमडी सहित), गैर-कार्यकारी चेयरमैन और निदेशक मंडल के अन्य सदस्यों की नियुक्ति का अधिकार है। वह बोर्ड को बदल सकती है (धारा 18ए) और नियमों बनाने को मंजूरी दे सकती है (धारा 19)।

सरकार के पास किसी बैंक के परिसमापन की शक्ति है। दो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय के लिए सरकार की मंजूरी आवश्यक है।

कुल मिलाकर सरकार के पास किसी भी बोर्ड द्वारा चलाई जा रही कंपनी में बहुलांश हिस्सेदार से अधिक शक्तियां हैं। पीएसबी के लिए सरकार स्वामित्व और नियामकीय शक्तियों, दोनों के लिहाज से सुपरबोर्ड है।

केवल सरकार की हिस्सेदारी को घटाकर 51 फीसदी से नीचे लाने से पीएसबी के लिवाल नहीं मिलेंगे। अगर सरकार शक्तियां छोड़ने को तैयार है तो उसे अपनी हिस्सेदारी कम से कम 26 फीसदी पर लानी चाहिए।

निवेशक पैसा लगाकर सरकार का हस्तक्षेप/दखल/नियंत्रण नहीं चाहेगा।

आखिर में सीईओ और ईडी की अवधि लंबी- 60 साल से अधिक होनी चाहिए। इस समय निजी बैंकों में सीईओ की उम्र सीमा 70 साल है। वेतन-भत्ते बाजार आधारित होने चाहिए। वर्ष 2014 में जेपी नायक समिति ने ये सिफारिशें की थीं, जो भारत में बैंकों के बोर्डों के प्रशासन की समीक्षा के लिए गठित की गई थी। आठ साल बीत चुके हैं, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ है। सरकार बैंक राष्ट्रीयकरण की 53वीं वर्षगांठ मना रही है। ऐसे में अगर वह कुछ पीएसबी के निजीकरण को लेकर गंभीर है तो उसे आत्ममंथन करना चाहिए।

## खास बात

# बजट की समझ

**वी एस कृष्णन**

भारत में बजट को लेकर इतनी उत्सुकता और उम्मीदें क्यों होती हैं? सामान्यतया तो दुनिया के अन्य देशों की तरह इसे भी सालाना लेखा कवायद ही होना चाहिए। परंतु भारत में यह अलग इसलिए है कि 1990 के दशक के सुधार के दौरान बजट न केवल व्यापक नीतिगत सुधार की घोषणा का माध्यम बना था बल्कि उसमें ही मध्यम से लंबी अवधि की प्राथमिकताओं का ब्योरा भी दिया गया था।

इस बजट में नीतियों से अधिक कार्यक्रमों पर जोर दिया गया। यह बजट रोजगार को लेकर खासकर युवा बेरोजगारी को लेकर सरकार की चिंताओं को जाहिर करता है। सरकार ने जो प्राथमिकताएं सामने रखी हैं वे कई तरह से इस क्षेत्र की समस्याओं को दूर करना चाहती हैं। संतोषजनक बात यह थी किस सरकार राजकोषीय विवेक को लेकर अपनी प्रतिबद्धता पर टिकी रही और चालू वर्ष में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 4.9 फीसदी पर लाने का लक्ष्य तय किया।

अंतरिम बजट में इसके 5.1 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया था। यह वादा भी किया गया कि अगले वर्ष इसे 4.5 फीसदी तक लाया जाएगा। कराधान के मोर्चे पर अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष दोनों करों की प्रक्रिया को सहज बनाने तथा योजनाओं और रियायतों की बहुलता को धीरे-धीरे चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की बात कही गई है। प्राथमिकता वाले अन्य क्षेत्रों में कर विवादों में कमी लाना शामिल है।

इस प्रयास में, अप्रत्यक्ष कर जैसे उत्पाद शुल्क और सेवा करों से संबंधित विरासती कर मामलों में अपील दायर करने की मूल्य सीमा बढ़ा दी गई है। करदाताओं को दी जाने वाली सेवाओं के डिजिटलीकरण को भी प्राथमिकता देने की बात कही गई है ताकि कर भुगतान के अनुभव को कम तनावपूर्ण बनाया जा सके। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने से बजट में इससे संबंधित नीतिगत घोषणाएं नहीं हो पाई हैं, क्योंकि इनका निर्णय केंद्र और राज्यों की संयुक्त जीएसटी परिषद द्वारा किया जाता है वित्त मंत्री ने यह अवश्य कहा कि आगे चलकर दरों को युक्तिसंगत बनाया जाएगा और प्रक्रियाओं को सहज।

# शिव के वरद पुत्र

## विचार-प्रवाह

**-अशोक प्रवृद्ध**

**विद्यापति** शिव एवं शक्ति दोनों के प्रबल भक्त थे। शक्ति के रुप में उन्होंने दुर्गा, काली, भैरवि, गंगा, गौरी आदि का वर्णन अपनी रचनाओं में यथेष्ठ किया है। मिथिला के लोगों में यह बात आज भी व्याप्त है कि जब महाकवि विद्यापति काफी उम्र के होकर रुग्न हो गए तो अपने पुत्रों और परिजनों को बुलाकर यह कहा कि मेरी इच्छा है कि मैं गंगा के किनारे गंगाजल को स्पर्श करता हुआ अपने दीर्घ जीवन की अन्तिम सांस लूं। अतः आप लोग मुझे गंगालाभ कराने की तैयारी में लग जाएं। परिवार के लोगों ने महाकवि का आज्ञा का पालन करते हुए चार कहरियों को बुलाकर महाकवि के जीर्ण शरीर को पालकी में सुलाकर सिमरिया घाट गंगालाभ कराने के लिए चल पड़े। आगे-आगे कहरिया पालकी लेकर और पीछे-पीछे उनके सगे-सम्बन्धी। रात-भर चलते-चलते जब सूर्योदय हुआ तो विद्यापति ने पूछा- भाई, मुझे यह तो बताओ कि गंगा और कितनी दूर है? साथ चलने वालों ने बताया कि अभीकरीब पौने दो कोस दूर है। इस पर महाकवि ने वहीं अपनी पालकी रोक देने की आज्ञा दी और कहा कि गंगा यहीं आएंगी। साथ चलने वालों के गंगा तक चलने की प्रार्थना करने पर भी वे नहीं माने और कहते रहे कि हमें और आगे जाने की जरुरत नहीं। गंगा यहीं आएगी। इतना कहकर महाकवि ध्यानमुद्रा में बैठ गए। पन्द्रह-बीस मिनट के अन्दर गंगा अपनी उफनती धारा के प्रवाह के साथ वहां पहुंच गयी। सभी लोग आश्चर्य में थे। सर्वप्रथम गंगा को दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम किया, फिर जल में प्रवेश कर एक गीत की रचना की और प्रार्थना करते हुए उसमें अपनी प्राण त्याग दी।

महान स्वतंत्रता सेनानी, उत्कृष्ट शिक्षाविद् व प्रखर समाज सुधारक, ईश्वर चन्झारखण्ड सरकार में पूर्व मंत्री और झरिया विधानसभा के पूर्व विधायक आदरणीय श्री बच्चा सिंह जी के निधन के दुःखद समाचार मिला। वे हमेशा मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ते रहे द्र विद्यासागर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। **- हेमंत सोरेन, सीएम**

## आपके ट्वीट

भाजपा की मंशा, मानसिकता और नीयत से पर्दा हटा दिया है।मैं भाजपा को बता देना चाहता हूं कि हम हर कीमत पर जातिगत जनगणना को हकीकत बना कर वंचितों को न्याय दिलाएंगे।
**- राहुल गांधी**





महान स्वतंत्रता सेनानी, उत्कृष्ट शिक्षाविद् व प्रखर समाज सुधारक, ईश्वर चन्द्र विद्यासागर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।
**- अन्नपूर्णा देवी**

## कार्टून वर्ल्ड

महंगाई मार गयी




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### गडकरी के बोल

**ऐसे** में लोग असमंजस में हैं कि जो पं. नेहरू लगातार भाजपा के निशाने पर रहा करते थे, उनको लेकर यह सदाशयता क्यों? पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा था कि लोकतंत्र के लिये कांग्रेस का मजबूत होना जरूरी है, उसकी जगह यदि क्षेत्रीय दल लेते हैं तो यह लोकतंत्र के हित में नहीं है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है?

**–आनंद प्रतिहस्त, रांची**

### भ्रम की स्थिति

**जाहिर** बात है जो पार्टी कांग्रेस मुक्त भारत की बात करे, उसी के दिग्गज नेता कांग्रेसयुक्त भारत की बात करने लगें तो हैरत होना स्वाभाविक है। ऐसे में सवाल उठता है कि ये बयान पार्टी की किसी रणनीति का हिस्सा हैं या फिर भाजपा के दिग्गज नेता मन की बात करने लगे हैं। या फिर पार्टी के भीतर कमतर मूल्यांकन के चलते ये प्रतिरोध के स्वर उभर रहे हैं।

**– सुजाता सिंह, रांची**

# किसानों को निश्चित मूल्य नहीं निश्चित आय जरूरी

## सामयिक

**टी. एन. नाइनन**

**देश** के किसानों के समक्ष जो समस्या है वह फसल कीमतों से अधिक आय से संबंधित है। सरकार 2,000 रुपये प्रति क्विंटल से कम कीमत पर गेहूं खरीदती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी यह लगभग इसी कीमत पर मिल सकता है। परंतु चावल, जिसका भारत एक प्रमुख निर्यातक है वह एक अलग तस्वीर पेश करता है। भारत अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपना चावल सबसे सस्ती कीमत पर बेचता है। इसके बावजूद इसकी कीमत इतनी आकर्षक है कि किसान भारी मात्रा में धान का उत्पादन करते हैं। बल्कि ऐसे राज्यों में भी धान बोया जाता है जहां भूजल स्तर काफी कम हो चुका है। जबकि इन किसानों को अन्य फसलों का रुख करना चाहिए, खासकर तब जबकि धान की सरकारी खरीद की कीमत उतनी आकर्षक नहीं रह जाए। किसान ऐसा नहीं करते और यह अपने आप में हमें कुछ बताता है।

यदि सरकार वैश्विक कीमतों के समान कीमतों की पेशकश करे तो क्या प्रदर्शनकारी किसान लौट जाएंगे? शायद धान किसान लौट जाएं लेकिन गन्ना किसान नहीं लौटेंगे। उधर रबर जैसी फसल उगाने वाले किसान उच्च आयात शुल्क रूपी संरक्षण जारी रखना चाहेंगे। यानी अलग-अलग फसल के लिए अलग-अलग कीमत जारी रहेगी। सरकार प्रदर्शनकारी किसानों से चाहे जिस तरह निपटे लेकिन फसलों को तार्किक बनाना जरूरी है। इसके साथ ही उत्पादन में सुधार भी जरूरी है। खेतों में बहुत बड़ी तादाद में लोग काम करते हैं। ऐसे में प्रति व्यक्ति आय कम है और किसान गरीब महसूस करते हैं और उनके मन में निराशा का भाव रहता है। ज्यादातर किसान इसलिए गरीब हैं क्योंकि श्रमशक्ति का आधा हिस्सा खेती में है और राष्ट्रीय आय का केवल सातवां हिस्सा उत्पादित करता है। समस्या का हल खेतों में नहीं बल्कि कारखानों में है। अधिशेष श्रमिकों को श्रम आधारित विनिर्माण में खपाया जा सकता है। वे कारखाने में उत्पादन बढ़ाएंगे और उन्हें अधिक भुगतान मिलेगा। यदि खेतों में कम लोग काम करेंगे तो उनकी प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी। तब किसान सुनिश्चित आय को लेकर कम चिंतित होंगे।

विनिर्माण क्षेत्र में समुचित रोजगार के अभाव में लोग दूसरे पेशों का रुख कर रहे हैं। आर्थिक जनगणना के मुताबिक 5.8 करोड़ ऐसे प्रतिष्ठान हैं जिनमें काम करने वाले 70 फीसदी लोगों को कोई भुगतान नहीं किया जाता। इनमें से आधे अपने घरों से काम कर रहे थे। घर से बाहर काम करने वालों के पास कोई तयशुदा ढांचा नहीं था। इनमें से अधिकांश को वास्तव में प्रतिष्ठान नहीं कहा जा सकता। वे बस किसी तरह काम चला रहे हैं। बिना समुचित रोजगार के समस्या का विस्तार खेतों से परे भी होना तय है।

पुनश्चः किसी को यह अभियान शुरू करना चाहिए कि एफसी कोहली को भारत रत्न दिया जाए। उनका कुछ दिन पहले 96 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। केवल एमएस स्वामीनाथन (कृषि में) और वर्गीज कुरियन (डेरी में) ने ही लोगों के जीवन और देश के आर्थिक परिदृश्य में बदलाव लाने में कोहली से अधिक योगदान किया है। उन्होंने टाटा कसल्टेंसी सर्विसिज में सॉफ्टवेयर सेवा उद्योग की बुनियाद रखी जो देश का सबसे बड़ा निर्यातक है और लाखों लोगों का रोजगार प्रदाता भी है। उनका काम यहीं तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने सिस्टम्स इंजीनियरिंग शिक्षा को बढ़ावा दिया और ऐसे सॉफ्टवेयर विकसित करने के पाठ्यक्रम तैयार किए जो उनके मुताबिक सामान्य कंप्यूटर पर 40 घंटे में निरक्षरता समाप्त कर सकता था। वह एकदम सहज तरीके से रहते थे लेकिन उनका प्रदर्शन एम विश्वेश्वरैया और एपीजे अब्दुल कलाम जैसा था। अब तक केवल इन्हीं दो इंजीनियरों को भारत रत्न मिला है।

# कार्यस्थल पर महिलाओं को समान अवसर नहीं

## समाज

**कनिका दत्ता**

इस महीने की दो घटनाओं ने कार्यस्थल पर महिलाओं की संख्या बढ़ाने के जटिल मुद्दे से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं को स्पष्ट रूप से दशार्या है। महीने की शुरूआत में केंद्र सरकार द्वारा कथित रूप से भेदभावपूर्ण भर्ती वाली प्रक्रिया की ओर ध्यान दिलाए जाने के बाद राज्य श्रम विभाग की टीम ने ऐपल के आईफोन असेंबलर फॉक्सकॉन के श्रीपेरुंबुदुर, तमिलनाडु में मौजूद संयंत्र का दौरा किया।

इसका कारण रॉयटर्स की एक जांच थी जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि वर्ष 2023 और 2024 के दौरान फॉक्सकॉन ने अपने मुख्य आईफोन संयंत्र में विवाहित महिलाओं को काम पर रखने से इनकार कर दिया था। उम्मीद के मुताबिक कंपनी ने इस तरह की किसी भी प्रक्रिया से साफ इनकार कर दिया। कंपनी के मानव संसाधन (एचआर) अधिकारी ने श्रम विभाग के अधिकारियों को बताया कि कंपनी के कुल कर्मचारियों में से आठ प्रतिशत विवाहित महिलाएं हैं लेकिन इसने आईफोन संयंत्र (कंपनी गूगल के लिए पिक्सल स्मार्टफोन भी बनाती है) में महिलाओं की उपस्थिति का कोई ब्योरा नहीं दिया। कंपनी ने यह भी कहा कि हाल में जो भर्तियां हुई हैं उनमें से 25 प्रतिशत विवाहित महिलाएं हैं।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ हैं। अदालत ने इस नीति के प्रतिकूल परिणामों की ओर भी पूरी वैधता से इशारा किया जिसमें कंपनियों को महिलाओं को काम पर रखने से हतोत्साहित करना भी शामिल है।

दोनों मुद्दे महिलाओं को काम पर रखने से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं की ओर इशारा करते हैं जिसका सामना कॉरपोरेट प्रबंधन नियमित रूप से कर रहा है लेकिन कार्यस्थल पर महिलाओं से जुड़े विमर्श पर शायद ही खुलकर चर्चा होती है। महिला अधिकार महिलाओं से जुड़े अधिकार, विविधता और समानता के परिप्रेक्ष्य में कार्यस्थल पर अधिक महिलाओं की भर्ती की वकालत करते हैं। लेकिन कम ही लोग नियोक्ता कंपनी या संस्थान के नजरिये से इस मुद्दे को देखते हैं।

ऐसा करना महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इस समस्या से बेशक कार्यस्थल पर महिला-पुरुष विविधता को प्रोत्साहित करने पर असर पड़ता है। कोई भी सीईओ (मुख्य कार्य अधिकारी) या मानव संसाधन (एचआर) प्रबंधक (यहां तक अगर वे महिलाएं हैं तब भी) इस बात की पुष्टि करेंगे कि महिलाओं की विशेषतौर पर विवाह योग्य या बच्चा पैदा करने के लिए उपयुक्त उम्र वाली महिलाओं की नियुक्ति की लागत अधिक हो सकती है। कंपनी जितनी छोटी होगी उसका मार्जिन उतना ही कम होगा ऐसे में मातृत्व या मासिक धर्म अवकाश की लागत या इससे जुड़े नतीजे की लागत वहन करने की उनकी क्षमता भी उतनी ही कम होगी।

साल 2017 में पहली दो संतानों के लिए महिलाओं को दिए जाने वाले मातृत्व अवकाश की अवधि बढ़ाकर 12 से 26 सप्ताह कर दी गई थी, जो नियम 50 या इससे अधिक कर्मचारियों वाले किसी भी संस्थान पर लागू होता है। महिला कर्मचारियों के नजरिये से यह पूरी तरह स्वीकार्य योग्य फैसला है। लेकिन कंपनी के प्रबंधन के नजरिये से देखें तो स्थिति कुछ और होती है। मसलन इस अवधि के दौरान किसी और की भर्ती करने या प्रशिक्षण की लागत दोगुनी हो जाती है, ऐसे में महिलाओं की भर्ती की संभावना काफी कम होने लगती है। इसके अलावा 50 से अधिक कर्मचारियों वाली कंपनियों में बच्चों की देखभाल के लिए क्रेच सेवाएं अनिवार्य किए जाने पर इससे जुड़ी लागत (और परेशानियां) और बढ़ जाती हैं।

अधिकांश महिला कर्मचारी मासिक धर्म अवकाश के रूप में कुछ समय की छुट्टी लेना चाहेंगी। लेकिन कंपनी के दृष्टिकोण से देखा जाए तो किसी चल रही परियोजना के बीच में या बड़े पैमाने पर उत्पादन कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने से काफी असुविधा होती है।

इन चिंताओं के कारण कंपनियां महिलाओं को नौकरी देने से हिचकिचाती हैं और अक्सर ऐसा करती भी हैं।

# वार्ड सदस्यों को हर्ष अजमेरा ने किया सम्मानित

## कटकमदाग प्रखंड में जनशक्ति सम्मान समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा पिछले कई वर्षों से निरंतर रूप से सामाजिक सेवा में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है प्रखंड पंचायत के ट्रांसफार्मर चापाकल जैसे अनेकों कार्य अब तक उनके द्वारा किया जा चुका है और निरंतर रूप से किया भी जा रहा है इसी क्रम मे मंगलवार को कटकमदाग प्रखंड में जनशक्ति सम्मान समारोह का भव्य रूप से आयोजन किया गया इस आयोजन में प्रखंड के समस्त पंचायत के वार्ड सदस्य मौजूद रहे कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा स्वयं शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित व गणेश वंदना से हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन कटकमदाग के स्थानीय सदस्य के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पधारे स्थानीय जनप्रतिनिधियों की संबोधन के साथ कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ जिसके बाद सभी वार्ड सदस्यों को हर्ष अजमेरा के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दृष्टिकोण से पौधा एवं ऑफिस बैग देकर सम्मानित किया गया उनके द्वारा किए गए समाज के प्रति कार्य की सरहाना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। वार्ड सदस्यों के द्वारा अपने वार्ड में विकास कार्यों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में मदद करते हैं वार्ड के नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उन्हें संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाना उनका काम है,सरकारी योजनाओं और नीतियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना, स्थानीय प्रशासन और जनता के बीच संपर्क के बिंदु के रूप में कार्य करते हुए आम जनता की सेवा करना उनकी सेवा की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह काफी कम है इसी के दृष्टिकोण से सदर विधानसभा क्षेत्र के समस्त प्रखंडों में जनशक्ति सामान समारोह का आयोजन कर ऐसे शख्सियत कर्मठ वार्ड सदस्यों को सम्मानित किया गया है। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा की वार्ड सदस्य अपने क्षेत्र में सड़कों, पानी की आपूर्ति, और सफाई जैसे बुनियादी ढांचे को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं वे लोगों की समस्याओं को सुनते हैं और उन्हें हल करने के लिए प्रयास करते हैं, जिससे समुदाय का जीवन स्तर बेहतर होता है,सरकारी योजनाओं और नीतियों को लागू करने में उनकी भूमिका को सराहा जाता है, जैसे कि स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, और पेंशन योजनाएं। मौके पर कटकमदाग प्रमुख कुमारी विनीता, पूर्व जिला परिषद विजय सिंह भोगता ,सुनील पांडे, विकास कुशवाहा, सुनील यादव ,रुखसाना खातून , उप मुखिया मोहम्मद खुर्शीद, उप मुखिया मोहम्मद इमरान, उपमुखिया अवधेश प्रसाद, सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने अंचल कार्यालय में लगाया जनता दरबार, कहा

# सीओ के खिलाफ मिल रही हैं शिकायतें, सुधार लायें



खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** झारखंड विधानसभा मानसून सत्र में शामिल होने के कारण विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा लगने वाले जनता दरबार में उनके अनुपस्थिति में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने जनता दरबार लगाया। इस दौरान पूर्व मंत्री ने क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी एवं उनका निष्पादन के लिए सीओ एवं बीडीओ को निर्देश दिया।

इस दौरान सीओ बालेश्वर राम पर पूर्व मंत्री बिफर पड़े। उन्होंने सीओ से कहा कि अंचल संबंधित कई शिकायतें लगातार ग्रामीणों द्वारा प्राप्त हो रही है। आप सुधर जाए अन्यथा इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि हमें मजबूर ना करें, जनता का कार्य सर्वोपरि है इससे किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। ज्ञात हो की ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि विधायक मद से संबंधित भूमि प्रतिवेदन बनाने में अंचलाधिकारी द्वारा काफी देर की जाती है जिस पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने सुधर जाने के नसीहत दी। जनता दरबार में रामकिशोर शुक्ला,विशेश्वर नाथ चौबे,जगत नंदन प्रसाद गुप्ता,आनंद कुमार,लालू कुमार,श्याम कुमार भार्गव, मोहम्मद बाबर,मोहम्मद तसलीम,मनदीप सिंह, चैतलाल महतो सहित कई गांव के लोग मौजूद थे।

## कुजू जनता मजदूर संघ की बैठक में लिये गये कई अहम निर्णय

**कुजू।** नयामोड यूनियन कार्यालय में जनता मजदूर संघ सीसीएल कुजू क्षेत्र में रीजनल कमेटी की समीक्षा बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो व संचालन उमेश साव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के सीसीएल जॉन अध्यक्ष कमलेश सिंह, सचिव टिनू सिंह, वेलफेयर बोर्ड मेंबर सुखदेव प्रसाद, रीजनल उपाध्यक्ष अशोक शर्मा शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री सिंह कहा कि सीसीएल कुजू क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। यहां पर ऐसे कई अधिकारी हैं जो वर्षों से एक ही कुर्सी पर बैठकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। जबकि विजिलेंस का साफ आदेश है कि सभी सीसीएल क्षेत्र में वर्षों से जमे अधिकारियों व कर्मियों का ट्रांसफर किया जाए, लेकिन लोभ की लालच में अधिकारी जमे हुए है। वही सुखदेव प्रसाद ने कहा कि सीसीएल कुजू क्षेत्र में मजदूरों का क्वार्टर जर्जर अवस्था में है।

## रामगढ़ में भाजपा नेता की भतीजी से दो लाख 40 हजार रुपये की लूट

### सीसीटीवी में कैद हुये अपराधी, जांच में जुटी पुलिस



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के बिजुलिया में मंगलवार को दिनदहाड़े एक युवती से बाइक पर सवार अपराधियों ने 2 लाख 40 हजार रूपये लूट लिया और भाग निकले। जानकारी के अनुसार, भाजपा नेता रंजन फौजी की भतीजी मंगलवार को मेन रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के शाखा से 2 लाख 40 हजार रूपए निकालकर वापस लौट रही थी। उसी दौरान बाइक पर सवार लूटेरे उसका पीछा कर रहे थे। युवती जब बिजुलिया पहुंची तो लूटेरे युवती के पास से बैंक से निकाले हुए रूपए लूटकर फरार हो गए। अपराधियों की संख्या दो बतायी जा रही है। हालांकि अपराधी सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गए हैं। वहीं, घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने युवती से घटना की जानकारी ली। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

# पर्यावरण की सुरक्षा सभी की जिम्मेवारी : सुमंती



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित पावन क्रूस विद्यालय में मंगलवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की सचिव सिस्टर अग्नेस बेक और प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुमंती ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं और शिक्षिक-शिक्षिकाओं ने भी विद्यालय परिसर में दर्जनों फलदार व छायादार पौधे लगाकर इसके संरक्षण का सामुहिक संकल्प लिया। मौके पर विद्यालय की सचिव सिस्टर अग्नेस बेक व प्रधानाध्यापिका सिस्टर सुमंती ने कहा कि पर्यावरण को हराभरा बनाये रखना और इसकी सुरक्षा हमसबों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। पेड़ों की कटाई के कारण प्राकृतिक आपदाओं का खतरा दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। इसे रोकने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर इसकी सुरक्षा का संकल्प लेना होगा। उन्होंने बच्चों का पौधारोपण के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान होते है। अच्छे पर्यावरण तथा भरपूर ऑक्सीजन के लिए सबों को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मो. कमरुद्दीन, सुधीर प्रसाद, रेणु पॉल, निर्मला, कंचन, आशा, संगीता, रजनी सिन्हा, मनीष, पूजा, सिस्टर संगीता, आनंद, सोसन, सेलिन, बासिल, अलमा, अमन, क्रिस्टीना गायत्री आदि का विशेष योगदान रहा।

# पूर्वजों की धरोहर है मेला : संजीव बेदिया

## भुरकुंडा थाना मैदान में श्रावणी मेला का उद्घाटन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा थाना मैदान में श्रावणी मेला समिति द्वारा आयोजित भव्य श्रावणी मेला का रविवार शाम उद्घाटन किया गया। मेला का उद्घाटन भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव निशि पांडेय, झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया और भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। निशि पांडेय ने कहा कि श्रावण माह के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावणी मेला लगने के बाद लोगों में हर्ष का माहौल है। साथ बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मेला आपसी भाईचारगी व प्रेम का भी संदेश देता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से शांतिपूर्ण माहौल में मेला का आनंद लेने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। वहीं झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि मेला हमारे पूर्वजों की धरोहर है, यह हमें उनकी की याद ताजा कराती है। उन्होंने कहा कि मेला में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है। हमसबों को इसे संजोए रखने की जरूरत है। मेला में लगे मीना बाजार, झूला एवं विद्युत सज्जा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेला में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगों ने झूला का आनंद लेते हुए एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। मौके पर विनय सिंह, संजय वर्मा, मेला कमेटी के अजय पासवान, झामुमो नेता मुकेश राऊत, बबलू ठाकुर, राजेश सोनी, सागर कुमार, रोशन पासवान, मंसूर खान, विश्व हिन्दू परिषद सह दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव, अंजू ठाकुर सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ में झामुमो ने किया प्रदर्शन

**रामगढ़।** मंगलवार को रामगढ़ के सुभाष चौक पर भी जेएमएम जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू के नेतृत्व में विरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के कुछ सांसद संथाल परगना, बिहार और बंगाल राज्यों को मिलाकर यूनियन टेरिटरी बनाने की कुंठित मानसिकता रखते हैं। संथाल परगना को शिबू सोरेन ने संघर्षों से संवारा है। संथाल आदिवासियों का क्षेत्र है और यहां आदिवासी ही सत्ता चला सकते हैं। इस इलाके में केंद्रीय नेतृत्व दबंगई चलाने के लिए इस तरह के शगूफे छोड़ रहा है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि निशिकांत का बयान भाजपा की मानसिकता को स्पष्ट कर रहा है।

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में धूमधाम से मना प्रकाश पर्व



**रामगढ़।** श्री गुरुद्वारा साहिब में सोमवार को सिख परंपरा के आठवें गुरु श्री हरिकिशन जी का धूमधाम के साथ मनाया गया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में प्रकाश उत्सव को लेकर रात्रि में विशेष दीवान से लाया गया। टाटानगर से आए रागी जत्था भाई प्रभजोत सिंह ने सबद गायन कर संगत को निहाल किया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब की हजूरी रागी जत्था सरबजीत सिंह ने भी शब्द गायन कर संगत को निहाल किया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में मुख्य रूप से प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा,जोगिंदर सिंह जग्गी, हरजाप सिंह,गुरजीत सिंह,हरपाल सिंह अरोड़ा,मनमोहन सिंह लांबा, रणजीत सिंह छाबड़ा, अंकित कालरा, तेजिंदर सिंह सोनी,मनप्रीत कौर, सतविंदर कौर,मनप्रीत कौर सैनी आदि शामिल हुए।

### विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित बालिका उच्च विद्यालय में मंगलवार को विशेष आमसभा हुआ। आमसभा में बच्चों की उपस्थिति, पठन-पाठन सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का पुर्नगठन किया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अर्पण सुरीन सहित विद्यालय के सहायक शिक्षक/शिक्षिका संजय कुमार मुंडा, धनंजय सिंह, संगीता कुमारी, लीलावती कुमारी, रघुनाथ महतो, विश्वंभर नाथ लिपिक की उपस्थिति में 12 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें कुसुम देवी को सदस्य और चंदा देवी को उपाध्यक्ष मनोनित किया गया। वहीं सदस्यों में मीनू देवी, अंकिता देवी, रंजीता देवी, चरकी देवी, कमोद देवी आदि शामिल हैं।

### सरना साड़ी जलाने की निंदा



भुरकुंडा (रामगढ़)। रिवर साइड भुरकुंडा स्थित सरना स्थल में मंगलवार को केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रितिका भोक्ता और संचालन सचिव संतोष उरांव ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों ने पिछले दिनों भुरकुंडा बाजार जनता टॉकीज के समीप पुतला दहन में सरना साड़ी जलाये जाने की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए आक्रोश व्यक्त किया गया। कहा गया कि यह घटना आदिवासी-मूलवासी भाइयों-बहनों की भावना के साथ खिलवाड़ है। इस घटना में शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग पुलिस-प्रशासन की गई। बैठक में विश्व आदिवासी दिवस मनाने पर भी चर्चा की गई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि आगामी 9 अगस्त 2024 को केंद्रीय सरना स्थल रिवर साइड भुरकुंडा में पूरे धूमधाम से विश्व आदिवासी दिवस मनाया जायेगा। बैठक में मिथिलेश टुट्टू, पत्रिक मिंज, देवलाल मुंडा, राजेंद्र पाहान, सामु मुंडा, सूरज करमाली, रासेल तिग्गा, माग्रेट खलखो, जोजफीन डिक्रूज, बिगल करमाली, बरतू उरांव, बिरसा उरांव, रतन देवी, रुपणी देवी, ललिता देवी आदि उपस्थित थे।

### मन में शांति लाता है ध्यान : निखिल राज



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बाल चेतना शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस शिविर में विद्यार्थियों ने तनावमुक्त जीवन जीने की कला सीखी। शिविर में मुख्य प्रशिक्षक आर्ट ऑफ लिविंग के निखिल राज ने विद्यार्थियों को ध्यान और योग के माध्यम से जीवन को सकारात्मक बनाने का प्रशिक्षण दिया। सांस लेने की सही शैली के बारे में जानकारी दी। कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षण में सीखी गई बातों का नियमित अभ्यास करके हम अपनी शारीरिक एवं मानसिक क्षमता का विकास कर सकते हैं। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक तकनीक सिखाया गया। सीसीएल बीटीटीआई के प्रबंधक सह आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक नवीन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से सिखाई जाने वाली तकनीक एक सरल ध्यान तकनीक है जो मन को शांति, स्पष्टता और सृजनशीलता से भर देती है। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि हमें अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और इसे सभी के साथ साझा करने की दिशा में काम करना चाहिए। जब हम अपना जीवन इस दिशा में समर्पित करेंगे, तो हम अधिक सार्थक जीवन जीने में सक्षम बन सकेंगे। विद्यार्थियों को छोटे-छोटे कई रोचक गेम्स के माध्यम से अपने ध्यान को केंद्रित करने की कला सिखाई गई। शिविर के अंत में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य विवेक प्रधान, निदेशक अकादमिक एसके चौधरी, मुख्तार सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## एक नजर में

### संघर्ष समिति ट्रेंड लेबर यूनियन की बैठक



बड़कागांव। कोयला खदान संघर्ष समिति ट्रेंड लेबर यूनियन की बैठक सहदेव प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आज तक जितना भी बड़कागांव से बानादाग के बीच सड़क दुर्घटना हुई है। उस दुर्घटना की वजह एनटीपीसी और त्रिवेणी कंपनी है। ग्रामीणों के साथ साथ इन कंपनियों में कार्यरत कर्मी भी जब इस सड़क मार्ग से गुजरते है तो वो लोग भी सोचते है कि मैं आज घर लौट पाऊंगा की नही। इन कंपनियों से कोयला लेकर निकलने वाले ओवरलोड ट्रक या हाइवा बेतरतीब रफ़्तार से सड़क पर दौड़ते है जिससे लोगो को दुर्घटना ग्रस्त होने का भय बना रहता है । एनटीपीसी और त्रिवेणी कंपनी का कहना था कि जब कनवेयर लेन चालू हो जाए तो हाइवा ट्रक से कोयला ढुलाई बंद करवा दिया जायगा। लेकिन आज तक ऐसा हुआ नहीं है। एनटीपीसी का कहना था कि 12 किलो मीटर तक बिजली फ्री दी जाएगी वो भी नहीं हुआ। एनटीपीसी हमेशा अपनी बातों से मुकरते आ रही है। अगर यही हाल रहा तो ट्रेड लेबर यूनियन मजबुरन बाध्य होकर आंदोलन करेगी। बैठक में सुरजीत नागवाल, धीरज कुमार सिंह, कजरू साव, चिंता मनी वर्मा, मनोहर कुमार, अरुण कुमार, संजय कुमार पासवान, प्रमोद कुमार, सुरेश पासवान, ईश्वर महतो, कामेश्वर, सुनील महतो, गणेश पासवान, जागो एका, अग्नु महतो, चेतलाल, ननकु रविदास सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी संजय कुमार पासवान ने दी है।

### दर्जनों लोग कांग्रेस छोड़ आजसू में शामिल




**बड़कागांव।** आजसू पार्टी आवासीय कार्यालय में मिलन समारोह हुआ। इसकी अध्यक्षता प्रखंड सह सचिव घनश्याम मेहता व संचालन केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ने किया। समाजसेवी शशि कुमार मेहता के नेतृत्व मे अशोक कुमार सिन्हा, लालबाबू सिंह, सूरजकांत तिवारी, अजय तिवारी,सुरेश राणा,बालेश्वर राणा,अमित तिवारी आदि शामिल हुए। वही बरवाडीह निवासी रामचंद्र साव के नेतृत्व मे विनोद साव,सुनील कुमार,रोहित साव,अर्जुन कुमार साव,हरी कुमार,बिनोद कुमार, विकास कुमार,गिरधारी कुमार,मनोज कुमार,रुपेश साव,लखन साव,दिलीप कुमार,अमित कुमार,गौतम कुमार, अबोध कुमार,सुरेश साव,गोविन्द कुमार, सचिन कुमार,सोहन कुमार, लक्ष्मण कुमार,बैजनाथ साव,रौशन कुमार,प्रकाश कुमार,लालू कुमार राणा सहित अन्य लोगो ने आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रौशन लाल चौधरी के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर आजसू पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया।मौके पर उन्होंने कहा कि मैं बड़कागांव को झारखंड का नंबर वन विधानसभा बनाने का काम करूंगा। क्योंकि मैं और हमारी आजसू पार्टी जात-पात और तुष्टिकरण की राजनीति नहीं सिर्फ और सिर्फ विकास की राजनीति करती है। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव नागेश्वर तुरी,केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा,जिला उपाध्यक्ष दिनेश महतो, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, वरिष्ट नेता रवि राम ,सुरेश गिरी , सब्बू खान, रंजीत महतो, राजेश्वर महतो, आदि आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे ।


### केरेडारी में वज्रपात से चार मवेशियों की मौत

केरेडारी। केरेडारी प्रखंड में मंगलवार को तीन बजे के आसपास हुई बारिश और वज्रपात से चार मवेशियों की मौत हो गई।केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के गरी कलां में हुई जिसमे बिरजू साव पिता लोकन साव के दो बैलों की मौत वज्रपात के कारण हो गई। जानकारी के अनुसार बिरजू साव गरी कलां बड़कागांव मुख्य सड़क स्थित तीन फेडवा आम के समीप अपने बैलों को चरने के लिए ले गया था, इसी बीच अचानक बारिश और वज्रपात से दोनों मवेशियों की मौत हो गई। वहीं बिरजू साव भी आंशिक रूप से चपेट में आ गया। वहीं एक अन्य घटना प्रखंड क्षेत्र के ग्राम जोरदाग में घटी जिसमें सुरेश महतो पिता खीरू महतो के एक गर्भवती गाय की मौत और छोटेलाल महतो पिता गिरधर महतो के भी एक गाय की मौत हो गई। वही दूसरी ओर पाण्डु गांव के मनोवर अली के एक मवेशी भी वज्रपात से मौत हो गई सभी घटनाओं पर मवेशी स्वामी ने केरेडारी सीओ से आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा की मांग की है।

### हर समस्याओं का निदान कर रहे जनप्रतिनिधि

टाटीझरिया । झरपो भराजो खैरा डूमर धर्मपुर टाटीझरिया बेडम डहरभंगा आठों पंचायत के विभिन्न गांव में आम जनता के हरेक छोटी बड़ी समस्याओं को समाधान के लिए टाटीझरिया प्रमुख सह जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश प्रमुख संघ महासचिव संतोष मंडल ,20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी,उप प्रमुख रवि वर्णवाल, जीप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी,खैरा पंचायत की स्थानीय मुखिया कुमारी माधुरी , पसंस विनय कुमार बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव,यूवा नेता गौतम कुमार , सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय , समाज सेवी प्रबिल प्रसाद ने हमेशा क्षेत्र की जनता के समस्याओं को समाधान के लिए निरंतर आगे रहे है । प्रखंड क्षेत्र में हाल में घटित घटना नारायणपुर गांव के मुकेश यादव, पिता रामचंद्र यादव उम्र लगभग 25 वर्ष को पुलिसिया कार्रवाई में कुआ में डूबने से मौत हो गई थी। इन्होंने प्रयास कर मृतक के पत्नी खुशबू कुमारी के वास्तु स्थिति को देखते हुए जीवन यापन के लिए बीडीओ खुशबू रश्मि मिंज, सीओ नीलम टुड्डू सह जिला के वरीय पुलिस पदाधिकारी गणों से इन्होंने ने ही झरपो स्वास्थ्य केंद्र में सफाई कर्मी के पद पर नियुक्ति के लिए आग्रह किया ताकि इनकी जीवन यापन के दौरान विकट समय में सहूलियत मिल मिल सके । इन्होंने बीडीओ खुशबू रश्मि मिंज सिओ नीलम टुड्डू से आग्रह किया कि इन्हे अविलंब आपदा प्रबंधन से सहयोग राशि दिया जाय। बीडीओ खुशबू रश्मि मिंज सीओ नीलम टुड्डू ने जनप्रतिनिधियों संग परिजनों को आश्वासन दिया की जितना जल्द हो सके मैं सबंधित विभाग से सहयोग राशि दिलवाने की प्रयास करूंगी। जनप्रतिनिधि गणों ने झरपो के किशुन ठाकुर को नारायणपुर सिमराढाव जंगल के सीमावर्ती में जंगली हाथियों द्वारा कुचले कर मारे जाने पर उनके परिजनों को वन विभाग से वातार्लाप कर सहयोग राशि दिलवाने में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया । अंचल कार्यालय टाटीझरिया में व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर इन्होंने कई विभाग के कर्मी अधिकारी गणों को फटकार लगाया है। इन्होंने कहा है की क्षेत्रीय जनता हमारे घर का सदस्य है इन्हे किसी भी स्थिति में परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

### लोकल सेल पर ध्यान दें प्रबंधन : समिति



कुजू। पांच सूत्री मांग को लेकर तोपा परियोजना लोकल रोड सेल संचालन समिति व रैयत विस्थापित ने मंगलवार को पीओ को ज्ञापन सौपा। पत्र के माध्यम से सीसीएल कुजू क्षेत्र के उप प्रबंधक (कार्मिक) प्रताप रंजन और पीओ एमके सिंह से सेल समिति के सदस्यों ने अविलंब लोकल रोड सेल में एकरारनामा अनुसार 60 फीसदी ई-ऑक्शन कोयला को अविलंब भेज कर मुहैया कराने की बात कही। 15 दिनों के अंदर कोयला मुहैया नहीं होने पर अनिश्चितकालीन कोलियरी को बंद करने को बाध्य होंगे। समिति के सदस्यों ने पीओ को क्षेत्र में अवगत कराते हुए कहा कि सेल में प्रबंधन द्वारा कोयले की आपूर्ति नहीं किए जाने से सेल बंद के कगार पर आ चुकी है। परियोजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के अधिकृत जमीन के बदले नौकरी एवं मुआवजा देने, विस्थापित रैयतो का विस्थापन प्रमाण पत्र जल्द मुहैया करने, पुनर्वास स्थल पर पानी, बिजली, सड़क, चिकित्सा, डीप बोरिंग एवं अन्य सुविधाएं देने की मांग की।

# एक देश एक चुनाव सार्थक पर जटिल प्रकिया

**शिवानन्द उपाध्याय**

हाल ही में देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक का कांग्रेस, तृणमूल, सपा, बसपा और आप समेत 16 दल शामिल नहीं हुए। बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि एक देश-एक चुनाव सरकार का नहीं बल्कि देश का एजेंडा है। प्रधानमंत्री ने जहाँ इस पर विचार के लिए समिति बनाने की घोषणा की है, जो निर्धारित समय में सभी पक्षों के साथ विचार कर अपने सुझाव देगी, वहीँ भाकपा व माकपा ने इसके क्रियान्वयन पर आशंकाएं जाहिर की हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राजनीतिक दलों के बीच आपसी संवाद के जरिए इस मुद्दे पर एक समझौते का प्रयास किया जाना चाहिए, क्योंकि बार-बार चुनाव होने से विकास की रफ्तार बाधित होती है। इसके पहले मोदी सरकार ने अक्टूबर 2017 में अपने वेबपोर्टल 'My Gov' पर इस मुद्दे पर जनता से अपने-अपने विचार भेजने की अपील की थी और बजट सत्र( 2018-19 ) की शुरुआत में संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए रामनाथ कोविंद ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराये जाने की चर्चा की थी पिछले कुछ समय से केंद्र सरकार इस बात के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने की कोशिश कर रही है। चुनाव आयोग ने भी अधिकारिक रूप से कहा है कि अगर राजनीतिक सहमति बनती है तो वह लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए तैयार है उसका कहना था कि इसके लिए संविधान में संशोधन की जरूरत भी होगी नीति आयोग ने राष्ट्रीय हित में वर्ष 2024 से लोकसभा और विधानसभाओं के लिए दो चरणों में चुनाव करवाने का समर्थन किया है ताकि चुनाव के कारण प्रशासन और विकास प्रक्रिया में कम से कम व्यवधान सुनिश्चित हो सके। इस मसले पर तेलंगाना राष्ट्र समिति ने मोदी सरकार का समर्थन करते हुए कहा था कि इससे हम पांच साल विकास पर ध्यान दे सकेंगे ओडिशा के सत्तारूढ. बीजू जनता दल ने बल विचार का जोरदार समर्थन किया है। बीजू जनता दल का तो कहना है कि हमने 2004 से ही इसे अमल में कर लिया है- 2004 में जब हमारी विधानसभा के एक साल बचे हुए थे, तब हमने विधानसभा का चुनाव एक साल पहले करवाया था जिससे कि लोकसभा के साथ ये चुनाव भी हो सके। तब से 2009, 2014 और 2019 में ओडिशा में दोनों चुनाव साथ-साथ हुए। इससे ओडिशा को काफी फायदा हुआ।

आजादी के बाद तकरीबन 15 साल तक विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा चुनावों के साथ चले लेकिन बाद में कुछ राज्यों में राजनीतिक अस्थिरता की वजह से एक पार्टी को बहुमत नहीं मिला और कुछ सरकारें



अपना कार्यकाल खत्म होने से पहले गिर गयी। यही नहीं केंद्र में भी कई बार सरकारें अपने 5 वर्ष की अवधि को पूरा करने में सक्षम नहीं हो सकीं ` इसका परिणाम यह हुआ कि न केवल लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव करवाना संभव नहीं सका बल्कि केवल सभी राज्यों के चुनाव भी एक साथ नहीं होने की बाध्यता हो गयी। लेकिन अब बार-बार होने वाले चुनावों में आर्थिक और मानवीय संसाधनों के बढ़ते व्यय एवं विकास की प्रक्रिया में उत्पन्न होने वाली बाधाओं को देखते हुए लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करवाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के पक्ष में सबसे बड़ा तर्क आर्थिक और मानव संसाधनों की बचत का है। सेंटर फॉर मीडिया स्टटडी (सीएमएस) की स्टडी के अनुसार 1998 से लेकर 2019 के बीच लगभग 20 साल की अवधि में चुनाव खर्च में 6 से 7 गुना की बढ़ोतरी हुई 1998 में चुनाव खर्च करीब 9 हजार करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर 55 से 60 हजार करोड़ रुपये हो गया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षकों सहित एक करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारियों के चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने से न केवल विकास और शिक्षा को अधिकतम नुकसान होता है बल्कि सुरक्षा बलों को भी बार-बार चुनाव कार्य में लगाए जाने देश की सुरक्षा के लिए भारी खतरा का सामना करना पड़ता है` एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को भी दो अलग-अलग चुनावों की तुलना में हर स्तर पर दोहरे खर्च के बजाय कम पैसे खर्च करने होंगे सबसे अहम यह कि चुनाव कार्य के लिए बार-बार सुरक्षा बलों की अनावश्यक तैनाती से बचा जा सकेगा, जिनका उपयोग बेहतर आंतरिक और बा' सुरक्षा के लिए किया जा सकेगा`

लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के दूसरा सबसे प्रबल तर्क यह है कि इससे चुनावों में आम लोगों की भागीदारी बढ़ सकती है देश में बहुत से लोग हैं जो रोजगार या अन्य वजहों से अपने वोटर कार्ड वाले पते पर नहीं रहते, वे अलग-अलग चुनाव होने की स्थिति में बार-बार मतदान करने नहीं जाते एक साथ चुनाव होने पर पूरे देश में एक मतदाता सूची होगी जो लोकसभा और विधानसभा के लिए अलग-अलग होती हैं चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू रहने के दौरान विकास संबंधित कई निर्णय बाधित हो जाते है` इसके साथ ही प्रशासनिक मिशनरी के चुनाव कार्यों में व्यस्त होने और शासन तंत्र के प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाने से सामान्य और पहले से चले आ रहे विकास कार्य भी प्रभावित होते है चुनावी रैलियों से यातायात के बाधित होने और सुरक्षा प्रतिबंधों के कारण आम जनजीवन को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग होने से व्यवधान की यह प्रक्रिया दोहरी हो जाती है, जिससे आम जन जीवन त्रासद बन जाता है। ऐसे में अगर एक बार में दोनों चुनाव होते हैं तो जन-धन की बचत के साथ ही आम जीवन में अपेक्षाकृत कम अवरोध होगा और चुनावों में मत प्रतिशत में इजाफा हो सकता है।

लेकिन क्या वास्तव में देश को लोकसभा और विधानसभाओं के अलग-अलग होने वाले चुनाव से मुक्ति मिल सकेगी। अब मान लीजिए कि 2024 में केंद्र में किसी पार्टी या गठबंधन को बहुमत नहीं मिलता है या गठबंधन की सरकार बनने के बावजूद 2025, 2026, या 2027 में बहुमत खो बैठती है तो ऐसे में क्या होगा ? क्या अल्पमत वाली सरकार को 5 साल के कार्यकाल को पूरे करते दिया जाना संवैधानिक है ? ऐसी अल्पमत वाली सरकार न कानून पास करवा सकेगी और न ही बजट ही पास करवा सकेगी` यही समस्या राज्यों में खड़ी हो सकती है बहुमत नहीं होने की स्थिति में क्या राज्य को अगले पांच साल तक विधानसभा चुनाव के लिए इंतजार करना उचित है ? यह एक गंभीर संवैधानिक संकट होगा जिसका एकमात्र समाधान चुनाव है जो फिर से लोकसभा और विधानसभाओं के अलग-अलग चुनाव की संभावना को बढ़ा देता है` सभी राज्य विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराने से भी अल्पमत वाली सरकार की समस्या का समाधान तबतक नहीं होता हैं जबतक कि सरकार की अस्थिरता से निपटने का कोई विकल्प नहीं खोजा जाता है। कार्यकाल का निश्चित किया जाना अल्पमत सरकार की समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। राज्यों में निर्वाचित सरकार के असफल होने या अल्पमत में आने पर चुनाव होने तक अवधि के लिए राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है। किन्तु केन्द्र में राष्ट्रपति शासन का प्रावधान नहीं है और इससे अधिक समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इस प्रकार लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से राजनीतिक स्थिरता का तर्क खारिज हो जाता है।

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि अगर देशभर में एक साथ चुनाव हो, तो राज्यों के मुद्दों और हितों की अनदेखी हो सकती है। सारा ध्यान लोकसभा के चुनाव पर होगा। यही नहीं वोट देते समय ज्यादातर लोगों द्वारा एक ही पार्टी को वोट कर सकते है। कई बार मतदाता राज्य में किसी क्षेत्रीय पार्टी के मुद्दों के साथ जाता है जबकि केंद्र में किसी मजबूत राष्ट्रीय पार्टी के मुद्दों को तरजीह देते हुए उसके पक्ष में मतदान करते है। इससे मतदाताओं में भ्रम भी पैदा हो सकता है। इससे बड़े राजनीतिक दलों को ज्यादा फायदा होने की उम्मीद है और छोटे क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व खतरे में पद जायेगा। लेकिन 2019 में ओडिशा के मतदाताओं ने अनन्य जागरूकता का परिचय देते हुए क्षेत्रीय और राष्ट्रीय मुद्दों को अलगाते हुए मतदान किया। फिर भी एक साथ चुनाव होने से केंद्र के साथ ही राज्यों में एक ही पार्टी के बहुमत में आने की संभावना बढ़ सकती है, जो अप्रत्यक्ष रूप से सरकार या एक पार्टी की तानाशाही को बढ़ावा दे सकता है। यह लोकतंत्र के लिए हमेशा हितकर नही होता है।

लोकसभा और विधानसभा दोनों का चुनाव एक साथ कराना निः संदेह राष्ट्रीय हित में होगा। अब तक का अनुभव यही रहा है कि सरकारें जातीय, सामुदायिक, धार्मिक, क्षेत्रीय समीकरणों को देखते हुए राष्ट्रीय हित में नीतियां बनाने और उनके कार्यान्वयन से बचती रही हैं। हो सकता है नई व्यवस्था से निजात मिले। लेकिन इसपर अमल करने से पूर्व संसद और संसद से बाहर गहन विचार विमर्श की जरुरत है। इसके लिए सांगठनिक और संवैधानिक बदलाव करने की भी जरुरत होगी जैसा कि दिसंबर, 2015 को संसद की स्थायी समिति की 79वीं रिपोर्ट में कहा है।

# 10 देशों में होते हैं एक साथ सभी चुनाव

**जीवीएश शास्त्री**

देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने को लेकर लंबे समय से बहस हो रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसका समर्थन किया है. इस मामले पर चुनाव आयोग, नीति आयोग, विधि आयोग और संविधान समीक्षा आयोग बातचीत कर चुके हैं। कुछ ही राजनीतिक पार्टियां इसके पक्ष में हैं। ज्यादातर राजनीतिक दलों ने इसका विरोध किया है। ये तो तय है कि जब तक इस पर सहमति नहीं बनती, इसे धरातल पर उतारना मुश्किल होगा। हालांकि, पंचायत और नगरपालिकाओं के चुनावों को इसमें शामिल करने की बात नहीं है।

लोकतंत्र की पहली सीढी ही चुनाव है। लेकिन भारत जैसे बड़े देश में एक बार साफ और निष्पक्ष चुनाव कराना एक बड़ी चुनौती है। देश में औसतन हर साल किसी न किसी राज्य में चुनाव होता रहता है। लगातार चुनाव होते रहने के कारण देश हमेशा इलेक्शन मोड पर रहता है। इस वजह से प्रशासनिक और नीतिगत फैसले प्रभावित होते हैं। साथ ही, देश पर भारी आर्थिक बोझ भी पड़ता है। इसे रोकने के लिए लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का विचार लाया गया है।

## देश में पहले भी चार बार हो चुके हैं एकसाथ चुनाव

एक देश एक चुनाव नया नहीं है। साल 1952, 1957, 1962, 1967 में एकसाथ लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हो चुके हैं। लेकिन ये सिलसिला 1968-69 में तब टूट गया, जब कुछ राज्यों की विधानसभाएं वक्त से पहले



ही भंग हो गईं। हालांकि, कुछ जानकार कहते हैं कि देश की आबादी बहुत ज्यादा बढ़ गई है, इसलिए एकसाथ चुनाव कराना संभव नहीं है। वहीं, ये तर्क भी सामने आता है कि देश की आबादी के साथ ही टेक्नोलॉजी और संसाधनों का भी विकास हुआ है। इसलिए एक साथ चुनाव हो सकते हैं।

## एक देश एक चुनाव के पक्ष में दी जाने वाली दलीलें

बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू नहीं करनी पड़ेगी। नीतिगत फैसले लिए जा सकेंगे। विकास कार्य प्रभावित नहीं होंगे। नए प्रोजेक्ट्स की घोषणा कम समय के लिए ही रुकेगी।

बार-बार होने वाले भारी चुनावी खर्च में कमी आएगी। बार-बार चुनाव कराने से देश की आर्थिक स्थिति बिगड़ती है। सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा।

एक बार चुनाव होने से कालेधन और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। क्योंकि चुनाव के दौरान कालेधन का इस्तेमाल खुलेआम होता है।

बार-बार चुनाव कराने से राजनेताओं और पार्टियों को सामाजिक एकता और शांति को भंग करने का मौका मिल जाता है। बेवजह तनाव का माहौल बनता है।

एक साथ चुनाव कराने से सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों को बार-बार चुनावी ड्यूटी पर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे वे अपने तय काम को सही से पूरा कर पाएंगे।

## एक देश एक चुनाव के विरोध में दिए जाने वाले तर्क

संविधान में लोकसभा और विधानसभा चुनावों को लेकर पांच साल की अवधि तय है। संविधान की ओर से लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने को लेकर कोई निश्चित प्रावधान का जिक्र नहीं है। इसी आधार पर यह तर्क दिया जा रहा है कि एक साथ चुनाव मूल भावना के खिलाफ है।

एक देश एक चुनाव खुद में महंगी प्रक्रिया है। विधि आयोग की माने तो 4,500 करोड़ रु। के नए ईवीएम 2019 में ही खरीदने पड़ते अगर एक साथ चुनाव होते। 2024 में एकसाथ चुनाव कराने के लिए 1751।17 करोड़ सिर्फ ईवीएम पर खर्च करने पड़ेंगे।

केंद्र सरकार के पास राज्य सरकारों को आर्टिकल 356 के तहत भंग करने का अधिकार है। इस अधिकार के होते हुए एक साथ चुनाव नहीं कराए जा सकते।

लोकसभा और विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराने पर कुछ विधानसभाओं के खिलाफ उनके कार्यकाल को बढाया या घटाया जाएगा, इससे राज्यों की स्वायत्तता प्रभावित होगी।

एकसाथ चुनाव होने पर ज्यादा संभावना है कि राष्ट्रीय मुद्दों के सामने क्षेत्रीय मुद्दे छोटे हो जाएं या इसका उलटा हो जाए। राष्ट्रीय पार्टियों का क्षेत्र विस्तृत होता जाएगा और क्षेत्रीय पार्टियों का दायरा इससे कम होगा।

## एकसाथ होते हैं चुनाव

स्वीडन में पिछले साल सितंबर में आम चुनाव, काउंटी और नगर निगम के चुनाव एकसाथ कराए गए थे। इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी, स्पेन, हंगरी, स्लोवेनिया, अल्बानिया, पोलैंड, बेल्जियम भी एक बार चुनाव कराने की परंपरा

# चिंता नहीं सकरात्मक चिंतन जरूरी

**एनके मुरलीधर**



कारगिल की ऊंची हिम श्रृंखलाओं पर या 50 डिग्री से ऊपर के रेगिस्तानी आग जैसे रेतीले क्षेत्र में तैनात सिपाही क्या किसी भय से सुरक्षा की मांग करते हैं? किडनी, लीवर, हार्ट का अति संवेदनशील ऑपरेशन करने वाले अनुभवी डॉक्टर के हाथ क्या भय से कांपते हैं? हजारों फुट ऊंचाई पर विमान उड़ाने वाले क्या हवा-पानी, बादल के झटकों से घबराते हैं? विशालकाय पुल बनाने वाले इंजीनियर पुल के गिर सकने की संभावनाएं सोचकर क्या काम बंद कर देते हैं? नहीं, कभी नहीं। फिर सार्वजनिक जीवन में अपने कर्म-वचन पर भरोसा कर सकने वाले कई नेताओं की दुनिया के आदर्श लोकतांत्रिक भारत में लोकसभा-विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होने के प्रस्ताव मात्र पर घबराहट क्यों हो रही है?

विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने 1952, 1957, 1962, 1967 में लोकसभा-विधानसभाओं के चुनाव में हार-जीत की परवाह किए बिना चुनाव लड़ा. विजय से सत्ता मिली या पराजय से फिर संघर्ष और सफलता के अनुभव मिले। किसी ने कभी कोई आपत्ति नहीं की। फिर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'एक देश, एक चुनाव' के लिए व्यापक सहमति और चुनाव व्यवस्था में आवश्यक सुधार-संशोधन पर आशंकाएं-आपत्तियां क्यों उठनी चाहिए? फिर भी कांग्रेस, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक और कम्युनिस्ट पार्टियों के नेताओं के साथ प्रगतिशील कहलाने वाले गैर राजनीतिक वर्ग ने भी गंभीर आशंकाएं-आपत्तियां व्यक्त कर दीं। बहस में शामिल होकर सकारात्मक सुझाव-सिफारिशें रखने के बजाय वे ऐसे किसी लोकतांत्रिक कदमों से संविधान की मूल संघीय भावना, क्षेत्रीय स्वायत्तता और अस्तित्व के खत्म होने, दो-तीन दलीय व्यवस्था या एक दलीय और एक नेतृत्व वाली तानाशाही तक के 'खतरे' बताने लगे हैं। यह क्या उनकी विचारधारा, सुविधा या कमजोरी है? राष्ट्रीय राजनीतिक दल हों अथवा क्षेत्रीय पार्टियां, क्या बार-बार के चुनाव के लिए हजारों करोड़ रुपया इकट्ठा कर बहाने में सुख और संतोष का अनुभव करती हैं? पिछले चुनाव इस बात के प्रमाण हैं कि सरकारी खजाने से चुनाव आयोग के लगभग दस हजार करोड़ रुपए के अधिकृत खर्च के अलावा राजनीतिक पार्टियां और उम्मीदवार चुनावों में दो से पांच लाख करोड़ रुपया खर्च कर देते हैं। कुछ पार्टियों में तो केवल उम्मीदवार बनाने के लिए बीस से पचास करोड़ रुपए वसूल लिए जाते हैं। फिर भले ही वह चुनाव हार जाए। पार्टी के शीर्ष नेताओं का खजाना अवश्य भर जाता है। कड़ी से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद कुछ राज्यों में चुनावी हिंसा से लोग मारे जाते हैं। राजनीतिक दल सत्ता में हों या विपक्ष में, उनके कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को पूरे साल किसी न किसी प्रदेश के चुनाव के लिए भागते-दौड़ते रहना पड़ता है। केंद्र या प्रदेशों के मंत्री पार्टी नेतृत्व के आदेशानुसार चुनावों के लिए अधिक सक्रिय रहकर अपने मंत्रलयों और विभागों के कामकाज पर कम समय दे पाते हैं। अर्धसैनिक बल तो निरंतर चुनावी ड्यूटी में लगे रहते हैं। असली समस्या आचार संहिता की है। चुनाव से करीब तीन महीने पहले आचार संहिता लागू हो जाती है। इस कारण कुछ सरकारी निर्णय या तो जल्दबाजी में होते हैं अथवा महीनों के लिए लटक जाते हैं। फिर चुनाव के बाद नई सरकार, नए मंत्री, अधिकारियों के विभागों में परिवर्तनों से प्रशासनिक कामकाज ढर्रे पर लाने में तीन महीने लग जाते हैं। ताजा उदाहरण पिछले वर्ष के अंत में हुए मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव और फिर इस वर्ष मई महीने तक हुए लोकसभा चुनाव के कारण स्कूली बच्चों की ई-लर्निंग योजना में रुकावट आने का है। इस योजना के लिए कुछ जिलों में रोटरी क्लब ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से धनराशि भी जुटाई, लेकिन सरकारी स्कूलों के लिए सरकारी अनुमति और भागीदारी चाहिए थी।

# फोटोग्राफी पर कार्यशाला



रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन विभाग में सोनी इंडिया की ओर से एक फोटोग्राफी कार्यशाला आयोजित की गई । इस फोटोग्राफी कार्यशाला में दिल्ली से आए सोनी इंडिया के मेंटर समीर अशरफ द्वारा आर्ट ऑफ स्टोरी टेलिंग पर एक विशेष व्याख्यान दिया गया। छात्रों के साथ इंटरएक्टिव सत्र में कैमरे व फोटोग्राफी की बारीकियों को विस्तार से समझाया , श्री अशरफ ने सोनी वर्ल्ड फोटोग्राफी अवॉर्ड (रहढअ) और सोनी फीचर फिल्म मेकिंग अवार्ड (रत्रह्रढअ) में छात्रों को शामिल होने के लिए प्रेरित भी किया ।इस कार्यशाला की सबसे अच्छी बात यह रही की विभाग के छात्रों ने पर चढ़कर हिस्सा लिया और समीर अशरफ से प्रश्न भी पूछा। अशरफ ने छात्रों के साथ अच्छा संवाद स्थापित किया ।यह कार्यशाला बालाजी डिजिटल लैब के मयंक कोठारी द्वारा प्रायोजित था।

मंगलवार को ।योजित इस कार्यशाला में स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक डॉ बी पी सिन्हा, प्राध्यापक संतोष उराँव,मनोज कुमार शर्मा, अनन्या, अनुप्रिया शशि तिर्की, निरंजन कुमार, पीएस तिवारीआदि उपस्थित थे

# लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ क्यों?

**प्रियदर्शन**

मसला लोकसभा-विधानसभा चुनाव साथ कराने का है। लेकिन केंद्र सरकार इसे 'एक देश एक चुनाव' बता रही है- शायद इसलिए कि एक देश की बात करने से समर्थन जुटाने में आसानी होती है। हालांकि तथ्य के तौर पर यह गलत है। अगर केंद्र सरकार का सुझाव चल भी निकले तो एक देश में एक साथ चुनाव होंगे, लेकिन कई चुनाव होंगे।

लेकिन एक साथ ये चुनाव कैसे होंगे? सिर्फ यूपी में चुनाव हुए तो सात चरणों में हुए। बिहार में भी पांच चरणों की नौबत आई। कुछ छोटे राज्यों को छोड़ दें तो ज़्यादातर राज्यों में दो से ज्यादा चरणों में चुनाव कराने पड़ते हैं। चुनाव आयोग जब पूरे देश में चुनाव कराएगा तो क्या वे चुनाव साल भर चलेंगे? और क्या लोग साल-साल भर नतीजों का इंतजार करेंगे? अगर नहीं तो चुनाव कराने के लिए इतने सारे सुरक्षा-बल, ईवीएम, वीवीपैट और सरकारी कर्मचारी कहां से आएंगे?

कुछ देर के लिए मान लें कि अपने क्रांतिकारी सुझाव पर अमल करने के लिए केंद्र सरकार इतने सारे संसाधन जुटा लेगी। लेकिन एक साथ चुनाव कराने के सैद्धांतिक पक्ष उसके व्यावहारिक पक्ष से ज्यादा खतरनाक हैं।

मसलन अगर कभी लोकसभा में गठजोड़ की सरकार बनी और दो साल बाद गिर गई- जिसके उदाहरण हमने कई बार देखे हैं- तो क्या होगा? क्या अगले तीन साल राष्ट्रपति शासन लगा रहेगा? या फिर केंद्र में चुनाव कराने के लिए राज्यों को भी मजबूर किया जाएगा कि वहां विधानसभाएं भंग की जाएं और चुनाव एक साथ हों? या इसी कल्पना को पलट दें। अगर किसी राज्य में कोई सरकार साल-दो साल बाद गिर जाए तो क्या होगा? क्या वहां अगले तीन-चार साल राष्ट्रपति शासन लगाया जाएगा?

दरअसल, मध्यावधि चुनावों की व्यवस्था इसीलिए की गई है कि सरकार गिरने की स्थिति में जनता अपने मत का फिर से इस्तेमाल करे और नई सरकार चुने। अगर यह व्यवस्था खत्म कर दी गई तो वह राजनीतिक जड़ता और निरंकुशता कुछ और बढेग़ी जो अब भी अपने शिखर पर है। दिलचस्प ये है कि जब चुनावों में प्रत्याशी को वापस बुलाने के अधिकार तक पर चर्चा हो रही है तब हम मध्यावधि चुनावों को खत्म करने की अवधारणा पर विचार कर रहे हैं। क्योंकि अगर मध्यावधि चुनावों की व्यवस्था रही तो केंद्र और राज्यों में एक साथ चुनाव कराने की व्यवस्था नहीं बन सकती।

दरअसल यह पूरा प्रस्ताव संसदीय लोकतंत्र को व्यक्ति आधारित बनाने की बीजेपी की पुरानी चाहत का नया रूप है। संसदीय राजनीति का रूप बदलने की उसकी यह कोशिश पहली नहीं है। इसके पहले अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते लालकृष्ण आडवाणी जब-तब राष्ट्रपति शासन प्रणाली का राग छेड़ा करते थे। अब बीजेपी को लगता है कि केंद्र और राज्यों में एक साथ चुनाव होंगे तो अलग-अलग राज्यों में मुख्यमंत्री का चेहरा उसे नहीं तलाशना होगा, प्रधानमंत्री के नाम पर वह चुनाव लड़ लेगी। लेकिन भारतीय संविधान अपने सारे लचीलेपन के बावजूद आसानी से किसी बड़े उलटफेर की इजाजत नहीं देता। उसमें शक्तियों का जो अचूक संतुलन है, वह संसदीय लोकतंत्र और संघीय ढांचे के खलिाफ. जाने वाले किसी भी विचार को खारिज करता है। केंद्र सरकार को यह एहसास है इसलिए वह इस प्रस्ताव को 'एक देश एक चुनाव' के अन्यथा आकर्षक लगने वाले रैपर में लपेट कर पेश कर रही है। उम्मीद करनी चाहिए कि ऐसे प्रस्ताव अंतत? मुंह की खाएंगे और वह संघीय व्यवस्था बनी रहेगी जिसमें स्थानीय महत्वाकांक्षाएं और हसरतें अपनी इलाकाई राजनीति को अपने ढंग से आकार देती रहेंगी।

(लेखक एनडीटीवी इंडिया में सीनियर एडिटर हैं।)

स्पीड न्यूज

## अर्जुन मुंडा ने रेल हादसे में मृत लोगों पर शोक व्यक्त किया



**जमशेदपुर।** रेल हादसे में दो लोगों को मौत पर पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने भी शोक व्यक्त किया है। विदेश दौरे पर गये अर्जुन मुंडा ने घटना के संबंध में वरीय पदाधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही घायलों को बेहतर स्वस्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को कहा है।

## अमरजीत सिंह और हरप्रीत गिरफ्तार, जेल



**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए शहर में डकैती, चोरी, छिनतई, फायरिंग एवं विभिन्न घटनाओं में संलिप्त रहे शातिर अपराधकर्मी अमरजीत सिंह और हरप्रीत सिंह को 04 देसी कट्टा, 02 पिस्टल, 01 मैगजीन, .315 की गोली 02पीस, 7 .65 की गोली 13 पीस आदि सामानों के साथ गिरफ्तार किया गया। जानकारी सीनियर एसपी किशोर कौशल ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दोनों अपराधियों का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है।

## एसएसपी ने टेल्को थाने का किया निरीक्षण



**जमशेदपुर।** मंगलवार को वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम के द्वारा टेल्को थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना अभिलेखों का निरीक्षण किया गया तथा लंबित कांड/ वारंट/ कुर्की का शीघ्र निष्पादन, अपराध नियंत्रण हेतु क्षेत्र में सघन गश्ती करने के साथ सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही वहां उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों/ कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## टिनप्लेट मुखी बस्ती के मुखिया का चुनाव 4 को

**जमशेदपुर।** आगामी 4 अगस्त 2024 रविवार सुबह 8 बजे से शाम को 4 बजे तक 10 नंबर मुखी बस्ती गांधी क्लब में टिनप्लेट मुखी समाज की तरफ से अध्यक्ष पद मुखिया चुनाव कराया जायेगा। चुनाव में निम्न प्रत्यशी भाग ले रहे हैं । 1) त्रिनाथ मुखी - चुनाव चिह्न (नगाड़ा छाप) 2) जोलेश मुखी- चुनाव चिह्न (कलश छाप) 3) गणेश मुखी - चुनाव चिह्न (गदा छाप) 4) संदीप मुखी - चुनाव चिह्न (दिया छाप) 5) नारायण मुखी - चुनाव चिह्न (कप प्लेट छाप) है। जिसमें चुनाव पर्यवेक्षक विश्वनाथ मुखी और चुनाव संचालन समिति की देखरेख में चुनाव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के तरफ से दिनांक 19.07.2024 पूर्वी सिंहभूम के अनुमंडल पदाधिकारी पारुल सिंह को इसकी आधिकारिक जानकारी दी गयी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# ट्रेन दुर्घटना में मृत अजीत कुमार सामल व पी विकास राव दोस्त थे

■ राउरकेला रेलवे कालोनी के निवासी थे दोनों मृतक दोस्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** हावड़ा से मुंबई जाने वाली 12810 सीएसएमटी मेल में टाटानगर रेलवे स्टेशन पर सवार हुए राउरकेला के रेलवे कॉलोनी में रहने वाले दो दोस्तों की यह आखिरी यात्रा साबित हुई। राउरेकला के रेलवे कॉलोनी के अजीत कुमार सामल उर्फ लुभ्भा (37) व पी विकास राव (27) दोनों आपस में अच्छे दोस्त थे। विकास जमशेदपुर स्थित एक स्पा में मैनेजर था, जबकि उसका दोस्त अजीत विभिन्न प्रकार के सामानों को लाकर बेचा करता था। काम के सिलसिले से ही अजीत कुमार सामल अपने दोस्त पी विकास राव के पास गया था और दोनों दोस्त हावड़ा-मुंबई मेल में टाटानगर से राउरकेला के लिए यात्रा कर रहे थे। दोनों ट्रेन के एसी कोच संख्या बी-4 में सवार थे। जिस वक्त घटना घटी उस वक्त दोनों ट्रेन के कोच में शौचालय के समीप बैठे थे। घटना के दौरान ट्रेन की एक बोगी दूसरे बोगी पर चढ़ जाने से दोनों बुरी तरह दब गये जिससे दोनों के सिर व शरीर में गंभीर चोटें लगने से दोनों की मौत हो गयी।



अजीत शामल और पी विकास राव।

# केबुल कंपनी की सारी मशीनों की हो गयी चोरी, प्राथमिकी तक दर्ज नहीं : सरयू राय

■ पूर्वी सिंहभूम के विधायक ने विधानसभा में उठाया मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आज झारखंड विधान सभा में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय द्वारा पूछे गये अल्पसूचित प्रश्न का सही उत्तर सरकार ने नहीं दिया है। प्रासंगिक प्रश्नोत्तर की प्रति संलग्न है। प्रश्नोत्तर की कंडिका-1 में सरकार ने कहा है कि स्थानीय गोलमुरी थाना में इकाई द्वारा चोरी की कोई घटना/प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है जो सरासर गलत है। विधायक महोदय ने दो वर्ष पहले इस बारे में एक प्राथमिकी दर्ज कराया है, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। केबुल कंपनी इलाके का बच्चा-बच्चा जानता है कि वहाँ अब कोई मशीनरी नहीं है, सभी मशीनों की चोरी कर ली गई हैं।

प्रश्नोत्तर की कंडिका-4 में दिया गया तथ्य पूरी तरह गलत है। वास्तव में एनसीएलटी का 07.02.2020 का परिसमापन का आदेश एनसीएलएटी ने अपने 04.06.2021 के आदेश द्वारा



विधायक सरयू राय की फाइल फोटो।

गलत करार देकर रद्द कर दिया गया जिस आदेश को फरवरी, 2022 में सुप्रीम कोर्ट भी सही करार दे चुकी है। एनसीएलएटी ने अपने 04.06.2021 के आदेश में कहा है कि इंकैब के ऋणों की रिजोल्यूशन प्रोफेशनल ने जांच नहीं की इसलिए इस कंपनी में ऋणदाताओं की कमिटि कभी बनी ही नहीं। उन्होंने बताया कि इंकैब कंपनी 1993 से 96 तक बंद थी यानी सारा बैंक अकाउंट 1992 में एनपीए हो गया और 1996 आते आते सारे ऋण लिमिटेशन कानून के कारण समाप्त (मगजपदहनपी) हो गये तो ऋणदाताओं की कमिटि बनी कैसे ? एनसीएलटी इन फर्जी ऋणदाताओं को कैसे सुन रही है? वास्तव में सरकार को ये तथ्य सदन में रखना चाहिए, जबकि वह विधानसभा में गलत उत्तर दे रही है। प्रश्नोत्तर की कंडिका-4 में सरकार ने गलत तथ्य उद्धृत किया है। विधायक सरयू राय ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2021 से राज्य सरकार को इस बारे में एक स्वभारित अभ्यावेदन दिया है। उस समय सरकार ने आश्वासन दिया कि कंपनी की जमीन पर पुनः उद्योग खड़ा किया जाएगा ताकि रोजगार का सृजन हो सके।

## डीसी की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खेल संचालन समिति की बैठक

# हर प्रखंड में बनाये जायेंगे मल्टी स्पोर्ट्स आवासीय डे बोर्डिंग स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त (डीसी) अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खेल संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार, पीडी आईडीटीए श्री दीपांकर चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी श्री राजेन्द्र गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी श्री अविनेश त्रिपाठी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, डे बोर्डिंग के प्रशिक्षक, खेल संघ के प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक में सिद्धो कान्हू खेल क्लब का निबंधन, डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र हेतु खेल सामग्री/ खेल किट का क्रय की समीक्षा तथा जिला व प्रखंड स्तर पर खेल संरचनाओं के विकास पर चर्चा की गई। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक प्रखंड में विभिन्न खेलों की लोकप्रियता के मुताबिक प्रखंडवार आवासीय डे बोर्डिंग सेंटर बनाने के लिए प्रस्ताव बनायें तथा खेल संघों से भी अनुशंसा प्राप्त करें । तथा जिला स्तर पर मल्टी स्पोर्टस खेल संरचना का विकास के लिए विभाग को प्रस्ताव बढ़ाने का निर्देश दिया गया । उन्होने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें उचित मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग की जिससे वे बड़े स्तर पर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर सकें।



बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल।

जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा मल्टी स्पोर्टस खेल संरचना हेतु भवन निगम से समन्वय बनाकर प्राक्कलन तैयार कराने का निर्देश जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही एक एकड़ जमीन चिन्हित कर जिला स्तरीय इंडोर स्टेडियम हेतु प्रस्ताव भेजने का निदेश दिया गया। राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को खेल सामग्री से संबंधित समस्या को जिला स्तर से अनुशंसा कर खिलाड़ी कल्याण कोष से आवश्यक मदद पहुंचाने का निर्देश दिया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हेतु डे बोर्डिंग सेंटर खोलने के संबंध में विभाग से मार्गदर्शन लेने का निर्देश दिया गया।

## एक नजर में

### एपेक्स कर्पोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने लगाया नि:शुल्क सेवा शिविर फोटो एपेक्स



**जमशेदपुर।** एपेक्स कर्पोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित एक शानदार पहल के रूप में, अपनी स्वर्ण जयंती पर जमशेदपुर में कंप्रेस्ड एयर सल्यूशंस के लिए नि:शुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया गया। यह उन उद्योगों को धन्यवाद स्वरुप कुछ वापस देने का एक शानदार तरीका है, जिन्हें वो सेवा प्रदान करते हैं। शिविर का उद्देश्य उद्योगों को बिजली की खपत और एयर लस को कम करने, उत्पादकता बढ़ाने और अनुभवी इंजीनियरों से मूल्यवान मार्ग दर्शन प्रदान करने में मदद करना है। एटलस कोप्को डिस्ट्रीब्यूटर की टीम को बधाई, जिसमें श्री ज्ञान तनेजा (सीईओ), श्रीमती दिव्या तनेजा (निदेशक), श्री वीएन.तिवारी (कार्यकारी निदेशक) और ग्रुप ए के इंजीनियर जिनमें सीनियर सेल्स और सर्विस इंजीनियर श्री भार्गव वात्स्यायन, अनिकेत कुमार सिंह, एम. केशव, प्रदीप कुमार शामिल हैं। वे आदित्यपुर वेस्ट मैनेजमेंट, सिग्मा एचटीएस एलएलपी, रामष्ण फोर्जिंग्स लिमिटेड का दौरा करेंगे। इस विशेष पहल के लिए ग्रुपबी के रूप में, सुमित चौबे, के.आर.मंडल, राजीव कुमार शर्मा, प्रतीक चौतन्य इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने के लिए श्याम एंटरप्राइजेज, श्री उनहट मेटालिक्स प्राइवेट लिमिटेड, जोस्ट इंडिया का दौरा करेंगे! कैंप में उन सभी उद्योगों को आमंत्रित किया गया, जो अपनी साइटों पर कंप्रेस्ड एयर का उपयोग कर रहे हैं।

### एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों संग की बैठक



**चांडिल।** एसडीएम शुभ्रा रानी ने एनएचएआई, पीएचईडी तथा बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर बैठक किया। बैठक में एसडीएम ने बिजली विभाग को हर माह उपभोक्ताओं के घर जाकर बिजली बिल पहुंचाने एवं सड़क पर झुल रहे बिजली के तार को ऊपर उठाने को कहा। पीएचईडी के अधिकारी को पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़े गए सड़क पर बने गड्ढे को यथा शीघ्र मरम्मत करने तथा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया। एसडीएम ने एनएच के अधिकारियों को भी कई निर्देश दिये।

### ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने विधानसभा में उठाया जंगली हाथियों के उत्पात का मामला




**चांडिल।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के शून्य काल में ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो ने ईंचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के जंगली हांथी का मामला को रखा। इस दौरान विधायक ने सदन पर ईंचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल, नीमडीह, कुंकडू तथा ईंचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के लोग जंगली हाथियों के आतंक से प्रभावित है। उन्होंने कहा जंगली हाथियों के द्वारा जान माल, फसल अनाज तथा मकानों को भी क्षति पहुंचाया जा रहा है। जिसपर रोकथाम पाने में विभाग द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। यहां तक की वन विभाग के पास हाथियों को भगाने हेतु प्रशिक्षित दस्ता एवं पटाखा एवं टोर्च का भी भारी कमी है। उन्होंने सदन के माध्यम से ईंचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में पड़ोसी राज्य के तर्ज पर हाथियों की रोकथाम हेतु उनके प्रवेश सीमा पर वॉच टावर, सोलर तार फैसिंग लगाने तथा हाथियों से जान माल की रक्षा का मांग किया है।

### आर के शशि बने कानू जागरण मंच जमशेदपुर के अध्यक्ष और उपेंद्र कुमार बने महासचिव




**जमशेदपुर।** कानू जागरण मंच, जमशेदपुर का चुनाव सह शपथ ग्रहण समारोह कदमा रामनगर स्थित वैश्य एकता मंच के सामुदायिक भवन में सम्पन्न हुआ। बर्ष 2024-26 के लिए आर के शशि- अध्यक्ष, रमेश प्रसाद- उपाध्यक्ष, उपेन्द्र कुमार- महासचिव, शंभू कुमार- सचिव (निर्विरोध) और ब्रजकिशोर- कोषाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए। मुख्य चुनाव प्रभारी सुरेश कुमार, सहायक चुनाव प्रभारी कमल किशोर और दीपक कुमार द्वारा संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को बहुत ही सुचारू रूप से सम्पन्न किया गया। तदुपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैश्य एकता मंच के संरक्षक प्यारेलाल साह, विशिष्ठ अतिथि प्रदेश महामंत्री श्रीकांत देव और जिलाध्यक्ष गोपाल जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। नव निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा चुनाव पदाधिकारियों ने की तथा सबों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। मुख्य एवं विशिष्ठ अतिथियों ने कानू जागरण मंच के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि प्यारेलाल साह, गोपाल जयसवाल एवं श्रीकांत देव जी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी और समाज उत्थान की दिशा में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी एवं हर संभव सहयोग करने की बात कही। तीन चुनाव प्रभारियों को अतिथियों के कर कमलों द्वारा स्मृति चिह्न देकर उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

## मृतकों के परिजनों को दो लाख और गंभीर घायलों को ₹50 हजार देगी सरकार: बन्ना

खबर मन्त्र ब्यूरो



घटना स्थल पर मौजूद मंत्री बन्ना गुप्ता, दीपक बिरुआ और उपायुक्त रविशंकर शुक्ला व अन्य।

**जमशेदपुर।** झारखंड के खाद्य आपूर्ति एवं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने रेल हादसे वाले स्थान का दौरा कर वहां राहत कार्य को और तेजी से चलाने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी रेल दुर्घटना रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं, रेलमंत्रालय ने एडवांस डिवाइस लाने का दावा किया ताकि रेल दुर्घटनाओं में कमी हो लेकिन ऐसा हो नहीं रहा हैं। उन्होंने कहा कि हादसे में मृत व्यक्तियों के परिजनों को 2-2 लाख एवं गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार का मुआवजा राज्य सरकार की तरफ से दिया जायेगा। इसके पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर सूबे के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति बन्ना गुप्ता ट्रैन दुर्घटना वाले स्थल पर पहुंचे और अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उनके साथ मंत्री दीपक बिरुआ और विधायक दशरथ गगराई भी मौजूद रहे।

# हावड़ा 12810 यूपी -12809 मुंबई मेल बेपटरी, दो की मौत, 18 घायल

खबर मन्त्र टीम

**खरसावां/ गम्हरिया/ जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत खरसावां और बड़ाबंबो के बीच आज अहले सुबह हावड़ा 12810- 12809 -बंबे ट्रेन के 19 डब्बे बेपटरी हो गये। इस दुर्घटना में दो यात्रियों की मौत हो गई है जबकि 18 यात्री घायल हैं। रेलवे के उच्चाधिकारी और जिला प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारी घटना स्थल पर हैं। दूसरी ओर रेल जीएम ने 17 डिब्बे बेपटरी होने और दो मृत एवं 8 यात्रियों के घायल होने की बात कही है। सबसे ज्यादा नुकसान एसी बोगी बी-4, पेंट्री और जनरल बोगी को हुआ है। पांच बोगियों तो रेलवे लाइन से छिटक कर दूर चली गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के पौने चार बजे दक्षिण-पूर्व रेलवे (एसईआर) के चक्रधरपुर डिवीजन के अंतर्गत जमशेदपुर से लगभग 80 किलोमीटर दूर बड़ाबम्बो के पास हुई। रेलवे के जनरल मैनेजर और डीआरएम घटना स्थल पर कैंप कर रहे हैं। घायल यात्रियों को बस से दूसरे शहर के अस्पतालों में शिफ्ट कर दिया गया है।



# झामुमो ने झारखंड के बंटवारे के विचार के खिलाफ किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति पूर्वी सिंहभूम ने जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में भाजपा एवं गोड्डा सांसद निशी कांत दुबे का के बयान की निंदा की गयी, जिसमें कहा गया है कि संताल परगना, बंगाल एवं विहार के कुछ क्षेत्र को मिलाकर केंद्र सशित प्रदेश बनाने की मांग की थी। इससे पता चलता है कि सांसद निशीकांत दुबे की मानसिक हालत ठीक नहीं है और उन्हें झारखंड से खादडने की जरूरत है। इस विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में आन्दोलनकारी शेख बदरूद्दीन, प्रमोद लाल, पुर्व सांसद सुमन महतो, पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां, मनोज यादव, जिला उपाध्यक्ष सागेन पुरती, बाघराय मारडी, महाबीर मुर्मू, अजय रजक, मोहम्मद समद, चंद्रवाती महतो, सुधीर सोरेन, बहादुर किस्कू, अशिवनी महतो, अशित मिश्रा, गोपाल महतो, सबिता दास थे।



## चेंबर उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी की स्मृति में रक्तदान शिविर पांच को

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा सिंहभूम चैम्बर के पूर्व उपाध्यक्ष स्व0 दिनेश चौधरी के स्मृति में उनके चौथे पुण्य तिथि पर सोमवार दिनांक 05 अगस्त, 2024 को चैम्बर भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया कि दिवंगत सीए दिनेश चौधरी ने चैम्बर पदाधिकारी के रूप में कई टर्म में विभिन्न पदों पर अपना योगदान दिया। उपाध्यक्ष (वित्त एवं कराधान) के पद पर रहते हुये कोरोना काल के भीषण महामारी में वे लोगों की सेवा में लगे रहे और इसी दौरान कोरोना की चपेट में आने से उनका देहावसान हो गया था। वे एक साफ छवि वाले कर्मठ, निर्भिक और अपने उत्तरदायित्व के प्रति हमेशा सजग रहने वाले व्यक्तित्व के रूप जाने जाते थे।

# तुलसी जयंती समारोह में हुए प्रतियोगिताओं के परिणाम जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन / तुलसी भवन संस्थान द्वारा तुलसी जयंती समारोह के अन्तर्गत 27 जुलाई को सम्पन्न हुए विषय संप्रेषण प्रतियोगिता में नगर के 22 विद्यालयों के कुल 72 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया । संस्थान द्वारा इसका परिणाम घोषित कर दिया गया है , जो इस प्रकार है -

1) प्रथम - पावनी पाल , कक्षा -८ बी
डी. बी. एम.एस. , कदमा
2) द्वितीय - निष्ठा कुमारी, कक्षा -१०
एन. एम.एल. पब्लिक स्कूल, बर्मामाइंस
3) द्वितीय - सिद्धि तिवारी
डी.ए. वी. पब्लिक स्कूल, बिष्टुपुर
4) तृतीय - प्रीति कुमारी , कक्षा - १० सी
के. पी.एस., बमामाईन्स
5) तृतीय - ज्योति सुमेधा , कक्षा - ९ डी
शिक्षा निकेतन, टेल्को
6) तृतीय - आदित्य कुमार, कक्षा - ५ बी
जुस्को स्कूल, साउथ पार्क
7) प्रोत्साहन - जय कुमार, कक्षा - १०
सेंट जेवियर इंग्लिश हाई स्कूल, खासमहल
8) प्रोत्साहन - तनिषा कुमारी
मध्य एवं उच्च विद्यालय, लक्ष्मीनगर
9) प्रोत्साहन -रुही शर्मा कक्षा - ८
एस. बी. एम. हिन्दी हाई स्कूल, मानगो।



# मनु ने रचा इतिहास, एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय



पेरिस (फ्रांस)। भारत की स्टार शूटर मनु भाकर ने इतिहास रच दिया है। भाकर, ओलंपिक खेलों के एक संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने मंगलवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया। इससे पहले, रविवार को उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। चेटौरॉक्स रेंज में व्यक्तिगत स्पर्धा में 22 वर्षीय खिलाड़ी का कांस्य पदक भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी क्योंकि वह निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। भाकर अब पीवी सिंधु के बाद दो ओलंपिक पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बन गई हैं। भाकर की जीत का विशेष महत्व है, क्योंकि टोक्यो में पिस्टल में खराबी के कारण वह खेल नहीं पाई थी, जबकि उन्हें भारत की ओर से पदक जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा था।

## भारतीय हॉकी टीम ने आयरलैंड को 2-0 से हराया, पूल बी में हासिल किया शीर्ष स्थान

एजेंसी



पेरिस। पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम ने एक बार फिर जीत हासिल हुई है। ग्रुप स्टेज के तीसरे मैच में भारतीय हॉकी टीम ने आयरलैंड को 2-0 से हराकर क्वार्टफाइनल में जगह लगभग पक्की कर ली है। भारत ने अपनी विरोधी टीम को एक भी गोल करने का मौका नहीं दिया। इससे पहले भारत का दूसरा ग्रुप मुकाबला अर्जेंटिना के खिलाफ बराबरी पर छूटा था। हरमनप्रीत एंड कंपनी ने मैच में एरियल का इस्तेमाल करने की अपनी शैली को बनाए रखा और शॉर्ट पास पर अधिक भरोसा किया। आयरलैंड ने कुछ जवाबी हमलों के साथ वापसी करने की कोशिश की, लेकिन कोई भी इतना खतरनाक नहीं था कि गोल कर सके। इसके अलावा, पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में उनकी विफलता ने उनकी हार में भूमिका निभाई.भारत के लिए पहला गोल 11वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए आया और भारतीय कप्तान ने गेंद को नेट में मारने में कोई गलती नहीं की। अगला गोल 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से आया, जब हरमनप्रीत का बुलेट स्ट्रोक आयरिश डिफेंडर की स्टिक से टकराकर गोलपोस्ट में जा गिरा। भारतीय हॉकी टीम ने खेल में नौ पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए और एक को गोल में बदला, जबकि आयरिश टीम किसी भी पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाने में विफल रही। हालांकि गोल करने की दर भारतीय टीम के लिए बहुत अच्छी नहीं रही, लेकिन एक बार फिर उनका समग्र खेल काफी अच्छा और साफ-सुथरा दिखाई दिया। टूनामेंट में भारत की यह दूसरी जीत है, इससे पहले उसने अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को हराया था। इसके बाद टीम ने अर्जेंटीना के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। मंगलवार की जीत से भारत के लिए क्वार्टरफाइनल में पहुंचने का रास्ता काफी आसान हो जाएगा, क्योंकि प्रत्येक पूल से शीर्ष चार टीमें क्वार्टरफाइनल में पहुंचेंगी। भारत के ग्रुप में आस्ट्रेलिया और बेल्जियम हैं और टीम को अभी इन दो मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खेलना है। भारत का मुकाबला 1 अगस्त को बेल्जियम से होगा और 2 अगस्त को उसका मुकाबला आस्ट्रेलिया से होगा।

### भजन अंतिम 16 में पहुंची, अंकिता का सफर खत्म



पेरिस। भारतीय तीरंदाज भजन कौर ओलंपिक के महिला एकल वर्ग में मंगलवार को यहां पोलैंड की वियोलेटा मैसजोर पर 6-0 की शानदार जीत के साथ अंतिम 16 चरण में पहुंचने में सफल रही। भजन ने अंतिम 32 दौर में मैसजोर को हराने के साथ अंकिता भकत की हार का बदला चुकता किया। पोलैंड की इस तीरंदाज ने इससे पहले अंतिम 64 चरण के मैच में अंकित को 6-4 से हराया था। भजन ने दिन के अपने शुरूआती मैच में इंडोनेशिया की साइफा नूरफीफा कमाल को 7-3 से शिकस्त देने के बाद वियोलेटा के खिलाफ अपनी लय जारी रखते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। भजन ने वियोलेट के खिलाफ पहले सेट और तीसरे सेट में 10 अंक वाले एक-एक और दूसरे सेट में दो निशाने लगाकर अपना दबदबा बनाया। उन्होंने 28-23, 29-26, 28-22 से आसान जीत दर्ज की। इससे पहले अंतिम 64 चरण में भजन ने शुरूआती सेट में साइफा के साथ अंक साझा किये जबकि इंडोनेशिया की तीरंदाज ने दूसरे सेट को जीतकर भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बना दिया। क्वालीफिकेशन में 22वें स्थान पर रहने वाली भजन ने इसके बाद दबाव में शानदार खेल दिखाया। उन्होंने तीसरे सेट में अच्छी वापसी करते हुए 10-10 के दो निशाने के साथ 29 का स्कोर किया। भजन ने चौथे सेट में साइफा के 25 के मुकाबले 27 अंक जुटाकर 5-3 की बढ़त बनायी और फिर आखिरी सेट में 25 के मुकाबले 28 अंक बनाकर जीत पक्की कर ली।

क्वालीफिकेशन में 11वें स्थान के साथ सर्वश्रेष्ठ भारतीय रही अंकिता पोलैंड की खिलाड़ी के खिलाफ बढ़त लेने बाद लय गंवा बैठी। पहला सेट गंवाने के बाद अंकिता ने दूसरे और तीसरे सेट को जीत कर अच्छी वापसी की थी लेकिन पोलैंड की निशानेबाज ने आखिरी दो सेट में शानदार एकाग्रता दिखाते हुए जीत दर्ज की। इससे पहले भारत की पुरुष और महिला टीमों को क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

### सात्विक-चिराग की जीत का सिलसिला जारी

एजेंसी



पेरिस। भारतीय बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का विजयी अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। इस भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशियाई जोड़ी मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियन को 21-13, 21-13 से हराया। सात-ची ने पूरे मैच में आक्रामकता दिखाई और आसानी से मुकाबला जीत लिया। भारतीय जोड़ी को सिर्फ 40 मिनट लगे और वे जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये। स्कोरकार्ड में मैच की तीव्रता नहीं दिख रही थी। विश्व की छठे नंबर की जोड़ी ने खेल के कुछ हिस्सों में जीत के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन सात-ची इंडोनेशियाई जोड़ी के लिए बहुत अच्छे थे। मिड-सेट ब्रेक के बाद, भारतीय जोड़ी ने अपने फ्लैट पुश और थंडरिंग स्मैश की तीव्रता बढ़ा दी। इंडोनेशियाई जोड़ी ने दूसरे सेट में क्रॉस-कोर्ट ड्रॉप और शक्तिशाली फ्लैट ड्राइव लगाकर कुछ कौशल दिखाया। वे नेट के करीब खेलना पसंद करते थे, लेकिन सात-ची ने अपने खेल को बेहतर बनाया और एक बार फिर 21-13 से सेट समाप्त किया।

### मनिका ने रचा इतिहास, टेबल टेनिस में राउंड-16 में पहुंचने वाली पहली भारतीय बनीं



पेरिस (फ्रांस)। भारत की स्टार पैडलर मनिका बत्रा ने पेरिस ओलंपिक 2024 के तीसरे दिन इतिहास रचा है। वह ओलंपिक इतिहास में टेबल टेनिस में राउंड-16 में क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। बत्रा ने टेबल टेनिस महिला एकल के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में फ्रांसीसी खिलाड़ी पृथिका पावड़े को 4-0 से हराया। मनिका बत्रा ने सोमवार देर को खेले गए टेबल टेनिस महिला एकल के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में फ्रांस की पृथिका पावड़े को मात दी। इस जीत के साथ ही 29 वर्षीय बत्रा ओलंपिक के इतिहास में प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं। महिला एकल के प्री-क्वार्टर फाइनल में भारतीय खिलाड़ी मनिका बत्रा का मुकाबला 8वीं वरीयता प्राप्त जापान की मिउ हिरानो या फिर गैर वरीयता प्राप्त हांगकांग चीन की झू चेंगझू से होगा।

### पोनप्पा ने किया संन्यास का एलान बोलीं- यह मेरा आखिरी ओलंपिक



पेरिस। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने बताया कि यह उनका आखिरी ओलंपिक था। मंगलवार को पेरिस ओलंपिक की महिला युगल स्पर्धा में उन्हें और उनकी जोड़ीदार तनिषा क्रास्तो को लगातार तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा। अश्विनी और तनिषा ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में आस्ट्रेलिया की सेतियाना मापासा और एंजेला यू से 15-21, 10-21 से हार गईं। अपने तीनों ग्रुप मैच हारकर उनका अभियान समाप्त हो गया। अश्विनी ने 2001 में अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीता था। अपने तीसरे ओलंपिक में खेल रही 34 वर्षीय अश्विनी से जब पूछा गया कि क्या वह 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में खेलना चाहती हैं, तो उन्होंने कहा, यह मेरा आखिरी ओलंपिक होगा, लेकिन तनिषा को अभी लंबा सफर तय करना है। यह भावनात्मक और मानसिक रूप से बहुत भारी पड़ता है, मैं इसे फिर से नहीं झेल सकती। यह आसान नहीं है, अगर आप थोड़े छोटे हैं तो आप यह सब झेल सकते हैं। इतने लंबे समय तक खेलने के बाद, मैं इसे और नहीं झेल सकती।

### रोइंग : बलराज पंवार पदक की दौड़ से बाहर

पेरिस। पेरिस ओलंपिक में भारत के एकमात्र रोवर बलराज पंवार मंगलवार को पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल-4 में पांचवें स्थान पर रहे। मंगलवार को यहां हुये मुकाबले में सेना के जवान पंवार 7:05.10 का समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे इसी के साथ ही वह मौजूदा ग्रीष्मकालीन खेलों में पदक की दौड़ से बाहर हो गए।

### मुक्केबाजी : अमित राउंड ऑफ 16 से हुए बाहर

पेरिस। भारतीय मुक्केबाज अमित पंघल मंगलवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों के 51 किग्रा राउंड ऑफ 16 में जाम्बिया के मुक्केबाज से हार गये। एशियन खेलों के चैंपियन पंघल को एक करीबी मुकाबले में जाम्बिया के तीसरी वरीयता प्राप्त पैट्रिक चिनयेम्बा से 4:1 से हराया।

## भारत के मैच, 31 जुलाई का पूरा शेड्यूल

पांचवें दिन बुधवार को मनिका बत्र टेबल टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में उतरेंगी, जबकि टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहाई भी अपने अभियान की शुरूआत करने उतरेंगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू भी ग्रुप चरण के अपने दूसरे मुकाबले में चुनौती पेश करेंगी। सिंधू का सामना क्रिस्टिन कुउबा से होगा, जबकि लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय भी अपने-अपने ग्रुप में मुकाबला खेलने उतरेंगे। भजन कौर के शानदार प्रदर्शन के बाद अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी और तरुणदीप राय से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दीपिका और तरुणदीप क्रमश: महिला और पुरुष एकल 1/32 एलिमिनेशन चरण में चुनौती पेश करने उतरेंगे।

**निशानेबाजी**

**50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन पुरुष क्वालिफिकेशन:** ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर और स्वप्निल कुसाले (दोपहर 12:30 बजे से)।

**ट्रैप महिला क्वालिफिकेशन:** श्रेयसी सिंह और राजेश्वरी कुमारी (दोपहर 12:30 बजे से)।

**बैडमिंटन**

प्महिला एकल (ग्रुप चरण): पीवी सिंधू बनाम क्रिस्टिन कुउबा (एस्टोनिया) (दोपहर 12:50 बजे से)

पुरुष एकल (ग्रुप चरण): लक्ष्य सेन बनाम जोनाटन क्रिस्टी (इंडोनेशिया) (दोपहर 1:40 बजे से)।

पुरुष एकल (ग्रुप चरण): एचएस प्रणय बनाम डुक फाट ले (वियतनाम) (रात 11 बजे से)।

**टेबल टेनिस**

महिला एकल (अंतिम 32 दौर): श्रीजा अकुला बनाम जियान जेंग (सिंगापुर) (दोपहर 2:20 बजे से)।

महिला एकल (राउंड ऑफ-16): मनिका बत्रा (रात 8:30 बजे से)।

**मुक्केबाजी**

महिला 75 किग्रा (अंतिम 16 दौर): लवलीना बोरगोहेन बनाम सुन्निवा हॉफस्टेड (नॉर्वे) (दोपहर 3:50 बजे से)।

पुरुषों 71 किग्रा ( अंतिम 16 दौर): निशांत देव बनाम जोस गेब्रियल रोड्रिग्ज टेनोरियो (इक्वाडोर) (रात 12:18 बजे से)।

**तीरंदाजी**

महिला एकल: 1/32 एलिमिनेशन चरण: दीपिका कुमारी (दोपहर 3:56 बजे से)।

पुरुष एकल: 1/32 एलिमिनेशन चरण: तरुणदीप राय (रात 9:15 बजे से)

**घुड़सवारी**

व्यक्तिगत ड्रेसेज ग्रां प्री दूसरा दिन: अनुश अग्रवाला (दोपहर 1:30 बजे से)

### सीन नदी में पानी की गुणवत्ता पर चिंता बरकरार



पेरिस। पेरिस ओलंपिक खेलों में पुरुषों की ट्रायथलॉन को सीन नदी में पानी की गुणवत्ता के मुद्दों के कारण स्थगित कर दिया गया है। मंगलवार सुबह भारतीय समयानुसार 11:30 पूर्वाह्न के लिए निर्धारित कार्यक्रम को अब बुधवार 2:15 पूर्वाह्न बजे स्थानांतरित कर दिया गया है। यह पुनर्निर्धारण इसे महिलाओं के ट्रायथलॉन के साथ संरेखित करता है, जिसे 24 घंटे बाद के लिए निर्धारित किया गया था। महिलाओं की दौड़ बुधवार को भारतीय समयानुसार सुबह 11:30 बजे शुरू होगी। उसके बाद पुरुषों की दौड़ भारतीय समयानुसार 2:15 बजे शुरू होगी। इस निराशाजनक खबर के बाद कि 30 जुलाई को योजना के अनुसार पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा के तैराकी खंड को आयोजित करने के लिए पानी की गुणवत्ता के परिणाम अनुमत स्तर के भीतर नहीं थे, दौड़ स्थगित कर दी गई है और अब बुधवार 31 जुलाई को सुबह 10.45 बजे होगी।

### जज्बे को सलाम, 7 महीने की प्रेगनेंसी में की तलवारबाजी



पेरिस। इस बार एक ऐसी खिलाड़ी भी ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने आई हैं जो प्रेग्नेंट हैं वह एक या दो महीने की नहीं बल्कि, 7 महीने की प्रेग्नेंट है और उन्होंने अपने पहले मैच में जीत भी हासिल की। मिस्र की तलवारबाज नादा हाफेज ने एक मैच के बाद खुलासा किया कि, वह प्रेग्नेंट है और पोडियम में 2 नहीं बल्कि, 3 लोग खेल रहे थे, क्योंकि उनके गर्भ में 7 महीने का नन्हां शिशु है। उन्होंने एक नन्ही ओलंपियन को गोद में 7 महीने की गर्भवती होने के बावजूद प्रतिस्पर्धा की। हालांकि, वह महिलाओं की सेबर व्यक्तिगत स्पर्धा के अंतिम 16 में हार गयी। इस हार के बाद उन्होंने इस्टाग्राम पर पोस्ट किया, और लिखा आपको लगता है कि पोडियम पर दो खिलाड़ी हैं, लेकिन वास्तव में वे तीन थे, यह मैं, मेरी प्रतियोगी और मेरी अभी तक दुनिया में न आने वाली छोटी बच्ची थी। 'मेरे बच्चे और मेरे सामने कई चुनौतियां थीं, चाहे वो शारीरिक हों या भावनात्मक, गर्भावस्था का उतार-चढ़ाव अपने आप में कठिन है।

### धीरज बोम्मादेवरा ने दर्ज की जीत

धीरज बोम्मादेवरा ने मुकाबला 7-1 से जीत लिया। धीरज ने चौथा सेट 28-26 से जीत लिया और अगले दौर में पहुंचे।

### जैस्मीन सर्वसम्मत निर्णय से हारीं

भारत की जैस्मीन लेम्बोरिया महिलाओं की 57 किग्रा स्पर्धा से बाहर हो गई हैं। वह नेश्टी पेटेसियो के खिलाफ सर्वसम्मत निर्णय (5-0) से हार गईं।

## आइपीएल फ्रेंचाइजियों की मीटिंग आज, बड़े फैसलों पर होगी बहस

एजेंसी




नयी दिल्ली। आइपीएल की संचालन परिषद की बुधवार को मुंबई में फ्रेंचाइजी मालिकों के साथ बैठक के दौरान टीम के पर्स (खिलाड़ियों पर खर्च की जाने वाली रकम) को 120 करोड़ रुपए तक बढ़ाने और 'राइट टू मैच' (आरटीएम)' विकल्पों सहित 6 खिलाड़ियों को टीम में बरकरार (रिटेन) रखने पर सहमति बन सकती है। इस साल के आखिर में आइपीएल के लिए खिलाड़ियों की बड़ी नीलामी होगी। इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड इस लीग के तौर-तरीकों को व्यवस्थित करने के लिए टीम मालिकों के साथ चर्चा करेगा। बीसीसीआइ टीम गठन पर नियमों को तय करने से पहले फ्रेंचाइजी मालिकों के विचारों को ध्यान में रखेगा। विभिन्न फ्रेंचाइजी से बात करने पर सामने आया कि हर कोई मौजूदा टीम के 100 करोड़ रुपए की पर्स को कम से कम 20 से 25 प्रतिशत बढ़ाने की मांग रखता है। आइपीएल के एक फ्रेंचाइजी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि मुझे लगता है कि यह (पर्स में बढ़ोतरी) निश्चित रूप से हो रहा है। इसमें 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी होनी चाहिए। ऐसे में फ्रेंचाइजी के लिए 120 करोड़ से 125 करोड़ रुपए की पर्स से अधिकांश फ्रेंचाइजी इससे सहमत होंगी। इस बैठक में सबसे बड़ा मुद्दा खिलाड़ियों को बनाए रखना है, जहां किसी सहमति पर पहुंचना मुश्किल हो सकता है क्योंकि ज्यादातर टीमों की अलग-अलग आवश्यकताएं होती हैं। एक बड़ी फ्रेंचाइजी ने आरटीएम सहित 8 खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखने का सुझाव दिया है। इस बात की संभावना कम है कि ज्यादातर टीमें इससे सहमत नहीं होंगी। आईपीएल के 3 साल के चक्र में होने वाली नीलामी में एक विदेशी सहित 4 खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति देता है।

# टीम इंडिया ने सुपर ओवर में श्रीलंका को धोया, सीरीज की क्लीन स्विप

एजेंसी

पल्लेकेले। टीम इंडिया ने पल्लेकेले के मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ रोमांचक तीसरे टी20 मुकाबले को सुपर ओवर में जीत लिया। इसी के साथ भारत ने 3 टी20 मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली। इससे पहले खेलते हुए भारतीय टीम धीमी पिच पर डगमगा गई थी। जायसवाल 10, सैमसन 0, रिंकू 1 तो सूर्यकुमार 8 रन पर ही पवेलियन लौट गए। लेकिन रियान पराग और वाशिंगटन सुंदर ने स्कोर बनाकर स्कोर 137 तक पहुंचाया। जवाब में श्रीलंका की शुरूआत जोरदार रही। लेकिन 16वें ओवर के बाद उन्होंने लगातार विकेट गंवाए। लेकिन आखिरी ओवर में श्रीलंका मैच टाई करवाने में सफल रहा। इसके बाद सुपरओवर का रास्ता खुल गया।

**ऐसा रहा सुपरओवर**

श्रीलंका : 2-2

श्रीलंका की ओर से कुसल परेरा और मेडिस बल्लेबाजी के लिए आए। पहली दो गेंदों पर एक रन वाइड से तो एक मेंडिस के बल्ले से आया। दूसरी गेंद पर परेरा बिश्नोई के हाथों लपके गए। अगली ही गेंद पर निसांका भी रिंकू सिंह के हाथों लपके गए। इस तरह श्रीलंका सुपर ओवर में 2 ही रन बना पाई। भारत की ओर से वाशिंगटन सुंदर गेंदबाजी कर रहे थे।

**भारत : 4 (0.1 ओवर)**

भारत के सामने मात्र तीन रन का ही लक्ष्य थ। बल्लेबाजी करने के लिए शुभमन के साथ सूर्यकुमार बल्लेबाजी के लिए आए। सूर्यकुमार ने पहली ही गेंद पर ठीकषाना को स्विप से चौका मारकर टीम इंडिया को जीत दिला दी।

**भारत : 137/9 (20 ओवर)**



भारतीय टीम महीश तीक्षणा (28 रन पर तीन विकेट) और वानिंदु हसरंगा (29 रन पर दो विकेट) की फिरकी के जादू से बच नहीं पाई और पहले खेलते हुए 9 विकेट पर 137 रन ही बना पाई। भारत की ओर से सलामी बल्लेबाज और उप कप्तान शुभमन गिल ने सर्वाधिक 39 रन बनाए। उन्होंने रियान पराग (26) के साथ छठे विकेट के लिए 54 रन जोड़कर भारत को खराब शुरूआत से उबारा। अंतिम ओवर में वाशिंगटन सुंदर (25) और रवि बिश्नोई (नाबाद 08) ने 8 विकेट के लिए 32 रन जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। तीक्षणा और हसरंगा के अलावा श्रीलंका के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण कर रहे चामिंदु विक्रमसिंघे (17 रन देकर 1 विकेट), असिथा फर्नांडो (11 रन पर 1 विकेट) और रमेश मेंडिस (26 रन पर 1 विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया।

## जय शाह की जगह लेने को तैयार नकवी ! एशियाई क्रिकेट में बढ़ेगा पाक का वर्चस्व



- मोहसिन नकवी अगले एसीसी अध्यक्ष बनने को तैयार
- बीसीसीआइ के सचिव जय शाह फिलहाल इस पद पर मौजूद
- चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी करने वाला है पीसीबी

एजेंसी

लाहौर (पाकिस्तान)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस साल के अंत में एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के रोटेशन नीति के अनुसार इसके अगले अध्यक्ष बनने वाले हैं। हाल ही में एसीसी की बैठक में अध्यक्ष पद के मामले पर चर्चा की गई थी, जिसमें नकवी अगले अध्यक्ष बनने की दौड़ में हैं। एक सूत्र ने बताया कि जब एसीसी इस साल के अंत में बैठक करेगी, तो यह पुष्टि की जाएगी कि नकवी दो साल के कार्यकाल के लिए अगले अध्यक्ष होंगे। बीसीसीआइ सचिव जय शाह मौजूदा एसीसी अध्यक्ष हैं, जिन्हें इस साल जनवरी में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एक साल का विस्तार मिला था। सूत्र ने बताया कि जब शाह पद छोड़ेंगे, तो पीसीबी प्रमुख कार्यभार संभालेंगे। एसीसी ने हाल ही में एशिया कप 2025 की मेजबानी का अधिकार भारत को दिया है क्योंकि यह टूनामेंट टी20 प्रारूप में आयोजित किया जाएगा और 2027 संस्करण की मेजबानी बांग्लादेश को वनडे प्रारूप में सौंपी गई है। इसका मतलब है कि 2025 में दो प्रमुख आयोजन होने हैं- फरवरी-मार्च में पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी और उसके बाद एशिया कप जो टी20 विश्व कप 2026 का पहले होगा। इन दोनों आयोजनों से फिर से चर्चा और अटकलें लगने की संभावना है कि क्या भारत चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करेगा या क्या पाकिस्तान एशिया कप के लिए भारत की यात्रा करेगा।

# मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त से की शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्र तक (रपुरा मेन रोड से धनको ओबरा) सिवान तक बनाई गई सड़क में भारी अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने कुछ दिन पूर्व जिला उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त गढ़वा को लिखित शिकायत दिया है। मिली जानकारी के अनुसार यह सड़क 2.350 किलोमीटर एक करोड़ 77 लाख 59 हजार छह सौ रुपए की लागत से बनाई जा रही है। अनियमितता को लेकर ग्रामीण आशीष कुमार पांडेय, ललित कुमार पांडेय, गिरजा शंकर पांडेय, गणेश चौहान, सनोज चौहान, अशोक पांडेय, देवेंद्र पांडेय, उदय पांडेय, बसंत कुमार पांडेय, सुमन सिंह, हीरामणि सिंह, रामजी चौहान, वीरेंद्र चंद्रवंशी, रंजीत कुमार गुप्ता सहित 5 दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है। जिसमें दशार्या है कि उक्त पथ निर्माण में भारी अनियमितता वरती गई है। कहा गया है कि नवनिर्मित पीसीसी पथ जो बनाया गया है उसमें अभी सही दरार पड़ चुका है, पीसीसी पथ का निर्माण कार्य जिसकी ऊंचाई मापदंड से कम है, पीसीसी पथ में अभी से ही ड्यूटी देखने लगा है जो उखड़ने योग्य है। सबसे बड़ी बात यह है कि सड़क बनाई जाने के क्रम में लगभग आधा दर्जन आहार पड़ते हैं लेकिन वहां हम पाइप नहीं दिया गया जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। साथ ही पीच रोड में कहीं भी फ्लैंक भरा नहीं गया है। जिससे रोड कभी भी फट सकती है। मंगलवार को विशेष जानकारी देते हुए ग्रामीण विरेन्द्र कुमार पांडेय, अनिल कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क को दिखाते हुए कहा कि पीएससी सड़क, कल्भट, होम पाइप के पुलिया एवं सड़क के प्लैंक दिखाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि लगभग 2 करोड रुपए की लागत से बन रही सड़क में साफ दिख रहा है कि सड़क में भारी अनियमितता की गई है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क बनाने के दौरान संवेदक को कहा गया तो संवेदक उल्टा ग्रामीणों को डराने धमकाने का काम कर रहे थे। जिसको लेकर उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त को आवेदन भी दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि सबसे ज्यादा नुकसान यहां आसपास के चार गांव के किसानों को हो रहा है जो जहां पर पानी निकास की जरूरी है वहां पर होम पाइप तक भी नहीं दिया गया है। इसलिए हम सब मांग करते हैं कि संवेदक पर कार्रवाई करते हुए, सड़क में की गई भारी अनियमिता में विभाग के द्वारा सुधार करवाई जाए।


जानकारी देते ग्रामीण।

# विधायक भानु के प्रयास से छह पुल की स्वीकृति


जानकारी देते भाजपाई।

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** भाजपा मंडल केतार ने क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही को बधाई दिया है। मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद एवं जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने संयुक्त रूप से कहा कि पुल स्वीकृत हो जाने से लोगों में काफी खुशी का माहौल है। इस पुल का लोगों द्वारा काफी वर्षों से मांग किया जा रहा था। विधायक भानु के अथक प्रयास के बाद केतार प्रखंड में पहला मोटंगवा और दूसरा चैरा पंडा नदी पर पुल की स्वीकृति बहुत कड़ी संघर्ष के बाद प्राप्त हुआ है। कहा कि विपरीत परिस्थिति में भी विधायक लगातार प्रयासों से अपने विधानसभा क्षेत्र में छह पुल की स्वीकृति दिलाया। मौके पर पूर्व मुखिया गुड्डन पासवान, उपेंद्र बैठा, अजय गुप्ता, विजय गुप्ता, जोखू राम, बीसीसी राजकुमार पासवान, रामा बैठा, प्रहलाद बैठा, उदय विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## बाइक के आमने-सामने की टक्कर में दो घायल

**भवनाथपुर।** टाउनशिप मुख्य मार्ग में रेलवे साइडिंग में दो बाइक की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 108 एंबुलेंस से प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया। घायलों में टाउनशिप निवासी पत्रकार संजय पांडेय और अरसली उतरी निवासी दीपक विश्वकर्मा का नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि संजय पांडेय भवनाथपुर से टाउनशिप अपने आवास जा रहे थे और विपरीत दिशा दीपक विश्वकर्मा अपने बाइक से जा रहे थे कि आपस में टक्कर हो गई।

# प्रक्षेत्र दिवस सह किसान गोष्ठी का आयोजन हुआ


संबोधित करते वक्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग गढ़वा आत्मा के तत्वावधान में मंगलवार को भवनाथपुर पंचायत सचिवालय के प्रांगण में प्रक्षेत्र दिवस सह किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुखिया बेबी देवी, बीटीएम राकेश कुमार ने किया। किसान गोष्ठी में कृषि सलाहकार सौरभ सिंह ने उपस्थित किसानों को आधुनिक कृषि खेती, समेकित खेती, मक्का फसल, मशरूम उत्पादन आदि के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी। साथ ही फसल उत्पादन के लिए मिट्टी की जांच तथा वैज्ञानिक विधि से फसल की अधिक पैदावार और इसके उच्च कीमत पर बिक्री के लिए उन्हे बारीकी से जानकारी दी गई। मौके पर पंसस सरिता देवी, विवेक मिश्रा, राहुल रंजन, किसान पाठशाला बनसानी के बृजेश कुमार पासवान, सुदीप कुमार, पंचम कुमार, सुशील राउत, शंभू सिंह, प्रमोद राम, सुषमा देवी, पुष्पा देवी सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

## समरसेबल मशीन खोलने के दौरान हुआ विस्फोट


घायल राजन मेहता।

**भवनाथपुर।** ब्लॉक गेट के समीप इलेक्ट्रीक दुकानदार सह मिस्त्री राजन मेहता एक समरसेबल मशीन खोलने के दौरान विस्फोट होने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे घायलावस्था में भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक इंद्रकिशोर विश्वकर्मा ने प्राथमिक उपचार किया। इस घटना में राजन मेहता को हाथ और पेट में गंभीर चोट लगी है। घटना के बारे में राजन ने बताया की खराब पड़े समरसेबल को खोलने के दौरान अचानक से मशीन में विस्फोट हो गया। जिस कारण वह दो घंटे तक बेहोशी की हालत में रहा। बताया कि शायद मशीन में गैस होने के कारण विस्फोट हुआ है। गनीमत रहा कि इस घटना में बाल बाल जान बच गया।

# सुल्लतानगंज में जल उठाने के क्रम में कांवरिया की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र के शारदा गांव निवासी 55 वर्षीय बच्चन पासवान अपने गांव से तीन दिन पूर्व ग्यारह सदस्यों के साथ बाबा धाम के लिए निकला था। इस क्रम में बीते सोमवार की अहले सुबह जल भरने के पूर्व सीढ़ी पर अपने सहयोगियों के साथ स्नान कर रहा था कि अचानक गिर गया। जिससे उसके सर में गंभीर चोट आयी। स्थानीय प्रशासन तथा सहयोगियों की मदद से रेफरल अस्पताल सुल्तानगंज में भर्ती कराया। जहां चिकित्सको ने बच्चन पासवान को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर दूरभाष के माध्यम से इनके स्वजन को दिया गया। इस घटना के बाद साथ में निकले बाबा धाम जाने वालो साथियों ने बीच रास्ते से ही मृतक का शव लेकर निवास स्थान शारदा गांव मंगलवार लौट गए और मृतक का शव स्वजनों को सुपुर्द कर दिया। शव के देखते ही पूरे घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मृतक के घर सांत्वना देने पहुंची पंचायत के मुखिया कलावती देवी ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि मृतक मेहनत मजदूरी कर पूरे घर का भरण पोषण करता था। मुझे इसके लिए भारी दुख है। इस घड़ी मैं मृतक के परिवार के साथ मजबूती से खड़ी रहूंगी। सरकार के द्वारा मिलने वाले सभी सुविधा मृतक के पत्नी को जितना जल्द हो सके दिलाने का काम करूंगी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र राम, बीडीसी प्रतिनिधि पवन सिंह, वार्ड सदस्य महेंद्र बैठा, अखिलेश उरांव, रवि कुमार रजक, बसंत पासवान, भारत साह, मनोज शाह, नरेश पासवान आदि उपस्थित थे।


विलाप करते परिजन।

# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न, डीसी ने दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में सड़क हादसों को नियंत्रित करने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में डीसी ने सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः अनुपालन कराने के साथ विगत दिनों में सड़क दुर्घटना के रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्य करने के लिए दिशा निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने सर्वप्रथम हिट एंड रन मामलों की समीक्षा की। उन्होंने हिट एंड रन तथा गुड सेमेरिटन पॉलिसी का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने तथा हिट एंड रन से संबंधित लंबित मामलों का निपटारा कर पीड़ित को शीघ्र मुआवजा दिलाने का निर्देश दिया।

बैठक में डीसी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-75 पर गढ़वा से नजदीक के सभी मुख्य स्थान की दूरी से संबंधित साइनेज गति सीमा से संबंधित साइनेज एवं रोड सेफ्टी से संबंधित उपकरणों को अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया। इस दौरान कार्यपालक अभियंता ने बताया कि जिले के कई स्थानों पर साइनेज का अधिष्ठापन कर लिया गया है एवं शेष बचे स्थान पर जल्द ही साइनेज लगाने की कार्रवाई की जा रही है। डीसी ने जिले में अवस्थित तीन ब्लैक स्पॉट मुख्यतः अन्नराज घाटी, गुलरिया ढोड़ा एवं बुढ़ापरास के कार्य प्रगति के संबंध में जानकारी लिया एवं अन्नराज घाटी के घुमाव को सीधा करने के कार्य मे तेजी लाने एवं कार्य को युद्धस्तर पर पूर्ण करने का निदेश दिया। साथ ही जिले में रोड किनारे सूखे पड़े वृक्ष, जिनसे आये दिन सड़क दुर्घटना हो रही हैं, वैसे वृक्षों का आकलन कर वन विभाग से अनुमति लेते हुए वृक्षों के कटाई का निर्देश दिया। उन्होंने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से शहर के मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी के अधिष्ठापन एवं स्ट्रीट लाइट मरम्मती की जानकारी लिया। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व बैठक में प्राप्त निर्देश के आलोक में शहर के सभी मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी का अधिष्ठापन एवं स्ट्रीट लाइट की मरम्मती कर किया गया है।


बैठक करते डीसी।

मौके पर डीसी श्री जमुआर ने कहा कि दो पहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें, जिसे लेकर उन्होंने नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत सभी पेट्रोल पंप संचालकों को बिना हेलमेट फ्यूल नहीं देने का अपील किया एवं इस अनिवार्य रूप से लागू करने की भी बात कही। वहीं बैठक में सड़क हादसों के पश्चात उनकी सहायता के लिए आगे आने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने की भी बात कही गई। डीसी ने कहा कि लोगों में ऐसा भय है कि जो सड़क दुर्घटना में दूसरों की सहायता के लिए आगे नहीं आएगा उन्हें कानूनी रूप से फंसने का भय होता है, लेकिन ऐसी बात नही है, ऐसे लोगों को किसी भी कानूनी अड़चनों का सामना नहीं करना पड़ेगा। वे बिना किसी भय के लोगों की सहायता जरूर करें। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों एवं शहर के विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाते हुए लोगों को यातायात नियमों की संपूर्ण जानकारी देने एवं उन्हें इन नियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार के सुझाव दिए गए, जिससे सड़क हादसों में नियंत्रण लाया जा सके। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार से ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति करने एवं एंबुलेंस की उपलब्धता की जानकारी ली। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में कई नए चिकित्सकों की नियुक्ति हुई है, जिन्हें जल्द ट्रॉमा सेंटर समेत अन्य जरूरी स्थान पर चिकित्सकों को प्रतिनियुक्त किया जाएगा। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में कुल 26 एम्बुलेंस वर्तमान में उपलब्ध है। मरीज जरूरी सहायता हेतु 108 नंबर पर संपर्क कर एंबुलेंस सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। बैठक में एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीएसपी हेडक्वार्टर यशोधरा, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, एनएचएआई कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ, पथ प्रमण्डल, मेदिनीनगर, पलामू लोकसभा क्षेत्र सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चैबे, विधायक प्रतिनिधि विश्रामपुर भोला चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि भवनाथपुर राजीव रंजन तिवारी समेत अन्य सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### अमर मेडिकल से 10 हजार रुपए की चोरी


बिखरा सामान।

**रमना।** रमना नीचे बाजार दुर्गा मंदिर के समीप स्थित अमर मेडिकल में सोमवार की रात्रि चोरो ने लकड़ी की दरवाजा का गुलाबा उखाड़ कर दराज में रखे रुपए की चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता प्रतिदिन की तरह शाम आठ बजे के करीब अपना दुकान बंद कर दुकान के पीछे के मकान में सोने चले गये, तब तक सब कुछ समान्य था। इस चोरी का पता दुकानदार को सुबह चला जब दुकानदार का पुत्र सुबह में दुकान खोलने आया तो देखा कि दरवाजा का लॉक टूटा हुआ है और दराज का सामान जहां-तहां बिखरा है। दराज में बिक्री के करीब दस हजार रुपए गायब है। घटना की सूचना रमना पुलिस को दी गई। रमना थाना प्रभारी अशफाक आलम ने दुकान का निरीक्षण कर कहा कि चोरी की घटना का उद्भेदन किया जाएगा।

### नाबालिग से जबरन दुष्कर्म के अभियुक्त व सहयोगी को जेल

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत इंसानियत को शर्मशार कर देने वाला मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की नाबालिग लड़की के साथ पिछले कई महीनों से भय पूर्वक दुष्कर्म किया जा रहा था। बीते 4 जुलाई को आरोपी के द्वारा पीड़िता को पिस्तौल का भय दिखाकर शाम के समय मझिआंव से मोहम्मदगंज स्टेशन ले जाया गया। जिसके बाद ट्रेन के माध्यम से डेहरी ऑन सोन होते हुए आरोपी लड़की को लेकर महाराष्ट्र के ठाणे जिला में कसारा गांव पहुंचा। जहां शून्य आबादी वाले सुनसान जगह पर एक कमरे में लड़की को रख कर उसके साथ लगातार संबंध बनाता रहा। घटना के बाद पीड़िता के पिता के आवदेन पर मझिआंव थाना पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर छानबीन शुरू की। जिसके बाद कॉल डिटेल्स और लोकेशन ट्रेस करने पर पता चला कि लड़की और आरोपी महाराष्ट्र में हैं। जिसके बाद मझिआंव थाना से एक टीम महाराष्ट्र के लिए रवाना हो गई। वहां पहुंच कर छानबीन करने पर उनका पता चल गया। उनके साथ आरोपी का सहयोगी भी पकड़ा गया। जिसके सहयोग से उसने पूरे घटना को अंजाम दिया था। मझिआंव थाना के द्वारा आरोपी पंकज कुमार रजक पिता श्रवण बैठा उम्र 20 वर्ष एवं सहयोगी नासिर खान वर्ष पिता एकबाल खान उम्र 21 वर्ष को पोस्को एक्ट के तहत मेडिकल कराने के बाद जेल भेज दिया गया।

### इलाज के दौरान लिपिक का निधन


राजीव रंजन।

**कांडी।** प्रखंड के किशुनराज पब्लिक हाई स्कूल बलियारी के कार्यालय लिपिक व बलियारी गांव निवासी 50 वर्षीय राजीव रंजन दुबे उर्फ बबलू दुबे की मौत इलाज के दौरान एम्स दिल्ली में सोमवार को हो गयी। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। जिन्हें इलाज के लिए एक सप्ताह पूर्व एम्स दिल्ली में भर्ती किया गया था। उनकी मौत पर विद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्कूल स्टाफ व बच्चे शामिल हुए। किशुनराज पब्लिक स्कूल बलियारी के सचिव आनन्द प्रकाश दुबे ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि बबलू के अचानक मौत से स्कूल को अपूर्णीय क्षति हुआ है। वे बहुत ही कर्तव्य परायण व व्यवहार कुशल व्यक्ति थे। शोक व्यक्त करने वालों में किशुनराज पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल नवनीत कुमार दुबे, भाजपा नेता राम लाला दुबे, शशि रंजन दुबे, सीआरपी धर्मेन्द्र कुमार दुबे आदि का नाम शामिल है।

## खबर एक नजर में

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर प्रशिक्षण

**मझिआंव।** राज्य सरकार की नई महत्वपूर्ण योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सतीश भगत एवं अन्य कर्मियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत सचिव, अंचल कर्मी, महिला पर्यवेक्षिका बाल विकास परियोजना, नगर पंचायत कर्मी, पंचायत मुखिया एवं अन्य कई विभाग के कर्मियों को कहा गया कि सरकार का महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना में 21 वर्ष से 49 वर्ष तक के महिलाओं को जोड़ना है। इस दौरान बीडीओ सतीश भगत ने कहा कि सरकारी, मान्यता प्राप्त या जनप्रतिनिधि के घर के सदस्यों को नहीं जोड़ना है। क्षेत्र में जाकर सभी को इस योजना का फॉर्म घर के सदस्यों के अनुसार देना है और सभी से फार्म भरवा कर दो अगस्त तक जमा कर लेना है। साथ ही उन्होंने कहा कि 3 से 10 अगस्त तक प्रत्येक पंचायत में शिविर लगाया जाएगा जिसमें लाभ लेने वाले लाभुकों की उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस योजना में कोई भी गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर अंचल अधिकारी शंभू राम ने कहा कि इस योजना का लाभ योग्य लाभुकों तक हर संभव पहुंचना चाहिए। मौके पुरहे पंचायत मुखिया शंभू राम, सलगा पंचायत मुखिया उमेश प्रजापति, पंचायत सचिव रविंद्र दुबे, महावीर महतो, विनोद सिंह, अविनाश कुमार, उत्पल सोरेन, परमानंद प्रसाद, महिला पर्यवेक्षिका सहित आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थे।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने सभी मंत्रियों की लगायी ड्यूटी



**पटना।** बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में एक बड़ी बैठक कर सभी मंत्रियों की ड्यूटी लगायी है। राजस्व मंत्री रहते हुए वे खुद एक दिन ड्यूटी करेंगे। सम्राट चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष रहने के दौरान सहयोग कार्यक्रम बंद था। नए अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने इसकी शुरूआत करने को कहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने नीतीश कैबिनेट में शामिल सभी 15 मंत्रियों को सहयोग कार्यक्रम में शामिल होने का समय और दिन निर्धारित किया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को अपने आवास में सहयोग कार्यक्रम करेंगे, जबकि दूसरे डिप्टी सीएम विजय कुमार सिंह हर हफ्ते शुक्रवार को सरकारी आवास 3-स्टैंड रोड पर सहयोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। हर हफ्ते सोमवार को मंगल पांडेय, केदार गुप्ता, कृष्णनंदन पासवान भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठेंगे। बुधवार को रेणु देवी, नीतीश मिश्रा और दिलीप कुमार जायसवाल प्रदेश कार्यालय में सहयोग कार्यक्रम में शिकायत सुनेंगे। गुरुवार को नितिन नवीन, संतोष सिंह और सुरेंद्र मेहता प्रदेश कार्यालय में सहयोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। जबकि शनिवार को डॉक्टर प्रेम कुमार, नीरज कुमार बबलू, जनक राम और हरि सहनी सहयोग कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## पेज एक का शेष

### हादसे में तीन...

पश्चिमी सिंहभूम जिले के उपायुक्त भी मौके पर पहुंच कर राहत बचाव कार्य में लगे हैं। घटनास्थल पर अस्थायी हेलीपैड बनाया गया है। वहीं विपक्ष ने बढ़ते ट्रेन हादसे पर सरकार को घेरा और रेल मंत्री से इस्तीफे की मांग की।

**झारखंड पुलिस ने 300 को सुरक्षित निकाला :** झारखंड पुलिस और एनडीआरएफ की टीम के द्वारा 300 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला है। राहत एवं बचाव कार्य के लिए पुलिस मुख्यालय ने आईआरबी और झारखंड आर्म्ड फोर्स के जवानों को भी लगाया है। आईजी अभियान अमोल वी होमकर के अनुसार डीजीपी अनुराग गुप्ता ने खुद ही राहत और बचाव कार्य के लिए त्वरित रूप से अतिरिक्त फोर्स भेजने का निर्देश दिया था। सरायकेला, चक्रधरपुर और जमशेदपुर के निकट सभी जिलों के अस्पताल अलर्ट है। झारखंड पुलिस और पश्चिम बंगाल सीआरपीएफ और पुलिस वहां कैंप कर रही है

**कैसे हुआ हादसा :** दक्षिण-पूर्व रेलवे के जीएम ने बताया कि घटना सुबह 3:40 बजे हुई। राजखरसावां रेलवे स्टेशन से हावड़ा मुंबई मेल 3:34 बजे क्रॉस की थी। राजखरसावां और बड़ाबंबो रेलवे स्टेशन के बीच जिस जगह घटना घटित हुई, वहां मालगाड़ी डीरेल हुई थी। इसकी जानकारी गैंगमैन को स्टेशन मास्टर को देनी चाहिए थी। उसने दी या नहीं इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि राहत और बचाव कार्य है। थर्ड लाइन को दुरुस्त करने का काम शुरू किया जा रहा है। 18 से 24 घंटे के बीच मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन फिर से शुरू होने की संभावना है।

### मनु-सरबजोत की...

सरबजोत सिंह के 8.6 के स्कोर की वजह से भारत को पहले दो अंक गंवाने पड़े, लेकिन इसके बाद उन्होंने 10.5, 10.4 और 10 के स्कोर के साथ अच्छी वापसी की और भारत को अगले छह अंक लेने में मदद की। भाकर ने रचा इतिहास :इसके साथ ही मनु भाकर एक ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गयी हैं। इससे पहले उन्होंने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य मेडल जीता था। वहीं, सरबजोत सिंह छठे भारतीय निशानेबाज बन गये हैं, जिन्होंने ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में मेडल अपने नाम किया है। पीएम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमारे निशानेबाज हमें गौरवान्वित करते रहते हैं।

### घर बनाने गरीबों को...

**कटौती प्रस्ताव पर घुसपैठ का मुद्दा उठा :** इसके पहले कटौती प्रस्ताव पर भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि घुसपैठियों के जरिये वोट जिहाद की तैयारी है। राज्य सरकार ने भी माना है कि 4 बांग्लादेशी पकड़े गये हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर चिंतित होना एकदम जायज है। जो लोग यह कहते हैं कि राज्य में एक भी बांग्लादेशी घुसपैठी नहीं हैं, उन्हें सरकार का सदन में दिया गया जवाब पढ़ना चाहिए। श्री ओझा ने कहा कि यह चुनौती सिर्फ संथाल तक सीमित नहीं है। घाटशिला में भी ऐसा हो रहा है। फर्जी तरीके से वोटर कार्ड, राशन कार्ड और आधार कार्ड, बर्थ सर्टिफिकेट बन रहे हैं। एक महिला ने 6 साल में 13 बच्चों के बर्थ सर्टिफिकेट बनवाये हैं। सिद्दू-कान्हू की धरती भोगनाडीह में आदिवासियों की संख्या नहीं के बराबर रह गयी है। दूसरी पाली में कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर सदन का माहौल कई बार गरमाया। आदिवासियों की घट रही संख्या और मुस्लिमों की बढ़ती संख्या पर विपक्ष ने सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिश की। दोनों पक्ष एक दूसरे को इसके लिये जिम्मेदार बताया। वहीं, सदन कुछ देर स्थगित भी रहा। पहली पाली में हंगामा के कारण सदन को दो बार स्थगित करना पड़ा।

**रेल हादसे पर चिंता :** सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सत्ताधारी दल के प्रदीप यादव ने चक्रधरपुर के पास रेल हादसे पर दुःख जताया और कहा कि लापरवाही के कारण बार-बार रेल हादसा हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत सोरेन मामले में ईडी की याचिका खारिज कर स्पष्ट कर दिया कि उन्हें बेवजह परेशान किया गया। इसके बाद विपक्ष ने शोरगुल शुरू कर दिया। भाजपा विधायक वेल पर पहुंच कर नारेबाजी करने लगे। भाजपा के नीलकंठ सिंह मुंडा ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से सवाल उठाया कि बच्चों को अब तक किताबें नहीं मिली है। सेशन भी समाप्त हो रहा है। इसपर शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि पुस्तक वितरण का काम आचार संहिता के कारण बाधित हुआ। एक सप्ताह में शत-प्रतिशत पुस्तक वितरण का काम पूरा हो जायेगा। इस पर सीपी सिंह ने पुस्तक वितरण को लेकर कहा कि शिक्षा मंत्री सदन को गुमराह कर रहे हैं।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स की नजर भारत पर

## पीएम मोदी ने भारतीय उद्योग जगत से कहा- इस सुनहरे मौके को न गंवाएं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत अगले पांच साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर मजबूती से बढ़ रहा है और वैश्विक निवेशक इसे निवेश गंतव्य के तौर पर देख रहे हैं। उन्होंने घरेलू उद्योग से विकसित भारत की यात्रा का हिस्सा बनने के सुनहरे अवसर का लाभ उठाने का भी आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां विकसित भारत की ओर यात्रा विषय पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की तरफ से आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब भारत की नीतियां, प्रतिबद्धता, दृढ़ संकल्प, निर्णय तथा निवेश वैश्विक प्रगति का आधार बन रहे हैं, उद्योग देश की वृद्धि गाथा की मुख्य प्रेरक शक्ति हैं। मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत और आपकी तरफ देख रही है। सरकार की नीतियां, प्रतिबद्धता और निवेश वैश्विक विकास की नींव बन रहे हैं। दुनिया भर के निवेशक भारत आने को इच्छुक हैं। विश्व नेता भारत को लेकर सकारात्मक हैं। यह भारतीय उद्योग के लिए सुनहरे अवसर है

- **वैश्विक विकास की नींव बन रहे हैं, सरकार की नीतियां, प्रतिबद्धता और निवेश**
- **नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्रियों से निवेशकों के अनुकूल चार्टर बनाने का आह्वान किया गया है**

और हमें इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए। वैश्विक निवेशकों की भारत को लेकर बढ़ती दिलचस्पी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत को हाल ही में हुई नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्रियों से निवेशकों के अनुकूल चार्टर बनाने, निवेश नीतियों में स्पष्टता लाने और निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए किए गए अपने आह्वान से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अपनी उच्च वृद्धि और कम मुद्रास्फीति के साथ भारत उच्च मुद्रास्फीति, कम वृद्धि और भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रही दुनिया में वृद्धि और स्थिरता का प्रकाश-स्तंभ बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और




वह दिन दूर नहीं जब देश विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, जो अभी पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने इस बात का भरोसा जताया कि भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उपलब्धि उनके तीसरे कार्यकाल में हासिल कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नहीं है और वह ह्यदेश को सबसे पहले रखते हुए सभी निर्णय लेगी। मोदी ने कहा कि देश को सबसे पहले रखने की प्रतिबद्धता पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य, शून्य प्रभाव-शून्य अभाव पर बल और आत्मनिर्भर भारत या विकसित भारत के संकल्प में परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष

- **दो लाख करोड़ के पीएम पैकेज से चार करोड़ से अधिक युवा होंगे लाभान्वित**

2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए घरेलू उद्योग को सरकार के साथ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए और साथ ही इसे उभरते क्षेत्रों में वैश्विक खिलाड़ी भी बनाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में घोषित विभिन्न कदमों, खासकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को बढ़ावा देने वाले उपायों का जिक्र किया, जो रोजगार के करोड़ों अवसर उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि सरकार चौथी पीढ़ी के उद्योग मानकों को ध्यान में रखते हुए कौशल विकास और रोजगार पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित कर रही है। मोदी ने कहा कि भारत में 1.40 लाख स्टार्टअप हैं जो लाखों युवाओं को रोजगार दे रहे हैं। आठ करोड़ से अधिक लोगों ने मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया और स्टैंडअप इंडिया योजनाओं की मदद से नया व्यवसाय शुरू किया है। इस वर्ष के बजट में दो लाख करोड़ रुपये के बहुचर्चित प्रधानमंत्री पैकेज का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे चार करोड़ से अधिक युवाओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पैकेज समग्र तथा व्यापक है। यह अंतिम समाधानों से जुड़ा हुआ है। इसका मकसद भारत की श्रमशक्ति और उत्पादों को गुणवत्ता तथा मूल्य के मामले में वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाना है। मोदी ने युवाओं के कौशल और अनुभव को बढ़ाने के लिए शुरू की गई इंटर्नशिप योजना का भी जिक्र करते हुए कहा कि इससे रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी और साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार उत्पन्न करने वालों को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसी बात को ध्यान में रखते हुए सरकार ने ईपीएफओ अंशदान में प्रोत्साहन की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में विनिर्माण परिदृश्य में काफी बदलाव आया है। मेक इन इंडिया और विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को सरल बनाने के साथ बहुउद्देश्यीय लॉजिस्टिक्स पार्क, 14 क्षेत्रों के लिए उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना अतीत में किए गए कुछ उपायों में से हैं।

### विकसित भारत के नए केंद्र बनेंगे 100 शहर

उन्होंने कहा कि बजट में देश के 100 जिलों के लिए प्लग-एंड-प्ले निवेश-अनुकूल निवेश पार्क की घोषणा की गई है। ये 100 शहर विकसित भारत के नए केंद्र बनेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछली सरकार के बजट और अपनी सरकार के दौरान पेश किए गए बजट की तुलना भी की। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह नीत सरकार का 2013-14 में पेश आखिरी बजट 16 लाख करोड़ रुपये का था। आज हमारा बजट तीन गुना होकर 48 लाख करोड़ रुपये हो गया है ह्लह्ल इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूंजीगत व्यय आज बढ़कर 11 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो 2014 के दो लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय से पांच गुना से भी अधिक है।

# यूपी में लव जिहाद पर अब ताउम्र जेल

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को महत्वपूर्ण उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक-2024 पास हो गया। कानून के तहत गुमराह कर विवाह करने और धर्मांतरण के मामलों में आजीवन कारावास तक का प्रावधान है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक-2024 भी पास हो गया। दोनों महत्वपूर्ण विधेयकों को सोमवार को सदन में पेश किया गया था। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण विधेयक भी पास हुए। विधानसभा में मंगलवार को उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक-2024 पास हो गया। नए प्रावधानों के तहत धोखे, कपट, बहला-फुसला कर धर्म परिवर्तन

- **उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) बिल पास**
- **अब परीक्षा में नकल व पेपर लीक कराने पर भी उम्रकैद**

कराने व शादी करने पर अब 3 से 10 साल की जेल व 25 हजार रुपये जुर्माना होगा। पहले एक से पांच साल जेल व 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा था। नाबालिग, महिला (एससी-एसटी) संग अपराध पर अब पांच से 14 साल की जेल व एक लाख रुपये जुर्माना तथा अवैध ढंग से सामूहिक धर्म परिवर्तन कराने पर सात से 14 वर्ष की जेल तथा एक लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। उत्तर प्रदेश में परीक्षाओं को पारदर्शी और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए योगी सरकार ने एक और अहम कदम उठाया है। सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक की रोकथाम के लिए उत्तर प्रदेश



सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक-2024 को विधानसभा में मंगलवार को विधानसभा में पास कर दिया गया। नए कानून के तहत योगी सरकार नकल माफिया पर भी नकेल कसेगी। अब परीक्षा में नकल व पेपर लीक कराने वाले गिरोह के सदस्यों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई हो सकेगी। इनमें न्यूनतम दो साल से लेकर आजीवन कारावास तक का सजा का प्रावधान किया गया है। इसमें एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने को शामिल किया गया है।

## राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों का सम्मेलन दो अगस्त से

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 2 और 3 अगस्त को राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी। सम्मेलन में सभी राज्यों के राज्यपाल भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, शिक्षा मंत्री, जनजातीय मामले मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, युवा मामले एवं खेल मंत्री, नीति आयोग के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय, गृह मंत्रालय एवं अन्य मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी भी भाग लेंगे। सम्मेलन के एजेंडे में तीन आपराधिक कानूनों का क्रियान्वयन; उच्च शिक्षा में सुधार और विश्वविद्यालयों की मान्यता; आदिवासी क्षेत्रों, आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों जैसे फोकस क्षेत्रों का विकास; मेरा भारत, एक भारत श्रेष्ठ भारत और एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियानों में राज्यपालों की भूमिका तथा राज्य में विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय में राज्यपालों की भूमिका शामिल है।



### शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लॉन्च किया एनएटीएस 2.0 पोर्टल

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता और प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) 2.0 पोर्टल का शुभारंभ किया और डीबीटी मोड के माध्यम से प्रशिक्षुओं को 100 करोड़ रुपये का वजीफा वितरित किया। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एनएटीएस पोर्टल 2.0 अप्रेंटिसशिप को लोकतांत्रिक बनाने, कौशल अंतर को पाटने, युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## नेपाल में धर्मांतरण का धंधा चलाने वाले भवन पर चला बुलडोजर

एजेंसी

**काठमांडू।** कैलाली जिले के धनगढी में अस्पताल चलाने के लिए ली गई जमीन के भवन में चर्च की गतिविधियां चलाये जाने के आरोप में मंगलवार को प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया है। साथ ही प्रशासन ने अस्पताल चलाने की अनुमति लेने वाली संस्था और चर्च की गतिविधि करने वाली संस्था का प्रमाण पत्र खारिज कर दिया है। धनगढी उप महानगरपालिका के मेयर गोपाल हमाल ने बताया कि धनगढी के वार्ड नम्बर 6 में एक जमीन को किराए पर लेकर लेट मी इन नामक संस्था ने स्किन अस्पताल चलाने के लिए भवन का निर्माण किया था। यह कोरिया की संस्था है, जो नेपाल के काठमांडू सहित कई शहरों में स्किन अस्पताल का संचालन करती है।




## कांग्रेस ने घोटालों का हलवा खाया: अनुराग

**नयी दिल्ली।** भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बजट पर दिए भाषण की जोरदार आलोचना करते हुए कहा कि एलओपी का मतलब लीडर ऑफ प्रोपेगेंडा नहीं होता। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों के दौरान हुए घोटालों का हलवा कांग्रेस ने खाया है। ठाकुर ने पूछा कि बोफोर्स, एंट्रिक्स देवास, नेशनल हेराल्ड, सबमरीन, ऑगस्टा वेस्टलैंड, 2जी, कॉमनवेल्थ, कोयला, वाल्मीकि, चारा और यूरिया घोटाले का हलवा किसने खाया? ठाकुर ने जातिगत जणगणना की राहुल गांधी की मांग पर हमला करते हुए कटाक्ष भरी टिप्पणी की। इस पर सदन में कुछ देर हंगामा हुआ।



विपक्ष के नेता सदन के बीचोबीच आ गए। राहुल गांधी ने दो बार इस पर अपनी बात रखी। इस टिप्पणी पर सपा नेता अखिलेश यादव ने आपत्ति जताई। इस पर पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल ने कहा कि जाति का विषय होगा तो उसे कार्रवाई से हटा दिया जाएगा। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि दलितों, पिछलों की बात करने वाले को गालियां खानी पड़ती हैं।

### बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द : मीर

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पश्चिम बंगाल प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मंगलवार को कहा कि अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और राज्य इकाई के नए प्रमुख की नियुक्ति जल्द होगी। उनकी यह टिप्पणी कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा चौधरी सहित बंगाल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करने और राज्य में टीएमसी के साथ संबंधों सहित कई मुद्दों पर चर्चा करने के एक दिन बाद आई है।

मीर ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा हुई। वह (चौधरी) उस बैठक में शामिल थे, इसलिए मैंने सभी को सूचित किया कि आपको पता होना चाहिए कि चुनाव के बाद अधीर रंजन ने अपना इस्तीफा दे दिया था।

## सीतारमण ने विपक्ष की आलोचना के चक्रव्यूह को भेदा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2024-25 पर लोकसभा में मैराथन चर्चा का जवाब देते हुए देश की अर्थव्यस्था की स्थिति और बजट के प्रावधानों को लेकर विपक्ष की आलोचनाओं को भ्रामक करार देते हुए खारिज किया। उन्होंने कहा कि बजट पूर्णतः समावेशी और विकसित भारत की दिशा में निरंतर प्रगति का बजट है और इसमें हर वर्ग तथा हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है।

बजट पर सदन में 27 घंटे से ज्यादा चली चर्चा का करीब पौने दो घंटे के जोरदार जवाब में श्रीमती सीतारमण ने विपक्ष के हर आरोप का आंकड़ों के साथ जवाब दिया और कहा कि मोदी सरकार के दस साल के मजबूत आर्थिक प्रबंधन के चलते बजट में 48.21 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान करना

- **बजट में हर वर्ग और हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया : वित्त मंत्री**
- **उद्यमियों पर भी किया जा रहा हमला और फैलाई जा रही है नकारात्मकता**

संभव हुआ है जो कांग्रेस के नेतृत्व वाली दूसरी संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के आखिरी बजट के व्यय का करीब तीन गुना है। श्रीमती सीतारमण ने तुलनात्मक आंकड़ों को प्रस्तुत करते हुए कहा कि महंगाई पर नियंत्रण हो या राजकोषीय घाटे में कमी, पूंजीगत खर्च हो या रोजगार सृजन, क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का प्रदर्शन कांग्रेस नीत सरकारों से बेहतर रहा है।

उन्होंने कहा कि बजट भाषण में किसी राज्य के नाम का उल्लेख नहीं हो पाने का अर्थ यह नहीं है कि उसके लिए बजट में कुछ दिया

### 2009-10 के बजट भाषण में 26 राज्यों का नाम नहीं लिया गया था




ही नहीं गया है। उन्होंने 2009-10 के बजट भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें 26 राज्यों का नाम नहीं लिया गया था।

वित्त मंत्री अग्निवीर योजना और देश के उद्यमियों पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों द्वारा किए जा रहे हमलों को किसी षडयंत्र का हिस्सा बताते हुए कहा कि सेना की ताकत उसकी एकता और अनुशासन है, लेकिन विपक्ष अग्निवीर योजना पर जिस तरह लगातार बेबुनियाद हमला कर उसे कमजोर करने का प्रयास कर रहा है वह खेदजनक है और किन्हीं ताकतों का हिस्सा लगता है। उन्होंने कहा कि इसी तरह देश के उद्यमियों पर भी हमला किया जा रहा है और उद्यमियों के बारे में देश में नकारात्मकता फैलाई जा रही है। दुनिया को ऐसा संकेत दिया जा रहा है कि भारत निवेश के लिए अच्छी जगह नहीं है और यहां विदेश निवेशक सुरक्षित नहीं हैं।

उन्होंने बजट की छपाई के दौरान वित्तमंत्राल के अधिकारियों द्वारा हलवा समोराह को लेकर श्री राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर उन पर करारा हमला किया और कहा कि जिसे वह पद्मब्यूह बता रहे हैं वह विकसित भारत की वृहद योजना है। उल्लेखनीय है कि श्री गांधी ने सोमवार को बजट पर चर्चा के दौरान कहा था कि भाजपा का कमल पद्मव्यूह है जिससे देश को निकालना है।

## स्पीड न्यूज

### 30 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म कोटेशन गैंग



**मुंबई।** बॉलीवड अभिनेत्री सनी लियोनी की फिल्म कोटेशन गैंग, 30 अगस्त को रिलीज होगी। सनी लियोनी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म कोटेशन गैंग को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। पहले यह फिल्म जुलाई में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह फिल्म 30 अगस्त को रिलीज होगी। यह फिल्म तीन भाषा हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी। सनी लियोनी ने एक नया मोशन पोस्टर भी शेयर किया है। सनी लियोनी ने लिखा कि मुझे अनाउंस करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि कोटेशन गैंग 30 अगस्त को सिनेमाघरों में आ रही है। अपने यादगार सिनेमाई अनुभव के लिए तैयार हो जाइए।

### चीन में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग के उत्तरी और पश्चिमी जिलों में भारी वर्षा के लिए को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह करीब 10 बजे के बीच शहर में 42.9 मिलीमीटर औसत बारिश हुयी। सबसे अधिक बारिश चांगपिंग जिले में दर्ज की गई।

### चार नक्सली गिरफ्तार दो ने किया समर्पण

**बीजापुर।** बस्तर में मंगलवार को पुलिस ने चार वांटेड माओवादियों को गिरफ्तार किया। इनमें तीन नक्सली विस्फोट की घटनाओं में शामिल रहे हैं। जबकि चौथा नक्सली माओवादियों का मुखबिर है। वहीं, कवर्धा में छत्तीसगढ़ सरकार के पुनर्वास नीति के तहत दो हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। बीजापुर में गिरफ्तार किए गए नक्सलियों में माओवादी भीमा करम उर्फ दुम्मा, जोगा कलमू उर्फ बेतिया और सुक्कू करम उर्फ सन्नू शामिल हैं। कवर्धा में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 10 लाख का इनामी लक्ष्मण मरकाम और 15 लाख का इनामी माओवादी भीमा उर्फ अशोक शामिल है।

### तमिलनाडु में भूस्खलन से तीन लोगों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कोयंबटूर जिले के वालपराई और पोलाची में मंगलवार सुबह भूस्खलन से तीन लोगों की मौत हो गयी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों को तीन-तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। वालपराई क्षेत्र में सुबह करीब चार बजे भूस्खलन होने से घर में सो रही एक महिला राजेश्वरी उर्फ मुथु (57) और एक किशोरी धनप्रिया (15) की मौत हो गई। दूसरी घटना में हरिहरसूदन की उस समय मौत हो गई, जब घर की दीवार का एक हिस्सा ढहकर उसके घर पर गिर गया।

### जम्मू कश्मीर के बजट खर्च को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा ने केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू कश्मीर के लिए वर्ष 2024-25 के अनुदान मांगों और उससे संबंधित विनियोग विधेयक संख्या (3) को ध्वनिमत से पारित कर दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2024-25 के साथ जम्मू कश्मीर के लिए अनुदान मांगों और तत्संबंधी विनियोग विधेयक को रखा था। वित्त मंत्री ने अनुदान जम्मू कश्मीर विनियोग विधेयक (3) को पारित कराने के लिए प्रस्तुत किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी। राष्ट्रपति को जम्मू कश्मीर के लिए समेकित निधि से चालू वित्त वर्ष के लिए अनुदान की मदों के अनुसार धन खर्च करने मंजूरी मिल गई।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !